राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 मेहुल चोकसी ने बेल्जियम कोर्ट में दायर की नई याचिकाए........

कनाडा चंव्हनाव 2025: मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी चौथी बार....... 12

वर्ष : 15 | अंक : 351 | नई दिल्ली, गुरूवार, 01 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C


**बाजार**
सोना 80,405
चांदी 1,1000
सेंसेक्स 80,220
निफ्टी 24,472

# मध्य कोलकाता में ॠतुराज होटल आग लगने से 14 लोगों की मौत

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता। मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ॠतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्लमंगलवार रात ॠतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है ह्व मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा, परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। श्री वर्मा ने कहा, अगर कोई लापरवाही





या गड़बड़ी सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर दस दमकल गाड़ियां भेजी गईं। करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद भी दमकल ने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य अभी भी जारी है। गौरतलब है कि यह होटल सेंट्रल एवेन्यू और बिधान सरानी को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित है और यह काफी भीड़भाड़ वाला मार्ग है। महापौर फिरहाद हकीम ने मंगलवार रात को ही घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, आग दूसरी मंजिल पर लगी और तेजी से इमारत की दूसरी मंजिलों तक फैल गई। दमकलकर्मी फिलहाल प्रभावित इलाकों को ठंडा करने में लगे हैं, ताकि बचाव अभियान सुरक्षित तरीके से जारी रखा जा सके। एक फॉरेंसिक टीम के घटनास्थल पर आने की उम्मीद है, और उनकी जांच के बाद ही आग का सही कारण पता चल पाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पहलगाम आतंकवादी हमले पर गुटेरेस ने की जयशंकर और शरीफ से बात

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है। महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं। उन्होंने तनाव कम करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपना सहयोग देने की पेशकश की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की यह बातचीत कल रात हुई।

# विशाखापत्तनम के सिंहाचलम मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत, पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली, एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्थित प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर सिंहाचलम में बुधवार तड़के टिकट खरीदने के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं पर दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि गंधमावस्या पर प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी के दर्शन के लिए 300 रुपये का टिकट खरीदने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु कतार में खड़े थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान पट्टी दुर्गा स्वामी नायडू (32), येदला वेंकट राव (48), मुम्मापटला मणिकांठा (28), गुज्जरी महालक्ष्मी (65), पैला वेंकट रत्नम (45), पिल्ला उमामहेश्वर राव (30) और पिल्ला शैलजा (26) के रूप में हुई है। मृतकों में से सॉफ्टवेयर इंजीनियर पिल्ला उमामहेश्वर राव, उनकी पत्नी पिल्ला शैलजा, उनकी मां पिल्ला पैला वेंकटरत्नम और उनकी चाची जी महालक्ष्मी एक ही परिवार के सदस्य थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आधी रात के बाद हजारों लोग पहाड़ी मंदिर में पहुंचने लगे और विशेष दर्शन के लिए टिकट खरीदने के लिए लंबी कतार में लग गए। इस दौरान भारी बारिश के साथ तूफान आया, जिसके कारण 20 फुट लंबी दीवार का एक हिस्सा गिर गया।



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य की गृह मंत्री वी अनिता, जिला कलेक्टर एम. एन, हरेंधीरा प्रसाद, पुलिस आयुक्त शंखब्रत बागची, सांसद एम श्रीभारत मौके पर पहुंचे। वहीं, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम ने पीड़ितों को मलबे से निकाला और उन्हें अस्पतालों में पहुंचाया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख और सदमे का इजहार किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आभासी माध्यम से बात कर घायलों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई जानमाल की हानि से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने चंदनोत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के दर्शन के लिए कतार में इंतजार कर रहे सात लोगों की दीवार गिरने से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और जिला प्रशासन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया।

**मोदी ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही मृतक और घायलों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के बयान के हवाले से बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई मौतों से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके अलावा घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत 8 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया था। साथ ही उन्होंने इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर लिखा, श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी के चंदनोत्सव के दौरान दीवार गिरने से श्रद्धालुओं की मौत से मैं बहुत दुखी हूं। भारी बारिश के कारण दीवार गिरने से हुई इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैंने वहां के हालात के बारे में जिला कलेक्टर और एसपी से बात की है। मैंने घायलों को इलाज मुहैया कराने के आदेश दिए हैं। मैं समय-समय पर स्थिति की समीक्षा कर रहा हूं। बुधवार को शुरू होने वाले वार्षिक उत्सव चंदनोत्सवम के दौरान दर्शन के लिए टिकट खरीदने के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं पर दीवार गिर गई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के जवान मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा अन्य विभागों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया।

अधिकारियों ने बताया कि मलबे से आठ शवों को निकाला गया और किंग जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया। मृतकों में पांच पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने श्रद्धालुओं की दुखद मौत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया। इसे हृदय विदारक घटना बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को इस तरह दुखद तरीके से अपनी जान गंवानी पड़ी।

# मोदी अगले दो दिन तीन राज्यों के दौरे पर

**58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे**

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) और शुक्रवार को केरल में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय गहरा पानी बहुउद्देशीय बंदरगाह का उद्घाटन करेंगे। एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले दो दिन में आंध्र प्रदेश सहित तीन राज्यों के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे तीनों राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को यहां पहले विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ लाएगा। वेव्स 2025 की टैगलाइन है कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी होगी, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल होंगे। केरल में 8,900 करोड़ रुपये की लागत वाला बंदरगाह देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है, जो विकसित भारत के एकीकृत दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में भारत के समुद्री क्षेत्र में की जा रही परिवर्तनकारी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि देश भर में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और संपर्क सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी आंध्र प्रदेश में सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह संपर्क बढ़ाने और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। अन्य परियोजनाओं के अलावा वह आंध्र प्रदेश के नागयालंका में लगभग 1,460 करोड़ रुपये की लागत वाली मिसाइल परीक्षण रेंज की आधारशिला भी रखेंगे। इसमें एक प्रक्षेपण केंद्र, तकनीकी उपकरण सुविधाएं, स्वदेशी रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम शामिल होंगे जो देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगे। वह विशाखापत्तनम के मधुरवाड़ा में पीएम एकता मॉल की आधारशिला रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना, मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करना, एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना, ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाना और स्वदेशी उत्पादों की बाजार में उपस्थिति बढ़ाना है।

# एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी होंगे नए वायु सेना उप प्रमुख, सेना को मिला नया उत्तरी कमांडर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। चार दशकों का शानदार करियर पूरा करने के बाद आज लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने भारतीय सेना की उत्तरी कमान की कमान छोड़ दी। अब सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख अब लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा होंगे। सेना की इस कमान पर चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी है। साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन बदलावों से भारतीय सेना और वायु सेना की संचालन क्षमता और सामरिक ताकत में और वृद्धि होगी। उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने सेवानिवृत्त होने और कमान छोड़ने पर उधमपुर के ध्रुव युद्ध स्मारक में बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। कमान के सैन्य अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। भारतीय सेना ने उनके अनुकरणीय नेतृत्व, अत्यंत व्यावसायिकता और राष्ट्र के प्रति बेदाग सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है। चीन व पाकिस्तान से लगती सीमा पर ऑपरेशंस के लिए जिम्मेदार थल सेना की नॉर्दन कमांड का नया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को बनाया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा को चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर ऑपरेशन का नेतृत्व करना होगा, जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) हैं और डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस रह चुके हैं। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायु सेना के नए उप प्रमुख होंगे। वह एयर मार्शल एसपी धारकर का स्थान लेंगे, जो 40 से अधिक वर्षों के शानदार करियर के बाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए हैं। एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं।

# कैबिनेट : मेघालय और असम के बीच हाई-स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने मेघालय के मावलिंग्खुंग से असम के पंचग्राम तक 166.80 किमी लंबे ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर (एनएच-6) की मंजूरी दे दी है। परियोजना मेघालय में 144.80 किमी और असम में 22.00 किमी शामिल है। परियोजना की कुल पूंजी लागत 22,864 करोड़ रुपये आंकी गई है। परियोजना प्रमुख परिवहन मार्गों जैसे एनएच-27, एनएच-106, एनएच-206 और एनएच-37 के साथ एकीकृत होगी। इससे गुवाहाटी, शिलांग, सिलचर, डिएंगपासोह, उमलुंग, फ्रमर, ख्लियरियात, रताचेरा, उमकियांग और कलैन को निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने उक्त फैसले को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगी, जिससे उद्योगों का विकास होगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पहलगाम आतंकी हमला : पीएम मोदी के आवास पर हुई सीसीएस बैठक, उठाया जा सकता है बड़ा कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को उनके आवास पर हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक समाप्त हो गई है। सूत्रों के अनुसार, दोपहर 3 बजे एक प्रेस ब्रीफिंग होगी, जिसमें सीसीएस की बैठक में लिए गए बड़े फैसलों की घोषणा की संभावना है। यह महत्वपूर्ण बैठक 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा स्थिति और भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा पर निर्णय लेने वाली शीर्ष समिति की बैठक प्रधानमंत्री के आवास पर दूसरी बार बुलाई गई थी। सीसीएस की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल थे। इस बैठक के बाद राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीपीए) और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठकें हुईं। सरकार दोपहर 3 बजे मीडिया से मुलाकात करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बैठक है, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। पिछले हफ्ते मंत्रिमंडल की कोई बैठक नहीं हुई थी और केवल 23 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) की बैठक हुई थी, जिसमें आतंकी हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई पहली सीसीएस बैठक में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए। इनमें सिंधु जल समझौते को निलंबित करना, अटारी सीमा को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना, उनके कई यूट्यूब चैनल और एक्स हैंडल पर पाबंदी लगाना शामिल है। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश लौटने का भी निर्देश दिया गया था। सीसीएस पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए उपलब्ध सैन्य विकल्पों पर भी विचार कर सकती है।

**जनगणना** | **अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की है..................**

# जनगणना में होगी जातियों की गणना, कैबिनेट का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने का फैसला किया है। मोदी कैबिनेट ने बुधवार को यह फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जातियों की गणना जनगणना में होगी। सरकार ने जानकारी दी कि अगली जनगणना में जातियों की भी गणना होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट मीटिंग हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जातियों का इस्तेमाल वोट बैंक के लिए किया है। बता दें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विपक्षी पार्टियों के नेता लगातार सरकार से देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं।

**जाति जनगणना को लेकर सरकार ने विपक्ष पर साधा निशाना**

राष्ट्रीय जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ‍ॅकांग्रेस सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया है। 2010 में दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश




की है। इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया। यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण किए हैं। जबकि कुछ राज्यों ने यह अच्छा किया है, कुछ अन्य ने केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में संदेह पैदा किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति से हमारा सामाजिक ताना-बाना खराब न हो, सर्वेक्षण के बजाय जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

**सीसीपीए ने लिया जाति जनगणना कराने का फैसला**


राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी यानी सीसीपीए ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। सीसीपीए को 'सुपर कैबिनेट' भी कहा जाता है। इसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रमुख मिनिस्टर्स शामिल होते हैं। सीसीपीए के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल जैसे मंत्री भी सीसीपीए में शामिल हैं।

**जातिगत जनगणना क्या है?**

दरअसल, जातिगत जनगणना का मतलब है जब देश में जनगणना की जाए तो इस दौरान लोगों से उनकी जाति भी पूछी जाए। सीधे शब्दों में कहें तो जाति के आधार पर लोगों की गणना करना ही जातीय जनगणना है। राज्य की बात करें तो बिहार में जातिगत जनगणना कराई गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस की विक्टरी डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ मई को रूस की विक्टरी डे परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ पर यह परेड आयोजित की जाएगी। रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉस्को में आयोजित होने वाली परेड के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भारत ने रूस को बताया कि सिंह इसमें शामिल होंगे। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री को मॉस्को में इस परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। रूसी पक्ष को पहले ही बताया गया था कि भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्री सिंह करेंगे। रूस ने इस वर्ष परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। मोदी पिछले साल राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन और कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दो बार रूस गए थे। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार मई को होगी नीट की प्रवेश परीक्षा

**हरिद्वार, एजेंसी।** चार मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के संबंध में जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। जिला अधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर सभागार में इस संबंध में बैठक ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के प्रभारियों व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था व परीक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं के बारे में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि परीक्षार्थियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। साथ ही स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष तरीके से परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिले में नीट यूजी के 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से रुड़की में सात केंद्र बनाए गए हैं। हरिद्वार में पांच केंद्र बनाए गए हैं। इन 12 केंद्रों में करीब पांच हजार बच्चे एग्जाम देंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य का सवाल है। इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा नीट यूजी चार मई को जिले के अपराह्न 2ः05 से 5ः00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस मौके पर नोडल अधिकारी हरिद्वार तरुणा कौर, नोडल अधिकारी रुड़की चंद्र शेखर भट्ट, सुबोध कुमार, रीनू सैनी, अजय कौशिक, मनोज कुमार सैनी, गिरीश कुमार अवस्थी, नवीन कुमार, पूनम राणा आदि मौजूद रहे।

### चंडी घाट की बस्तियों में चलाया अभियान, 655 का सत्यापन

**श्यामपुर, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने चंडी घाट क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। खस्ता बस्ती और सपेरा बस्ती में 655 लोगों का सत्यापन किया गया। ड्रोन से पूरे क्षेत्र की निगरानी करते हुए मैप तैयार किया गया। सोमवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर श्यामपुर पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाते हुए खस्ता और सपेरा में लोगों के दस्तावेजों को जांचा। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ड्रोन से पूरे अभियान पर नजर रखी गई। जिन व्यक्तियों के दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके, उन 15 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

### युवक पर चाकू से किया हमला, बचाव में आए व्यक्ति पर भी किए वार

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव कराने के लिए आए एक अन्य युवक पर भी वार कर दिए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, नसीम पुत्र हमीद निवासी मोहल्ला कस्साबान ज्वालापुर ने शिकायत देकर बताया कि दिलशाद उर्फ हाथी निवासी नहर की पटरी कस्साबान पिछले कई दिनों से शराब के नशे में उसे व उसके भाई सलीम को जान से मारने की धमकी दे रहा है। 26 अप्रैल की रात कस्साबान की पुलिया पर दिलशाद ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी है। उसे अनदेखा कर वह निकल गया। आरोप है कि उसका भाई सलीम जब नहर की तरफ से घर आ रहा था तो दिलशाद ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू से कई वार किए। बीच-बचाव कराने आए शोएब पुत्र इरफान पर भी चाकू से वार कर दिया।

### पेंशन व एरियर भुगतान के लिए कार्य बहिष्कार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पेंशन, एसीपी और एरियर भुगतान समेत विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन ने कार्य बहिष्कार कर जल संस्थान कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने जलकल अभियंता पर संगठन से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन सहित एसीपी, एरियर भुगतान की कार्रवाई में देरी करने का आरोप लगाया। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जल संस्थान कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों ने जलकल अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र सेमवाल ने कहा कि अधिष्ठान अनुभाग से सेवानिवृत्त हुए राजेंद्र कोठारी, मेहरबान सिंह और राजेंद्र पंत को लंबे समय बाद भी पेंशन का लाभ नहीं मिला है।

## राजाजी नेशनल पार्क की शोभा बढ़ाएंगे कॉर्बेट के 5 टाइगर, तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भेजा गया आखिरी नर बाघ



**रामनगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और राजाजी नेशनल पार्क के बीच चल रहा बाघ पुनर्स्थापन प्रोजेक्ट आज सफलतापूर्वक पूरा हो गया है. इस परियोजना के तहत कॉर्बेट से पांचवें और आखिरी बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेज दिया गया है. इस दौरान गर्मजोशी, तालियों की गड़गड़ाहट और गर्व के साथ कॉर्बेट की रेस्क्यू टीम ने पांचवें बाघ को विदा किया.

साल 2020 में शुरू हुई थी बाघ पुनर्स्थापन परियोजनाः दरअसल, पार्क प्रशासन और वन महकमे की मानें तो राजाजी नेशनल पार्क के पश्चिमी क्षेत्र में बाघों की संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही थी. हालांकि, वहां प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन बाघों की अनुपस्थिति जैव विविधता के संतुलन को प्रभावित कर रही थी. इस स्थिति को सुधारने के लिए साल 2020 में उत्तराखंड वन विभाग ने बाघ पुनर्स्थापन परियोजना की शुरुआत की.

पहले भेजा जा चुके 1 नर और 3 मादा बाघः इस परियोजना का उद्देश्य कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से स्वस्थ बाघों को राजाजी नेशनल पार्क के उस हिस्से में स्थानांतरित करना था, जहां उनकी संख्या बेहद कम थी. अब तक कॉर्बेट के अलग-अलग नॉन-टूरिज्म एरिया से चार बाघों (1 नर और 3 मादा) को सफलतापूर्वक राजाजी नेशनल पार्क स्थानांतरित किया जा चुका था.

पांचवें नर बाघ को भी भेजा गयाः अब इस परियोजना का अंतिम चरण तब पूरा हुआ, जब पांचवें बाघ (5 साल नर बाघ) को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज के सांवल्दे नॉन-टूरिज्म क्षेत्र से ट्रेंकुलाइज किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे सैटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाया गया, फिर राजाजी नेशनल पार्क भेज दिया गया.

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारत सरकार के सहयोग से इस प्रोजेक्ट को अंजाम दिया गया. यह एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे न केवल राजाजी में बाघों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि वहां की जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत होगा. - डॉ. साकेत बडोला, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

राजाजी नेशनल पार्क के पश्चिमी हिस्से में छोड़ा जाएगा बाघः राजाजी नेशनल पार्क के जिस पश्चिमी हिस्से में इस बाघ को छोड़ा जाएगा, वहां पहले से ही उपयुक्त वन क्षेत्र, पर्याप्त शिकार और जल स्रोत मौजूद हैं. वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि यह क्षेत्र बाघों के लिए आदर्श है, लेकिन केवल जनसंख्या की कमी से वो अपनी पूरी पारिस्थितिकीय भूमिका नहीं निभा पा रहा था. वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सैटेलाइट रेडियो कॉलर के जरिए इस बाघ की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी. ताकि, वो पार्क में सही से समायोजित हो सके. इस पूरे स्थानांतरण के दौरान पशु चिकित्सकों, रेस्क्यू टीम, वन रेंज अधिकारियों और बाघ विशेषज्ञों की टीम ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि बाघ को कोई तनाव न हो और उसकी सुरक्षा में कोई चूक न हो.

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों की भरमारः गौर हो कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व बाघों को उच्चतम घनत्व वाली जगहों में गिना जाता है. यहां बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे अन्य इलाकों को बाघ भेजना संभव हो पाया है. वहीं, राजाजी पार्क को भी अब बाघों की नई आबादी मिलने से वहां वन्य पर्यटन और जैविक विविधता में नया जीवन मिलने की उम्मीद है.




## टिहरी में 50 बेड के आयुष अस्पताल को लेकर पूर्व और वर्तमान बीजेपी विधायक में महाभारत

**टिहरी, एजेंसी।** जाखणीधार के जेलम लामणीघार गांव में स्वीकृत 50 बेड के आयुष अस्पताल का काम बंद हो गया है. इसे लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक धन सिंह नेगी अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर हो गए हैं. इसी कड़ी में पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, स्थानीय जनता के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने नई टिहरी जिला मुख्यालय पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों का समर्थन किया. उनका कहना है कि 4 करोड़ रुपए खर्च करने बाद अब अस्पताल को शिफ्ट करने की कवायद की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है. उधर, मामले में वर्तमान बीजेपी विधायक किशोर उपाध्याय ने सफाई दी है. दरअसल, टिहरी विधानसभा क्षेत्र के जाखणीधार के जेलम लामणीघार में 50 बेड का आयुष अस्पताल स्वीकृत है. आरोप है कि अब अस्पताल को दूसरी जगह बनाने की कोशिश की जा रही है. इसे लेकर ग्रामीण विरोध में उतर गए हैं. इसी कड़ी में टिहरी से पूर्व बीजेपी विधायक धन सिंह नेगी भी स्थानीय जनता के समर्थन में आए. उन्होंने जिला मुख्यालय टिहरी पहुंच कर धरने को समर्थन दिया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा. उन्होंने वर्तमान बीजेपी विधायक पर भी आरोप लगाया.

## चारधाम यात्रा...900 वाहनों के लिए पार्किंग तैयार, आईडीपीएल और ट्रांजिट कैंप में मिलेगी सुविधा



**ऋषिकेश, एजेंसी।** ऊर्जा निगम की ओर से 100 बिजली के पोल लगाकर बिजली की व्यवस्था की गई है। जबकि जल संस्थान की ओर से पानी की व्यवस्था की गई है। चारधाम यात्रियों के वाहनों को पार्क करने के लिए प्रशासन ने आईडीपीएल क्षेत्र में तीन पार्किंग तैयार की हैं। वहीं एक पार्किंग ट्रांजिट कैंप में भी है। इन चारों पार्किंग में करीब 900 छोटे-बड़े वाहन पार्क हो सकेंगे। प्रशासन की ओर से पार्किंग स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से आईडीपीएल क्षेत्र में बनाई गई पार्किंगों में बिजली, पानी, शौचालय और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। ऊर्जा निगम की ओर से 100 बिजली के पोल लगाकर बिजली की व्यवस्था की गई है। जबकि जल संस्थान की ओर से पानी की व्यवस्था की गई है। नगर निगम प्रशासन को सफाई की जिम्मेदारी दी गई है। आईडीपीएल की दो पार्किंग में 200-200 और तीसरी पार्किंग में 150 वाहनों की क्षमता है। आईडीपीएल में कुल 550 छोटे-बड़े वाहन पार्क हो सकते हैं। हाईवे से आईडीपीएल पार्किंग स्थल तक पहुंचने के लिए प्रशासन की ओर से सूचना पट्ट लगाए गए हैं। वहीं ट्रांजिट कैंप में भी 200 छोटे और 150 बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है।

### चप्पल पहनकर आग बुझा रहे फायर वॉचर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लैंसडोन वन प्रभाग अंतर्गत लालढांग रेंज में वन विभाग की ओर से तैनात फायर वॉचर चप्पल पहनकर जंगल की आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। विभाग की ओर से उन्हें सामान्य सुरक्षा उपकरण भी नहीं उपलब्ध कराए गए हैं। लालढांग रेंज में करीब तीन महीने के लिए वन विभाग की ओर से फायर वॉचर रखे गए हैं। जंगलों में आग बुझाने के लिए भूख लगने पर वन विभाग की ओर से इनके लिए गुड़ और चना आदि की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इन कर्मियों को खराब गुड़ दिया गया है। उनके पास आग से बचाव के लिए पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ फायर वॉचरों ने बताया कि वे बीते चार दिनों से सीला, फेडवा के जंगलों में लगी आग को बिना सुरक्षा उपकरण हेलमेट, ड्रेस, जूतों के आग बुझा रहे हैं। खाने के लिए खराब गुड़ दिया है। यह गुड़ पत्थर से भी नहीं टूट रहा है। अधिकारियों को उपकरणों के लिए कई बार कह दिया है। अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

## सोनप्रयाग, पांडुकेश्वर, हिना और बड़कोट में होगी पंजीकरण की चेकिंग, ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों सुविधा



**चमोली, एजेंसी।** चारधाम यात्रा मार्ग पर इस बार कैमरों की कवरेज भी बढ़ाई गई है। मार्ग और धामों में कुल 624 सीसीटीवी कैमरे सक्रिय कर दिए गए हैं। इनमें सबसे अधिक 120 कैमरे रुद्रप्रयाग जिले में लगे हैं। इनके माध्यम से सीधे कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है।

चारधाम यात्रा में बिना पंजीकरण के आम पर्यटकों को चारधाम जाने की अनुमति नहीं होगी। यात्रा के लिए प्रत्येक तीर्थयात्री को पंजीकरण करना अनिवार्य है। चारधामों के यात्रा मार्ग सोनप्रयाग, पांडुकेश्वर, हिना और बड़कोट में पंजीकरण की चेकिंग की जाएगी।

प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण को अनिवार्य किया है। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पंजीकरण की सुविधा दी है। लेकिन पंजीकरण की अनिवार्य सिर्फ चारधाम यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए है। सचिव मुख्यमंत्री व गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा के अलावा अन्य पर्यटक स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य नहीं है।

## जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर 1.10 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**ऋषिकेश, एजेंसी।** सौरभ ने पुलिस को बताया था कि नईम अब्बास व जब्बार हुसैन ने रामनगर डांडा रानीपोखरी में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर उससे 1.10 करोड़ रुपये हड़प लिए।

जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ रानीपोखरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

राजीव नगर देहरादून निवासी सौरभ ने रानीपोखरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सौरभ ने पुलिस को बताया था कि नईम अब्बास व जब्बार हुसैन निवासी नेहरू कॉलोनी देहरादून, उस्मान निवासी क्लेमेंटटाउन व राजेंद्र सिंह सोलंकी निवासी रामनगर डांडा रानीपोखरी ने रामनगर डांडा रानीपोखरी में जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर उससे 1.10 करोड़ रुपये हड़प लिए। आरोप लगाया कि न तो अभी तक न तो रजिस्ट्री हुई न ही रकम लौटाई जा सकी। थानाध्यक्ष विकेंद्र चौधरी ने बताया कि शिकायत पर तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### समस्याओं के निस्तारण के लिए निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर में छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए विवि के निदेशक प्रो. एमएस रावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। छात्रों ने ज्ञापन में बताया कि विवि परिसर में सुविधा घरों और शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। विवि परिसर में गंदगी फैली हुई है। छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर भी नहीं भेजा जाता है। वहीं परिसर में सैनेट्री पैड वेंडिंग मशीन की व्यवस्था नहीं है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विवि में विभिन्न कार्यशालाओं का भी आयोजन होना चाहिए। साथ ही छात्रों की समस्या के लिए सुझाव पेटी की व्यवस्था होनी चाहिए।

## गंगनहर में डूब रहा था वंश, बचाने कूदी दो सगी बहनें; भाई तो बच गया लेकिन तेज बहाव में लापता हो गईं दोनों



**हरिद्वार, एजेंसी।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर में डूब रहे अपने भाई को बचाने के प्रयास में दो सगी बहनें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई। तीनों बहन भाई अपने मां के साथ गंगनहर में नहाने गए थे। पीड़ित परिवार मूल रूप से मथुरा उत्तर प्रदेश का निवासी है। जल पुलिस की टीमें दोनों बहनों की तलाश में जुटी हैं।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम भीमनगर थाना फरहा, जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) निवासी राजेश की पुत्री ईशा (14) और मनीषा (15), जो वर्तमान में सलेमपुर क्षेत्र में रह रहे हैं, रविवार सुबह अपने छोटे भाई वंश (13) और मामा रवि के साथ भाईचारा पिकेट के पास गंगनहर पर बने छठ घाट पर नहाने आई थीं।

नहाते समय अचानक वंश गंगनहर के तेज बहाव में बहने लगा। वंश को बचाने के प्रयास में उसकी दोनों बहनें भी बहाव की चपेट में आ गईं। वंश किसी तरह पानी से बाहर निकल आया, लेकिन ईशा और मनीषा गहरे पानी में डूब गईं और तेज धारा में बह गईं।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी गैस प्लांट मय फोर्स मौके पर पहुंचे और तत्काल सिटी कंट्रोल रूम तथा जल पुलिस को भी सूचित किया गया। जल पुलिस की टीमें गंगनहर में दोनों बालिकाओं की तलाश में जुटी हैं।

## रुद्रपुर दोहरा हत्याकांड : 15 मिनट तक पिता को तड़पते देखा, भाई गोली लगते ही हुआ निढाल

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** ऊधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर की गल्ला मंडी में रविवार देर रात अपनी दुकान पर हो रहे अवैध कब्जे का विरोध करने पर पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बड़े बेटे पर भी गोली चलाई लेकिन उसने भागकर अपनी जान बचा ली।

सुरेंद्र सिंह संधू उर्फ हनी की आंखों के सामने बार-बार पिता और छोटे भाई की हत्या का मंजर घूम रहा है। बताया कि सीने में गोली लगने से उनका छोटा भाई निढाल होकर जमीन पर गिर पड़ा, जबकि पिता को उसने 15 मिनट तक तड़पते देखा।

सोमवार को गल्ला मंडी में हुए गोलीकांड में बच निकले सुरेंद्र सिंह संधू उर्फ हनी ने आपबीती बयां की। उन्होंने कहा कि अंदेशा भी नहीं था कि अवैध कब्जा करने के लिए आए लोगों के पास असलहे भी थे। उन्होंने भाई के बाद पिता को गोली मारी और फिर उन पर भी फायर किया था। अगर जान बचाकर नहीं भागता तो आज वह भी जिंदा नहीं होता। वहां दो भाइयों के अलावा करीब 12 से 15 लोग मौजूद थे। कई लोगों ने तो चेहरे ढके हुए थे।

हनी ने बताया कि गोलीकांड करने के बाद वे भागना शुरू हो गए थे। पूरी तैयारी के लिए सभी लोग वहां पहुंचे थे। दुकान को जेसीबी से तोड़कर सामान ले जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली भी लाई गई थी। कहा कि उन्होंने दुकान नीलामी में वैध प्रक्रिया से खरीदी थी। लेकिन दूसरा पक्ष उन पर पंचायत करने का दबाव बना रहा था और उन्होंने इन्कार कर दिया था।

कहा कि आरोपियों ने 15 से 20 दिन पहले अदालत परिसर में दुकान नहीं छोड़ने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। उन्होंने इस बात का अंदेशा नहीं था कि ये लोग दुकान की खातिर उनके पिता और भाई की जान ले लेंगे।

गोलीकांड में जान गंवाने वाले गुरमेज सिंह कृषि यंत्रों की मरम्मत भी करते थे। उन्होंने मुख्य बाजार में एक दुकान में दस साल तक काम किया था। सारी बारीकियां समझने के बाद उन्होंने गल्ला मंडी में किराये पर दुकान ली थी और दो बेटों के साथ उसका संचालन कर रहे थे। उनका परिवार कई साल पहले लुधियाना से आया था। घटना की सूचना मिलने पर लुधियाना सहित अन्य जगहों से रिश्तेदारों के पहुंचने लगे हैं। जानकारी के अनुसार मनप्रीत सिंह अविवाहित था और सुरेंद्र सिंह की भी शादी नहीं हुई है।

दोहरे हत्याकांड की वजह बनी दुकान पर अवैध कब्जा करने का ठेका दिया गया था। बताया जा रहा है कि आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति ने रुद्रपुर और बिलासपुर से लोगों को बुलाया था। उनकी योजना दुकान का सामान जब्त कर विवादित करने की थी लेकिन गुरमेज और परिवार ने साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने मुखर विरोध किया तो गुरमेज और मनप्रीत को जान गंवानी पड़ी। पुलिस सभी लोगों को पकड़ने में जुटी है। गल्ला मंडी में रविवार देर रात अपनी दुकान पर हो रहे अवैध कब्जे का विरोध करने पर पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बड़े बेटे पर भी गोली चलाई लेकिन उसने भागकर अपनी जान बचा ली। दोहरे हत्याकांड की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

## नारसन बॉर्डर पर पहले दिन बने 85 ग्रीन कार्ड, अतिरिक्त स्टाफ की होगी तैनाती

**हरिद्वार, एजेंसी।** 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को लेकर नारसन बॉर्डर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को पहले दिन 85 ग्रीन कार्ड जारी हुए। प्रत्येक दिन सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। मंगलवार को बॉर्डर पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

चारधाम यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के नारसन बॉर्डर पर परिवहन विभाग की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। चेक पोस्ट पर पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यहां बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। एआरटीओ केसी पलड़िया ने बताया कि नारसन चेक पोस्ट पर ग्रीन कार्ड बनने का काम शुरू हो गया है। रोजाना सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक ग्रीन कार्ड बनाए जा रहे हैं। चेक पोस्ट पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। परिवहन विभाग के कर्मचारियों के अलावा पीआरडी जवानों को भी तैनात किया गया है।

# रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन दौड़ को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरी झंडी दिखाई

●सीएम ने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन से हमारे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी

● केंद्रीय मंत्री ने कहा- देश की प्रगति और आर्थिक विकास के लिए वन नेशन वन इलेक्शन समय की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित ह्वरन फॉर वन नेशन वन इलेक्शनह्ल दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी एवं भाजपा नेता बबीता फोगाट और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौड़ में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा। युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया। यह केवल एक दौड़ नहीं है, यह एक सपना और एक विश्वास है कि हम मिलकर देश की चुनावी व्यवस्था में बदलाव ला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्ववन नेशन वन इलेक्शनह्ल एक ऐसा समाधान है, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है। वर्तमान में, चुनाव अक्सर होते रहते हैं, कभी एक राज्य में, कभी दूसरे राज्य में। इन चुनावों में बहुत सारा पैसा खर्च होता है, जो लोगों द्वारा दिए गए टैक्स से आता है। अगर सभी चुनाव एक ही समय पर हों, तो हम इस पैसे को बचा सकते हैं और इसका इस्तेमाल देश के विकास के लिए कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्ववन नेशन वन इलेक्शनह्ल विजन को एक बड़ा जन-आंदोलन बनाएं ताकि आने वाली पीढ़ियां एक संगठित, सशक्त और विकसित भारत को देखें। एक राष्ट्र, एक चुनाव सशक्त लोकतंत्र की ओर संगठित कदम है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत की प्रगति और आर्थिक विकास के लिए ह्ववन नेशन वन इलेक्शनह्ल समय की मांग है। अगर हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखते हैं, तो हर पांच साल में एक बार चुनाव कराने से देश विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेगा और विकास को गति दे सकेगा।

## यमुना बाढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण की गई 24 एकड़ भूमि वापस ली गई : डीडीए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, ।दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया है कि उसने यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करने के उसके प्रयासों के तहत ह्वयमुना वनस्थली परियोजना क्षेत्रह्ल में जनवरी से अप्रैल तक 24 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त कर लिया है। यमुना वनस्थली योजना, यमुना के पूर्वी तट पर बाढ़ क्षेत्र की बहाली की परियोजनाओं में से एक है, जो वजीराबाद बैराज से लेकर आईएसबीटी ब्रिज तक 236.5 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। डीडीए ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा, एनजीटी के निदेशों के अनुपालन में डीडीए बाढ़ क्षेत्रों में अतिक्रमणकारियों से भूमि वापस लेने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस न्यायाधिकरण के अंतिम आदेश (16 जनवरी) के बाद से डीडीए ने हाल ही में यमुना वनस्थली परियोजना क्षेत्र में 24 एकड़ भूमि वापस ले ली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि डीडीए लगातार अतिक्रमण हटाने के प्रयास कर रहा है, लेकिन कभी-कभी ध्वस्तीकरण अभियान के बाद क्षेत्र की सुरक्षा या वहां बाड़ लगाना कठिन हो जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, इस प्रकार कुछ स्थानों पर पुनः अतिक्रमण हो जाता है, जिसे पुनः हटा दिया जाता है। डीडीए रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्राधिकारी जमीनी हकीकत जानने की प्रक्रिया पूरी करने में जुटे हैं। डीडीए ने कहा, जब तक संबंधित संभागीय आयुक्त द्वारा जमीनी सत्यापन का कार्य पूरा नहीं कर लिया जाता, तब तक अगला कदम, यानी यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र का सीमांकन करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती।

## संक्षिप्त खबरें

### एसीबी ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

नई दिल्ली, । भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,748 कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसीबी ने एक बयान में कहा कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए थे। बयान के अनुसार, कथित तौर पर प्रत्येक कक्षा का निर्माण 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है। बयान के मुताबिक, यह कार्य कथित तौर पर आप से जुड़े ठेकेदारों को सौंपा गया था।

### जेएमआई ने देश के 50 से अधिक स्कूलों के प्राचार्यों के लिए दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया

नई दिल्ली, । जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने देश भर के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों के 50 से अधिक प्रधानाचार्यों के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। मंगलवार को जारी इस बयान में कहा गया कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शिक्षा मंत्रालय के प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। बयान के अनुसार, जेएमआई के कुलपति मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार मोहम्मद महताब आलम रिजवी के नेतृत्व में कार्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया था कि प्राचार्यों को नवाचारी शैक्षणिक पद्धतियों और संस्थान-स्तरीय सहयोग के अवसरों की जानकारी मिल सके। यह दो दिवसीय आयोजन 25 अप्रैल को संपन्न हुआ।

### दिल्ली के गांधी नगर बाजार में आग लगी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, । दिल्ली के गांधी नगर बाजार में बुधवार दोपहर एक दुकान में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ह्वह्वहमें अपराह्न 2.05 बजे एक दुकान में आग लगने की घटना के बारे में सूचना मिली और दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। हमने पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी है।ह्लह्ल उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो और अधिक दमकल गाड़ियां तैनात की जाएंगी। अधिकारी ने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की अब तक कोई सूचना नहीं है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

गजरौला।लिंक मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल हो गया। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। बुधवार सुबह शेर सिंह पुत्र महा सिंह अपने साथी उदल सिंह के साथ बाइक से अपने गांव सलेमपुर गोसाई जा रहा था। जैसे ही वह नगर के जलाल नगर के पास पहुंचे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार शेर सिंह गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

## दिल्ली: पुलिस के वाहन से कूदने के कारण युवक की मौत, परिजन ने हिरासत में मौत का आरोप लगाया

नई दिल्ली, । दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम हिस्से के वसंत कुंज उत्तर क्षेत्र में पुलिस के चलते हुए वाहन से कथित तौर पर कूदने के कारण एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बुधवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने उन दो युवकों को हिरासत में लिया था। पीड़ितों के परिजनों ने हिरासत में मौत का आरोप लगाते हुए समालखा-कापसहेड़ा मार्ग को पूरी तरह से बाधित कर दिया और पुलिस पर पथराव किया। पुलिस के अनुसार, युवक की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की न्यायिक जांच की जा रही है। पुलिस की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार, यह घटना वसंत कुंज उत्तर थाने के पास उस समय हुई जब मंगलवार को हथियार और वाहन चोरी के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को हवालात ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि अपराह्न करीब तीन बजे हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह और कांस्टेबल नितेश यहां मोटरसाइकिल पर सवार होकर नियमित गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। दक्षिण-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र चौधरी ने बताया, जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विकास उर्फ मजनू (28) और रवि साहनी उर्फ रवि कालिया (19) के रूप में हुई है, दोनों दिल्ली के समालका निवासी हैं। डीसीपी ने कहा, विकास के पास से एक देसी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया। जिस मोटरसाइकिल पर वे सवार थे वह चोरी की पाई गई, जिसका पालम गांव थाने में मामला दर्ज था। मोटरसाइकिल रवि चला रहा था। पुलिस ने कापसहेड़ा थाने में मामला दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच करवाई और उन्हें सरकारी वाहन से वसंत कुंज नॉर्थ हवालात ले जाया गया। इस बीच जब वाहन थाने के पास मोड़ा गया तो दोनों आरोपी भागने के प्रयास में धीमी गति से चल रही वैन से कूद गए। पुलिस ने अपने बयान में बताया कि वाहन से कूदने के कारण दोनों घायल हो गए और आईजीआई अस्पताल ले जाने पर रवि साहनी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि मामूली रूप से घायल हुए विकास का इलाज किया जा रहा है।

## 2024 विरोध प्रदर्शन मामला: दिल्ली की अदालत ने तृणमूल नेताओं को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली की एक अदालत ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष, साकेत गोखले और अन्य पार्टी पदाधिकारियों को पिछले साल अप्रैल में निर्वाचन आयोग के बावजूद भारत निर्वाचन आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने से संबंधित मामले में बुधवार को व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शांतनु सेन, डोला सेन, नदीमुल हक, अर्पिता घोष, अबीर रंजन बिस्वास और सुदीप राहा सहित आठ नेताओं की ओर से उनके वकील द्वारा दायर आवेदन पर राहत प्रदान की। न्यायाधीश ने उन्हें अगली सुनवाई की तारीख 13 मई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। इस बीच न्यायाधीश मित्तल ने तृणमूल नेता विवेक गुप्ता की मौजूदगी पर गौर किया और उन्हें सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में पेश होकर जमानती बांड दाखिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने तृणमूल नेता शांतनु सेन को भी नया समन जारी किया और कहा कि उन्हें पहले जारी किया गया समन बिना तामील के वापस आ गया था। न्यायाधीश ने मामले में 10 आरोपियों को 21 अप्रैल को तलब किया था। दिल्ली पुलिस के अनुसार पिछले साल आठ अप्रैल को मामले में आरोपी तृणमूल नेता भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुख्य द्वार के बाहर एकत्र हुए और बिना किसी अनुमति के और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (एकत्रीकरण पर रोक) लागू होने के बावजूद तख्तियों और बैनरों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने आरोप लगाया कि निषेधाज्ञा लागू होने के बारे में जानकारी दिए जाने के बावजूद उन्होंने विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। पार्टी नेता केंद्रीय जांच एजेंसियों केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और इनके प्रमुखों को बदलने की मांग कर रहे थे।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश और राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी: धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली, । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान बुधवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट एवं दुनिया की महाशक्ति बनना है तो देश एवं राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी है। प्रधान दिल्ली विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनावह्ल दौड़ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौड़ का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय ने रग्बी स्टेडियम से किया था। यह दौड़ डीयू रग्बी स्टेडियम से शुरू होकर गेट नंबर 2 से होते हुए छात्रा मार्ग से गुजरी और डीयू परिसर का चक्कर लगाते हुए स्टेडियम में आकार सम्पन्न हुई। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि डीयू का इतिहास रहा है कि देश में किसी भी नई चीज की परिकल्पना होती है या तो यह डीयू के कैम्पस से निकलती है या फिर उसके इम्प्लीमेंटेशन में डीयू सबसे अग्रणी रहता है। आजादी के बाद 60 के दशक तक भारत में एक साथ ही चुनाव होते थे। पिछले 50 साल से यह शेड्यूल बिगड़ा हुआ है। बार-बार चुनाव से समय और राजस्व की हानि होती है। यह देश की प्रगति के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव का आह्वान किया, लोकसभा ने उस पर प्रस्ताव ग्रहण किया और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में इस पर स्टेकहोल्डर्स से परामर्श लिए गए। अब देश ने इसे जन आंदोलन के रूप में ले लिया है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव दौड़ केवल एक दौड़ मात्र नहीं है, बल्कि यह वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया में सबसे मजबूत देश बनाने के लिए दौड़ है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज डीयू के इस प्रांगण में हम जो ह्वएक राष्ट्र एक चुनाव दौड़ के लिए एकत्रित हुए हैं, तो यह भी हमारी देश के प्रति एक जिम्मेदारी है। इसी के लिए हम सब यहां आज एक मंच पर आए हैं। बार-बार चुनाव होने से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का खर्चा होता है। बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। वहीं कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव प्रोग्राम में डीयू महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अप्रैल महीने का यह तीसरा प्रोग्राम इस विषय पर डीयू में आयोजित हो रहा है। यह प्रोग्राम एक अच्छी शुरूआत है जो देश को आगे ले जाने में बहुत मदद करेगा। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने भी संबोधित किया।

## अक्षय तृतीया पर श्रद्धा का समर्पण, आदिनाथ प्रभु के तप-त्याग को नमन

●शाहदरा के जैन मंदिरों में पारणा महोत्सव की धूम, शांति मोहल्ला मार्केट में गन्ने का रस वितरण

प्रात: किरण: मनोज जैन




अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शाहदरा जिले में जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का पारणा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दिन को विशेष रूप से गन्ने के रस से पारणा करने का महत्व है, जो भगवान आदिनाथ के तप और आत्मसंयम की पराकाष्ठा का प्रतीक है। शाहदरा के जैन मंदिरों में जहां धार्मिक अनुष्ठान और भव्य पूजा अर्चना हुई, वहीं शांति मोहल्ला मार्केट में गली नंबर 14 में जैन समाज द्वारा गन्ने के रस का वितरण एक विशेष आकर्षण बना। गली नंबर 14, शांति मोहल्ला मार्केट में सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में करीब 4 घंटे तक गन्ने का रस वितरण किया गया। यह सेवा का कार्य मुख्य रूप से नवीन जैन, शुभम जैन, रोहित जैन, दीपांशु जैन, मुकेश जैन, सौरभ जैन, अमित जैन, महावीर जैन, समर्थ जैन, और लोकेश जैन द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर बाजार के हर एक कोने में गन्ने का रस वितरित किया गया, जिससे श्रद्धालु अपने दिलों में धर्म के प्रति श्रद्धा और विश्वास को और मजबूत कर सके। साथ ही, शाहदरा के अन्य जैन मंदिरों, धर्मशालाओं और दुकानों पर भी इस दिन विशेष पूजा अर्चना, पारणा पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया। गन्ने के रस का वितरण केवल एक धार्मिक सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक गहरी प्रतिबद्धता और धर्म की परंपराओं को जीवित रखने का भी प्रतीक था। इस दिन जैन समाज ने संयम, तप और करुणा के साथ अपने जीवन के उच्चतम आदर्शों को समाज के बीच प्रस्तुत किया।

## सरकार आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए, पीओके को भी पूरी तरह से भारत में शामिल करे : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, । हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का माहौल है। आम जनता से लेकर राजनेता तक, हर कोई पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग कर रहा है। पूरा देश एक सुर में भारत सरकार से आग्रह कर रहा है कि अब समय आ गया है जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत में वापस लाया जाए। आम आदमी पार्टी की तरफ से भी मांग उठी है कि पहलगाम हमले के बाद पूरे देश में यह भावना प्रबल हो रही है कि पाकिस्तान को उसके आतंकवादी मंसूबों के लिए करारा जवाब दिया जाए। आम नागरिकों से लेकर सोशल मीडिया तक एक ही मांग उठ रही है पीओके को वापस लो। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पाकिस्तान लगातार पीओके का इस्तेमाल आतंकवादी संगठनों को पनाह देने और भारत में हमलों के लिए कर रहा है। इससे पहले भी भारत ने पाकिस्तान को कई बार जवाब दिया है, लेकिन वह सुधरने का नाम नहीं ले रहा। अब देश चाहता है कि सरकार निर्णायक कदम उठाए और पीओके को पूरी तरह से वापस भारत में शामिल करे। सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि कश्मीर का बंटवारा होने के चलते पाकिस्तान और चीन के कब्जे में काफी बड़ा क्षेत्रफल है। जम्मू-कश्मीर का कुल क्षेत्रफल 2,22,236 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें भारत के पास 1,06,566 वर्ग किलोमीटर है। पाकिस्तान के पास 72,935 वर्ग किलोमीटर है, जबकि चीन के पास 42,735 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा है। जनता की यह भी अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री 2025 में उस स्थान पर तिरंगा फहराएं जो आज पीओके में आता है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया है। आप नेताओं ने कहा है कि जैसे ही पार्टी के नेताओं को नई जिम्मेदारी दी जाती हैं, उन पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, जब दुर्गेश पाठक को गुजरात का सह प्रभारी बनाया गया, तभी उनके यहां सीबीआई का छापा पड़ा।

## रेखा गुप्ता ने जल बोर्ड को शहर के पानी, सीवेज बुनियादी ढांचे में सुधार के निर्देश दिए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में सीवेज बुनियादी ढांचे में सुधार, यमुना नदी की सफाई और पानी की पर्याप्त आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। गुप्ता ने डीजेबी मुख्यालय ह्ववरुणालयह्ल में बैठक के बाद कहा कि पानी का समान वितरण, शहर में उचित सीवरेज बुनियादी ढांचा और पुरानी तथा क्षतिग्रस्त सीवर और पानी की लाइनों को बदलने का काम सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, ह्लहमने हर साल गर्मियों में शहर के सामने आने वाली चुनौतियों के कारणों का जायजा लिया: पानी की आपूर्ति, यमुना नदी की सफाई और सीवेज प्रबंधन। ये सभी आपस में जुड़े हुए हैं। दिल्ली में अब भी 30 साल पुरानी सीवर और पानी की पाइपलाइनें हैं जो बड़ी समस्याएं पैदा कर रही हैं।ह्व उन्होंने कहा कि जीपीएस लगे पानी टैंकरों, पानी की उपलब्धता के मुद्दों और सभी अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने पर भी बैठक में चर्चा हुई। गुप्ता ने कहा कि पानी का समान वितरण तथा निवासियों को नल से जल उपलब्ध कराने की योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्वपिछले 30 सालों में शहर की आबादी बढ़ी है, लेकिन सीवेज प्रबंधन प्रणाली और जलापूर्ति प्रणाली को नहीं बदला गया है। मौजूदा बुनियादी ढांचा विकास के अनुरूप नहीं रहा है, इसलिए लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हम पूरे बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं, जो पिछली सरकारों द्वारा नहीं किया गया था।ह्ल गुप्ता के साथ जल मंत्री प्रवेश वर्मा भी थे।

## अगर सरकार इस साल निजी स्कूलों में बढ़ाई गई फीस वापस लेने का आदेश नहीं देती है तो आने वाले वर्षों के लिए कोई भी कानून दिखावा मात्र होगा : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली के निजी स्कूलों के लिए लाए जा रहे फीस रेगुलेशन बिल को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार की नीयत पर सवाल खड़ा किया है। इस बाबत बुधवार को नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर कहा है कि अगर फीस रेगुलेशन बिल के पीछे भाजपा सरकार की नीयत साफ है तो सरकार निजी स्कूलों को इस साल बढ़ाई गई फीस को वापस लेने का आदेश देना चाहिए। मंगलवार को दिल्ली सरकार ने फीस रेगुलेशन बिल की घोषणा तो की, लेकिन इसे अगले शैक्षणिक वर्ष से लागू किया जाएगा। ऐसे में इस साल निजी स्कूलों द्वारा जो बेतहाशा और मनमानी फीस बढ़ोतरी की गई है, उसका का क्या होगा? क्या भाजपा सरकार ने इस साल इन निजी स्कूलों को फीस वृद्धि करने की छूट दे दी है? उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार सभी निजी स्कूलों को इस साल के लिए किसी भी तरह की फीस वृद्धि और मनमाने शुल्क को तुरंत वापस लेने का आदेश दे। अन्यथा आने वाले वर्षों के लिए कोई भी नया कानून दिखावा मात्र होगा। आप की वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखे पत्र में कहा कि आपके एक्स हैंडल और बुधवार के समाचार पत्रों के जरिए मुझे जानकारी मिली है कि दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक 2025 को मंजूरी दी है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह विधेयक ह्लस्कूल शुल्क संरचना के लिए एक स्पष्ट और पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करने, मनमाने ढंग से शुल्क वृद्धि को रोकने और पैरेंट्स के लिए निष्पक्षता सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। आतिशी ने आगे कहा है कि विडंबना यह है कि जहां यह विधेयक पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करने की बात करता है, वहीं अब तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी रही है। दिल्ली सरकार ने न तो इस विधेयक के मसौदे को तैयार करने में किसी परामर्श प्रक्रिया का विवरण साझा किया है और ना ही मसौदा विधेयक को अभी तक सार्वजनिक किया गया है। अब तक हमें केवल वही जानकारी है जो मीडिया में दी जा रही है। हमारे पास कोई प्रामाणिक दस्तावेज नहीं है, जिसका हम उल्लेख कर सकें या उस पर टिप्पणी कर सकें। आतिशी ने सीएम से कहा है कि हालांकि, आप सहमत होंगी कि यह मसौदा विधेयक दिल्ली में भाजपा सरकार के गठन के तुरंत बाद कई निजी स्कूलों द्वारा बेतहाशा और मनमाने ढंग से फीस वृद्धि के कारण आवश्यक हो गया था। इस अभूतपूर्व स्थिति ने हजारों बच्चों और उनके माता-पिता को अत्यंत तनावपूर्ण परिस्थितियों में डाल दिया। जिन छात्रों ने बढ़ी फीस नहीं जमा की, उन्हें क्लास बैठने नहीं दिया गया। बच्चों के माता-पिता को भी भीषण गर्मी में निजी स्कूलों के बाहर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा और कुछ पैरेंट्स ने तो फीस वृद्धि के खिलाफ हाईकोर्ट का भी रुख किया। आतिशी ने आगे कहा है कि चूंकि, यह ड्राफ्ट बिल शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से भविष्य में शुल्क वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास करता है और उन प्रावधानों की भी जांच आवश्यक होगी। लेकिन यह सबसे महत्वपूर्ण सवाल का जवाब नहीं देता है कि इस वर्ष जिन प्राइवेट स्कूलों ने पहले ही बेतहाशा फीस बढ़ा दी है, उसका क्या होगा?

## भाजपा की मांग, क्लासरूम घोटाले में पूर्व सीएम केजरीवाल की भूमिका की जांच हो



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । क्लासरूम घोटाला मामले में बुधवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की जांच करने की मांग की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली की पूर्व सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, दिल्ली की जनता एवं भाजपा चाहती है कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा क्लासरूम घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन की भूमिका के साथ ही उस समय के मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल की भूमिका को भी जांचे। आज का दिन आम आदमी पार्टी एवं उसकी सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वालों की लड़ाई में निर्णायक है जब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने शिक्षा एवं शिक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के नाम पर क्लास रूम निर्माण में घोटाला करने के दोषी तत्कालीन मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। क्लासरूम घोटाला मामले में उन्होंने मीडिया से कहा कि दिल्ली में 748 कक्षाओं के निर्माण के लिए अरविंद केजरीवाल ने 2,982 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया। इस हिसाब से प्रत्येक कक्षा की लागत 24.86 लाख रुपये है। हालांकि, आधिकारिक सीपीडब्ल्यूडी (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) मैनुअल के अनुसार, एक स्कूल कक्षा के निर्माण की लागत 5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। जब यह बात सामने आई, तो हमारे तत्कालीन अध्यक्ष ने आवाज उठाई और हमारे तीन पदाधिकारियों- हरीश खुराना, कपिल मिश्रा और नीलकांत बख्शी ने भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन, तब सरकार केजरीवाल की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस मामले में पूर्व सरकार ने सात-आठ साल जांच को दबाए रखा। लगातार भाजपा संघर्ष करती रही और शिकायत दर्ज कराती रही। लेकिन, पूरे मामले को हम देखें तो इस आम आदमी पार्टी की सरकार ने सीधे तौर पर 2 हजार करोड़ का घोटाला किया है। सचदेवा ने कहा कि इस मामले में सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया पर एफआईआर दर्ज हुई है। केजरीवाल की भूमिका की भी जांच हो। इस जांच को तेजी से बढ़ाया जाए। जिन्होंने जनता के विश्वास के साथ खेला। इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सिसोदिया, जैन के खिलाफ एसीबी का मामला उन पर दबाव बनाने की राजनीतिक चाल: आप

नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि पार्टी नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को पंजाब पार्टी इकाई का प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने के मद्देनजर उन पर दबाव बनाने और डराने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिल्ली सरकार की एसीबी ने सरकारी स्कूलों के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री सिसोदिया तथा पूर्व लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने एक बयान में कहा कि यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है और इसमें अत्यधिक बढ़ी हुई दरों पर ठेके दिए गए, जिनमें प्रत्येक कक्षा का निर्माण कथित तौर पर 24.86 लाख रुपये में किया गया, जो सामान्य लागत से लगभग पांच गुना अधिक है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि आप की पिछली सरकार के तहत दिल्ली में स्कूलों के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ था। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने संवाददाता सम्मेलन में आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि यह मामला सिसोदिया और जैन पर दबाव डालने और उन्हें डराने के लिए एक ह्वराजनीतिकह्ल कदम के तहत दर्ज किया गया है। ढांडा ने कहा, ह्वजिस तरह से सिसोदिया और अन्य नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि जल्द ही उनके खिलाफ मंत्री की कुर्सी पर कब्जा करने, दस्तावेज में अल्पविराम या पूर्ण विराम लगाना भूल जाने के मामले भी दर्ज किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई काम नहीं है और हर मामले में वह आप नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा देती है। ढांडा ने कहा, यह महज संयोग नहीं हो सकता कि इससे पहले पार्टी नेता दुर्गेश पाठक के खिलाफ मामला तब दर्ज किया गया था जब वह गुजरात के सह-प्रभारी बने थे। अब, सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो आप की पंजाब इकाई के क्रमशः प्रभारी और सह-प्रभारी हैं।ह्ल इससे पहले मार्च में आप ने अपनी पंजाब इकाई का सिसोदिया को प्रभारी और पूर्व मंत्री जैन को सह-प्रभारी नियुक्त किया था। ढांडा ने कहा, भाजपा को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि आप नेता ईडी और सीबीआई जैसी उनकी एजेंसियों या ऐसी खोखली धमकियों से नहीं डरते। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कथित घोटाले में दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की जांच एसीबी से कराने की मांग की।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 01 मई, 2025

# भाजपा एमसीडी कमिश्नर को हाउस टैक्स में छूट और 12 हजार कर्मचारियों को पक्का करने की फाइल को तत्काल पास करने का निर्देश दे : अंकुश नारंग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में चार इंजन की सरकार चला रही भाजपा को दिल्लीवालों की उम्मीदों पर खरा उतरने की सलाह दी है। एमसीडी में आप के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक जिम्मेदार और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और जनता से जुड़े मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून में दिल्ली को जलभराव से बचाने के साथ ही 24 घंटे बिजली व साफ पानी देने, साफ-सफाई और सड़कों की मरम्मत समेत अन्य कार्यों के लिए अब सिर्फ भाजपा जिम्मेदार है। हमारी मांग है कि भाजपा एमसीडी कमिश्नर को हाउस टैक्स में छूट और 12 हजार कर्मचारियों को पक्का करने की फाइल को तत्काल पास करने का निर्देश दे। आप सरकार ने सदन में इन दोनों प्रस्तावों को पास किया था, लेकिन भाजपा के इशारे पर इन फाइलों को रोक दिया गया है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता कर कहा कि एमसीडी में अब आम आदमी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है। पिछले दो वर्षों में भाजपा ने जिस तरह से विपक्ष की भूमिका निभाई, वह बहुत ही नकारात्मक था। भाजपा ने सदन नहीं चलने दिया, जनता की आवाज नहीं उठ पाई और पार्षद अपने क्षेत्र का कोई मुद्दा भी नहीं उठा पाया। भाजपा इससे ज्यादा नकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकती। लेकिन आम आदमी पार्टी विपक्ष में सकारात्मक भूमिका निभाएगी और जनता के मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाएगी। अंकुश नारंग ने कहा कि आप सरकार ने एमसीडी के 12 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया था। इसके लिए हमारी सरकार ने कट मोशन लगाकर बजट में भी प्रावधान किया था। एमसीडी के अंदर सबसे बड़ा सदन होता है और सदन ने विभिन्न विभागों के 12 हजार कर्मचारियों को पक्का करने का फैसला लिया। साथ ही बजट का प्रावधान किया। इसके बावजूद कर्मचारियों को पक्का करने की फाइल भाजपा के इशारे पर रूकी हुई है और पास नहीं की जा रही है। आम आदमी पार्टी सदन में सबसे पहली आवाज कर्मचारियों को पक्का करने के लिए उठाएगी। आप की सरकार में कर्मचारियों को वेतन महीने की एक तारीख को समय से आ जाती थी। दिवाली से पहले उनको बोनस मिल जाया करता था। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद फिर से कर्मचारियों की सैलरी देरी से आने लगी है। अंकुश नारंग ने कहा कि आप की सरकार ने हाउस टैक्स में छूट देने का भी एक एतिहासिक फैसला लिया था। 100 वर्ग गज के आवासीय व कमर्शियल का हाउस टैक्स पूरी तरह माफ कर दिया गया था। इस वर्ष का उनको हाउस टैक्स नहीं देना पड़ेगा। 100 से 500 वर्ग गज तक हाउस टैक्स में 50 फीसद तक की छूट थी। इससे दिल्ली के हर नागरिक को लाभ मिलता। अक्सर लोग हाउस टैक्स का खुद आंकलन करते हैं और एमसीडी वालों को लगता है कि उनका आंकलन ठीक नहीं है। इसलिए एमसीडी के अधिकारी उनको नोटिस भेज देते हैं। फिर वो डिफॉल्ट केस बन जाते हैं। आप की सरकार ने सभी डिफॉल्ट केस के लिए प्रावधान किया था कि अगर वो इस चालू वित्तीय वर्ष का हाउस टैक्स जमा कर दे तो उनके पिछले वर्षों के बकाया हाउस टैक्स माफ कर दिए जाएंगे। इससे एमसीडी को अच्छा खासा राजस्व भी मिल जाता और डिफॉल्ट केस भी खत्म हो जाते। लेकिन भाजपा ने इसको भी पास नहीं होने दिया। जनता हमें इसलिए चुनती है ताकि हम उसके हित के फैसले ले सकें। आम आदमी पार्टी ने हमेशा दिल्ली की जनता और कर्मचारियों के हित में काम किया। अंकुश नारंग ने कहा कि अब भाजपा के मेयर की जिम्मेदारी बनती है कि वह एमसीडी कमिश्नर को हाउस टैक्स व प्रॉपर्टी टैक्स के साथ 12 हजार कर्मचारियों को पक्का करने की फाइल तत्काल पास करने का निर्देश दें। भाजपा ने यूजर चार्जेज लगाकर दिल्ली की जनता पर एक और बोझ डालने का काम किया है। एक व्यक्ति का हाउस टैक्स मात्र 850 रुपए है लेकिन इन्होंने उस पर यूजर चार्जेज 1 हजार रुपए लगा दिया है। आम आदमी पार्टी की पुरजोर मांग है और सदन में भी आवाज उठाएंगे कि यूजर चार्जेज तुरंत प्रभाव से खत्म किए जाएं। अंकुश नारंग ने कहा कि अब दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है। केंद्र व दिल्ली सरकार के साथ अब एमसीडी में भी भाजपा की सरकार है और एलजी भी इनके हैं। अब भाजपा की चार इंजन की सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि सड़कों के गड्ढे भरे जाएं, सड़कों का निर्माण हो और मानसून शुरू होने से पहले जलभराव की समस्या न हो। हम उम्मीद करते हैं कि नालों में भराव और दिल्ली में जलभराव नहीं होगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता की आवाज बनेगी और उसके मुद्दे सदन में पुरजोर तरीके से उठाएगी। अंकुश नारंग ने कहा कि हमने कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए कहा था और काफी हद तक लैंडफिल को खत्म भी कर चुके थे। हाल-फिलहाल में भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लैंडफिल साइट पर जाकर वृक्षारोपण किया था। यह लैंडफिल आप की मेहनत और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा-निर्देशों से खत्म हुई थी, जब हम एमसीडी में सत्ता में थे। अब भाजपा की जिम्मेदारी है कि वह दिल्ली की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरे। अगर भाजपा लैंडफिल, कर्मचारियों और रेजिडेंट्स के लिए काम नहीं करेगी, तो मैं नेता प्रतिपक्ष के रूप में सख्त चेतावनी देता हूं कि हम हर सदन में आवाज उठाएंगे और सदन से सड़कों तक आंदोलन करेंगे।

# दिल्ली नगर निगम की सख़्त कार्रवाई ताज एन्क्लेव से हटाया अतिक्रमण

**सड़कों पर दोबारा कब्जे की खुली चुनौती संरक्षण किसका, मौन क्यों**



प्रात : किरण : मनोज जैन

दिल्ली नगर निगम ने आज शाहदरा जोन की अराजक होती सड़कों पर एक बार फिर कड़ा एक्शन लिया। डिप्टी कमिश्नर श्री बादल कुमार के निदेर्शानुसार, असिस्टेंट कमिश्नर अश्विनी कुमार व लाइसेंस इंस्पेक्टर पंकज कुमार की निगरानी में निगम की टीम ने गीता कॉलोनी के ताज एन्क्लेव रोड से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में बुलडोजर का पंजा चला, जिसमें चाय के खोखे, टपरियाँ, पान की दुकानों, फल-सब्जी की रेहड़ियों और खाने-पीने के ठियों को हटाया गया। तीन से चार ट्रकों में जब्त सामान भरकर ले जाया गया और सड़कें अस्थायी रूप से मुक्त हुईं। हालाँकि नगर निगम की कार्रवाई हर दिन देखने को मिलती है, लेकिन उसके जाते ही वही अतिक्रमणकारी दोबारा उसी जगह अपना कब्जा जमा लेते हैं। आखिर कौन है जो इन्हें दोबारा सड़क पर बैठने की अनुमति देता है? क्या यह किसी राजनीतिक, प्रशासनिक या स्थानीय संरक्षण का नतीजा है? लोगों का कहना है कि निगम की गाड़ी जैसे ही जाती है, कुछ ही समय बाद दोबारा वही गाड़ियाँ, खोखे और ठेले वहीं पर दिखाई देने लगते हैं। यह स्थिति निगम की मेहनत को मुँह चिढ़ाती है और पूरे तंत्र की निष्क्रियता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। शाहदरा जोन में यह अतिक्रमण अब केवल ट्रैफिक जाम नहीं, बल्कि जन-जीवन, आपात सेवाओं और सुरक्षा तंत्र के लिए संकट बन चुका है। दमकल की गाड़ियाँ, एम्बुलेंस और जन परिवहन तक बाधित होते हैं। जबकि दिल्ली नगर निगम पूर्ण निष्ठा से प्रयास करता है, लेकिन जब तक शासन-प्रशासन यह तय नहीं करता कि सड़कें जनता की हैं, तब तक यह समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि केवल अतिक्रमण हटाने से आगे बढ़कर उन तत्वों पर भी कार्रवाई।

# मैस्को पब्लिक स्कूल में नए नामंकन पर रोक, उल्लंघन पर कार्यवाही की चेतावनी

अमरोहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मेस्को पब्लिक स्कूल में नवीन सत्र 2025- 26 के नामांकन पर लगाई रोक। आदेश नहीं मानने पर संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की दी चेतावनी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को पुनः निर्देशित किया कि मेस्को पब्लिक स्कूल धनौरा रोड अमरोहा में उपस्थित होकर विद्यालय में नवीन सत्र 2025- 26 हेतु छात्र नामांकन पर रोक लगाते हुए तत्काल कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मेस्को पब्लिक स्कूल के प्रबंधक/प्रधानाचार्य को इस निर्देश के साथ आदेश प्रेषित किया कि मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही के दृष्टिगत विद्यालय में नवीन सत्र 2025- 26 के लिए छात्र नामांकन न किया जाए। यदि स्कूल द्वारा छात्र नामांकन कराया जाता है उस स्थिति में संस्था के विरुद्ध कार्यवाही संपादित कर दी जाएगी ।जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व स्कूल/संस्था का स्वयं होगा। इस से पहले मेस्को इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी अमरोहा की भी मान्यता फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से ली गई है। गाटा संख्या 403, 404 तालाब पर बनी स्कूल/विद्यालय की अवैध इमारत को हटाने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश पारित कर दिए है। उसके पश्चात भी संस्था सरकारी आदेशों की अवेहलना करते हुए निरंतर स्कूल में नवीन सत्र में नवीन प्रवेश ले रही है। जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा द्वारा नवीन प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

# गांधीनगर रेडीमेड गारमेंट मार्केट में भीषण अग्निकांड

- विंडो एसी में धमाका बना आग का कारण, दो दुकानें जलकर राख प्रशासन की तत्परता से टला बड़ा हादसा

प्रात : किरण : मनोज जैन



शाहदरा जिले के गांधीनगर मार्केट – जो एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट की थोक मंडी मानी जाती है – में मंगलवार दोपहर करीब 2:00 बजे एक बड़ा अग्निकांड होते-होते टल गया। मेन रोड पर स्थित दो दुकानों शिवसाई दर्शन और साई दर्शन में अचानक भीषण आग लग गई। दोनों दुकानें 16-16 गज की थीं, और दोनों का संचालन विजय और राजीव नामक रिश्तेदार (साले और जीजा) करते थे। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लपटें इतनी तेज थीं कि तीसरी दुकान तक भी पहुँच गईं, लेकिन समय पर काबू पा लिया गया। जानकारी के मुताबिक, दुकानों में लगे विंडो एसी की मरम्मत समय पर नहीं हो पाने से उसमें तेज धमाका हुआ, जिससे आग फैल गई। इस आग में लाखों का माल जल गया और धुएं से पूरा बाजार भर गया। थाना प्रभारी (एसएचओ) प्रफुल कुमार मौके पर तत्परता से पहुँचे और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। उनकी सूझबूझ से रोड से अतिक्रमण हटवाया गया और दमकल की गाड़ियों को रास्ता दिलवाया गया। करीब 6 दमकल गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर आग थोड़ी और फैल जाती, तो यह हादसा पूरे बाजार में फैल सकता था, जिससे सैकड़ों दुकानें चपेट में आ सकती थीं। दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की सजगता व समय पर कार्रवाई के चलते ही एक बड़ा नुकसान टल गया। दुकानदारों की स्थिति बेहद दुखद है, लेकिन क्षेत्र के लिए राहत की बात यह रही कि जनहानि नहीं हुई। यह घटना शाहदरा जिले में आए दिन हो रही अग्निकांड की घटनाओं की कड़ी में एक और उदाहरण बन गई है। कभी सिलेंडर, कभी बिजली के तार, कभी एसी में विस्फोट – ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। लोगों को चाहिए कि वे अपने व्यावसायिक और घरेलू स्थलों पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, उपकरणों की समय-समय पर जांच कराएं और किसी भी खराबी को नजरअंदाज न करें। प्रशासन को भी चाहिए कि बाजारों में नियमित सुरक्षा जांच और जागरूकता अभियान चलाए।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर राहगीरों को पिलाया गया गन्ने का रस




प्रात : किरण संवाददाता

मसवासी। पवित्र अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन मिलन मसवासी द्वारा राहगीरों को गन्ने का रस पिलाकर पुण्य लाभ कमाया गया। जैन मान्यता अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ उनकी दीक्षा उपरांत राजा श्रेयांश द्वारा इक्षु रस का आहार दिया गया तदुपरांत चक्रवर्ती भरत द्वारा उनका सम्मान किया गया इस दिन को जैन धर्म अक्षय तृतीया के रूप मे मानता है इसी मौके पर नगर पंचायत मसवासी के मुख्य मार्केट में जैन मिलन मसवासी समाज द्वारा इक्षु रस, गन्ने का रस का वितरण किया गया। जिसमे समाज के सभी लोग शामिल रहे इस मौके पर जैन मिलन अध्यक्ष प्रीति जैन, उपाध्यक्ष अमिता जैन, रुचि जैन, मंत्री अभिषेक जैन, राजीव, अतुल जैन, आर्यन जैन , आँचल जैन, अनिता जैन, मधु जैन ,मलिका जैन आदि ने धर्मलाभ लिया।

# डीसीपी प्रशांत गौतम के निर्देशन में सीमापुरी में नशे के सौदागर पर शाहदरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- 106 ग्राम स्मैक बरामद, आरोपी गिरफ्तार, नेटवर्क पर शिकंजा कसने की तैयारी

प्रात : किरण : मनोज जैन




शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने जानकारी दी कि शाहदरा जिले की एएनटीएफ टीम ने सीमापुरी इलाके में गश्त के दौरान एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़कर उसके पास से 106 ग्राम स्मैक बरामद की है। यह कार्रवाई 29 अप्रैल को उस समय हुई जब पुलिस की टीम सुबह 10:50 बजे 70 फुटा रोड, मदरसा वाली गली, माता मंदिर के पास गश्त कर रही थी। पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा लेकिन फिसलने के कारण पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की पहचान शेख रजव अली उर्फ रोज अली के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 28 वर्ष है और वह न्यू सीमापुरी का निवासी है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक काले रंग की पॉलीथीन में संदिग्ध पाउडर मिला, जिसे मौके पर जांचने पर स्मैक (हेरोइन) पाया गया। इस सूचना को तत्काल ड्यूटी ऑफिसर के माध्यम से एएनटीएफ इंचार्ज इंस्पेक्टर मनीष कुमार और एसीपी ऑपरेशन गुरदेव सिंह तक पहुंचाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सीमापुरी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर संख्या दर्ज की गई है। बरामद 106 ग्राम स्मैक को नियमानुसार पुलिस कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मजदूरी करता था लेकिन आर्थिक तंगी के चलते नशे के धंधे में उतर आया और एक सप्लायर से जुड़कर स्मैक की डिलीवरी करने लगा। उसने अपने सप्लायरों की जानकारी भी पुलिस को दी है। पुलिस अब आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क को तोड़ा जा सके। शाहदरा जिला पुलिस की यह कार्रवाई इलाके में नशे के बढ़ते प्रकोप के विरुद्ध एक सख्त संदेश मानी जा रही है। स्थानीय लोग भी इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं और पुलिस से उम्मीद कर रहे हैं कि इस नेटवर्क के सभी सदस्य जल्द गिरफ्त में आएंगे।

# दिल्ली में क्राइम ब्रांच का छापा ई-सिगरेट रैकेट का पदार्फाश दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, । क्राइम ब्रांच की अंतरराज्यीय सेल की टीम ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने के आरोप में दो व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की 168 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 3.5 लाख रुपये है। गिरफ्तार व्यापारियों की पहचान हरिनगर निवासी चंदन चौधरी और दिलीप चौधरी के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डिप्टी कमिश्नर आदित्य गौतम के मुताबिक, हेड कांस्टेबल सोनू तोमर को डिफेंस कॉलोनी मार्केट में प्रतिबंधित ई-सिगरेट की बिक्री की सूचना मिली थी। एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख और इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में छापेमारी की गई। गठित टीम ने 28 अप्रैल को डिफेंस कॉलोनी ए ब्लॉक मार्केट में एक स्टोर पर छापा मारा। उक्त परिसर में छापेमारी के दौरान, एल्फबार ब्रांड के विभिन्न फ्लेवर के 168 पीस ई-सिगरेट से भरे दो कार्टन बरामद हुए। उक्त परिसर को चंदन चौधरी और उसके कर्मचारी दिलीप चौधरी चला रहे थे और दोनों को उक्त स्टोर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पिछले दो वर्षों से इन प्रतिबंधित ई-सिगरेटों का कारोबार कर रहे थे और वर्तमान में वे बरामद ई-सिगरेटों को दिल्ली और फरीदाबाद में विभिन्न व्यक्तियों से सस्ती दरों पर खरीदते थे और उन्हें स्टोर में रखने के बाद, वे सिगरेटों को भारी दरों पर पान की दुकानों में वितरित करते थे, जिससे वे भारी मुनाफा कमाते थे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला स्वास्थ्यकर्मी गंभीर घायल

प्रात : किरण संवाददाता

रहरा। थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी वीरवती अपने पिता रामपाल सिंह के साथ बुधवार दोपहर स्कूटी पर सवार होकर नगर आ रही थी। अलीगढ़ मार्ग पर हाकमपुर गांव के पास बाइक व स्कूटी की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। स्कूटी सवार वीरवती सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। बाइक सवार भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को नगर में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। बाइक व स्कूटी सवार की हालत गंभीर होने पर दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। बताया जाता है कि छह मई को वीरवती की बारात आ रही है। वह दहेज का सामान खरीदने के लिए अपने पिता के साथ नगर आ रही थी। वीरवती लठीरा माफी गांव में संचालित पीएचसी पर सीएचओ के पद पर तैनात है। फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# हत्या की कोशिश के मामले में दो नाबालिग पकड़े

नई दिल्ली, । उत्तरी जिले के गुलाबी बाग इलाके के सार्वजनिक शौचालय के बाहर दो लोगों को चाकू मारने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा है। 16 साल के दोनों नाबालिग नशे के आदी हैं। यह लूटपाट की फिराक में वहां मौजूद थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल एक चाकू और घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए हैं। फिलहाल अस्पताल में बीपत और नरेश का इलाज जारी है। पुलिस ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की मदद से दोनों की पहचान कर इनको दबोचा है। दरअसल दोनों सार्वजनिक शौचालय के गेट पर मौजूद थे। इससे महिलाओं को शौचालय जाने में दिक्कत हो रही थी। बीपत और नरेश ने दोनों से हटने के लिए कहा तो इन लोगों ने दोनों को चाकू मार दिया था। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि पुलिस टीम को ट्रक मार्केट, चौधरी नंद लाल मार्ग पर दो युवकों को चाकू मारने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम वहां पहुंची तो घायलों को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया जा चुका था। वहां दोनों की हालत गंभीर थी। पुलिस ने बीपत का बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया। घटना स्थल पर जांच के बाद पुलिस को आरोपितों का पता नहीं चल सका। पुलिस ने आसपास लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की पड़ताल की। इसके आधार पर दोनों की पहचान कर उनको इलाके से दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने वारदात में अपना हाथ होने की बात स्वीकार कर ली।

# शाहदरा थाना परिसर में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

- हनुमान जी, शिव परिवार और शनि देव की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा
- श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का दिव्य संगम

प्रात : किरण : मनोज जैन



शाहदरा थाना परिसर मंगलवार को आस्था, श्रद्धा और अध्यात्म का अद्वितीय केंद्र बन गया, जब श्री हनुमान जी, शिव परिवार और शनि देव की प्रतिमाओं की वैदिक विधियों से भव्य प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह आयोजन न केवल एक धार्मिक पर्व बनकर उभरा, बल्कि सामाजिक सौहार्द और शांति का संदेश भी देता रहा। इस दिव्य अवसर पर सत्यम शर्मा व आचार्य दीपांशु कौशिक ने वेदमंत्रों के बीच प्राण-प्रतिष्ठा की क्रियाएं संपन्न कराईं, वहीं युगम शर्मा (संस्थापक झ युग्म पथ) ने भक्तों को धर्म, कर्तव्य और सद्भाव की प्रेरणा दी। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी आध्यात्मिक उपस्थिति से आयोजन को गरिमा प्रदान की। अनमोल दूबे (सह जिला मंत्री), योगेश जी, अभिषेक शर्मा, चंद्रमौली कौशिक, हर्ष शर्मा, निशांत शर्मा, प्रिंस शर्मा, देवेश शर्मा तथा आख्यान शर्मा श्रद्धा एवं समर्पण के साथ आयोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में थानाध्यक्ष कन्हैया लाल की भूमिका अत्यंत प्रशंसनीय रही, जिनके निर्देशन में व्यवस्था शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रही। आयोजन उपरांत आयोजित महाप्रसाद में श्रद्धालुओं ने प्रभु कृपा का स्वाद चखा और पुण्यलाभ प्राप्तु किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक भक्ति का प्रतीक रहा, बल्कि शाहदरा क्षेत्र में सामाजिक एकता और सद्भाव की सशक्त छाप भी छोड़ गया।

# फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। मोहल्ला कायस्थान निवासी प्रशांत जोशी (21) का शव मंगलवार सुबह करीब छह बजे दीपपुर जाने वाली रोड पर एक लकड़ी के टाल के पास फंदे से लटका मिला। उसके पैर जमीन पर टिके थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। साथ ही पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी प्रशांत जोशी मोहल्ले में ही परचून की दुकान करता था। सोमवार शाम वह दुकान बंद कर मोहल्ले में ही शादी समारोह में शामिल होने गया था। प्रशांत के पिता तारा जोशी ने बताया कि सोमवार रात करीब तीन बजे तक वह शादी समारोह में देखा गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। जबकि, मंगलवार सुबह उसका शव घर से करीब 200 मीटर की दूर स्थित एक लकड़ी की टाल पर फंदे से लटका मिला। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। बेटे को फंदे पर लटका देख पिता के बदहवास हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह उनको संभाला। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अमरोहा प्रेस क्लब का पुन : गठन इकबाल अंसारी बने अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। अमरोहा प्रेस क्लब के नए संगठन का आज पुनः गठन हुआ। जिसमें आज तक के वरिष्ठ पत्रकार बी एस आर्य को सर्व सहमति से संरक्षक चुना गया तो वही अध्यक्ष पद के लिए इकबाल अंसारी, उपाध्यक्ष पद के लिए न्यूज18 से पत्रकार शिवोम शर्मा, व कोषाध्यक्ष के लिए प्राइम न्यूज से पत्रकार संजय धूम को चुना गया। हसनपुर तहसील से तहसील अध्यक्ष हिंदी खबर के पत्रकार आसिफ अली, मंडी धनौरा तहसील से अध्यक्ष के रूप में बच्चन सिंह को चुना गया ।प्रेस क्लब अमरोहा के पुन गठन के दौरान संरक्षक बी ऐस आर्य ने पत्रकार साथियो के साथ सुख दुख में कंधे से कंधा लगाकर खड़े होने के बात कहीं और कहा की पत्रकार साथियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कोई भी पत्रकार साथियों का शोषण करेगा या गलत तरीके से फंसाने का काम करेगा तो बिल्कुल बर्दास्त नही करेंगे। इस मोके पर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, उपाध्यक्ष शिवओम शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, हसनपुर तहसील अध्यक्ष मौङ्ग आसिफ, मंडी धनौरा तहसील अध्यक्ष बच्चन सिंह, मौङ्ग सिराज, विपिन वर्मा, जीतू सागर, भारत सिंह ,गौरव श्रीमाली, अफसर अली, मोहम्मद नसीम, संजय कुमार, शोएब, सुहैल अहमद, मयंक शर्मा, देवेश शर्मा, सौरभ गोस्वामी, शाहनवाज, रोहित कुमार, इस्तकार अली, हिरदेश अग्रवाल, मौङ्ग तालिब, राजीव प्रकाश, मोहम्मद असलम, महिपाल सिंह, अफसर अली, प्रिंस अग्रवाल इरशाद आदि मौजूद रहे।

# सरोजिनी नगर मार्केट में 650 वाहनों की पार्किंग तैयार

नई दिल्ली, । सरोजिनी नगर मार्केट और इसके आसपास के क्षेत्र के लिए बनाई गई 650 वाहनों की पार्किंग तैयार हो गई है, लेकिन लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। दुकानदारों ने मेट्रो स्टेशन के पास बनी इस पार्किंग को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि निर्माण संस्था एनबीसीसी तकरीबन चार महीने पहले निर्माण पूरा कर चुकी है पर अब तक पार्किंग एनडीएमसी को हस्तांतरित नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि सरोजिनी नगर बाजार में रोजाना तकरीबन 50 हजार ग्राहक आते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में निजी वाहनों से आते हैं। इनके अलावा बड़ी संख्या में दुकानदारों के वाहन भी बाजार में आते हैं। पार्किंग की समस्या की वजह से लोग सड़कों पर वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिसकी वजह से जाम लग जाता है। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने बताया कि एनडीएमसी के बड़े अधिकारी इस पार्किंग का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। सरोजिनी नगर मार्केट में बने मॉल में मल्टीलेवल पार्किंग पहले से बनी हुई है। 625 वाहनों की क्षमता वाली इस पार्किंग में लोग वाहन खड़ा करने से कतराते हैं। दुकानदारों का कहना है कि इसमें वाहनों को लिफ्ट से ऊपरी मंजिलों पर भेजा जाता है

# भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्लीवालों की लड़ाई की हुई जीत : भाजपा

नई दिल्ली, । दिल्ली के सरकारी स्कूलों में क्लासरूम बनाने में भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इसे लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्लीवालों ने लंबी लड़ाई लड़ी है। अब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने स्कूलों में कमरे बनाने में हुए घोटाले के आरोपित पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्टूडेंट्स के लिए सुनहरा मौका, परिवार पहचान पत्र के नए प्रोजेक्ट में छात्रों की मदद लेगी हरियाणा सरकार

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में त्रुटियों को ठीक करने के लिए प्रदेश सरकार अब सरकारी स्कूलों के छात्रों की मदद लेगी। इसके लिए स्कूलों में जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे। नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सिखाया जाएगा कि कैसे वे टैबलेट से फैमिली आइडी को खोलकर सिटिजन कार्नर से गलतियों को ठीक कर सकते हैं। पीपीपी में नए व्यक्तियों को जोड़ने और मृत व्यक्तियों को हटाने संबंधित पूरी प्रक्रिया समझाने के साथ ही उन्हें जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाणपत्र सहित अन्य दस्तावेजों को डाउनलोड करना तथा दर्जनों योजनाओं का सीधा लाभ लेने की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सरकार की ओर से टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। सरकार की मंशा छात्रों को प्रशिक्षित कर इन्हीं टैबलेट के माध्यम से परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों की त्रुटियों को ठीक कराने की है, ताकि उनके परिजनों व आसपास के लोगों को यहां-वहां न भटकना पड़े। जागरूकता शिविर लगाए गए पायलट प्रोजेक्ट के तहत रेवाड़ी के गांव संगवाडी और खोल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में जागरूकता शिविर लगाए गए, जिसके परिणाम सार्थक निकले। इसे देखते हुए परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण ने पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पीपीपी जागरूकता शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है। प्रदेश में 519 सरकारी योजनाओं को आनलाइन कर दिया गया है। ज्यादातर योजनाएं पेपरलेस हो गई हैं और जल्द ही सभी योजनाओं को पेपरलेस कर दिया जाएगा। इसे देखते हुए सभी सरकारी स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसमें आधार कार्ड, फैमिली आइडी समेत सभी आनलाइन सेवाओं की जानकारी व इनके लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इससे छात्रों को भविष्य में ऑनलाइन फार्म भरने संबंधी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक परिवार, एक पहचान योजना के तहत जारी होने वाली फैमिली आइडी विद्यार्थियों के लिए कई लाभ प्रदान करती है। यह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध करती है। खासकर छात्रवृत्ति और शिक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को पात्र बनाने में मदद करती है। परिवार पहचान पत्र से आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाणपत्र और जन्म प्रमाणपत्र बनवाना आसान हो जाता है। यह विद्यार्थियों की शिक्षा संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया को आसान बनाता है। फीडबैक फीडबैक मिला अभी हमारी टीम दो कार्यक्रम कर चुकी हैं। दोनों कार्यक्रम का फीडबैक मुख्यमंत्री नायब सैनी को दे दिया है।विद्यार्थी बड़े मन से इस प्रोग्राम को सीखते है क्योंकि सभी के पास सरकारी टैब हैं। प्रशिक्षण के बाद छात्र घर जाकर स्वयं अपनी फैमिली आइडी खोलते हैं और उपयोग करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हवाई फायरिंग के तीसरे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

फरीदाबाद, । क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने हवाई फायरिंग मामले में तीसरे आरोपी अतुल उर्फ अक्की को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्टल और स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद की है। 26 अप्रैल की रात शिकायतकर्ता रोहित के घर के बाहर कुछ युवकों ने गाड़ी से आकर दो हवाई फायर किए थे। जांच में पता चला कि आरोपियों का रोहित से शादी में झगड़ा हुआ था। पहले ही सुमित और रोबिन को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ के बाद तीनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### नशीले पदार्थ के साथ आरोपी पकड़ा

फरीदाबाद, । क्राइम ब्रांच की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजा के साथ एक युवक को पकड़ा है। आरोपी की पहचान मनोज ठाकुर निवासी बेसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी गांजा बेचने वाला है। इसके बाद उसे पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मजदूरी करता है और गांजा पलवल से खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया।

### ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं हुआ

ग्रेटर नोएडा, । गौतमबुद्धनगर जिले के थाना ईकोटेक- वन क्षेत्र में प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्टरी में आग लगने के बाद वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में कोई जानहानि या कोई जख्मी नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मंगलवार को प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्टरी में आग लगने की सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि दमकल की दो गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन विभाग के मुताबिक, फैक्टरी में आग लगने से कुछ सामान जल गया, लेकिन घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इसने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

### अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार को कुचला, मौत

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में दादरी रेलवे ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दादरी कोतवाली क्षेत्र के बोड़ाकी गांव का रहने वाला 30 वर्षीय विकास कुमार मंगलवार की रात बुलेट बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर की तरफ लौट रहा था। दादरी रेलवे ओवर ब्रिज पर चढ़ते समय इसकी बुलेट बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में विकास की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फरीदाबाद : नाबालिग से देह व्यापार करवाने वाली महिला गिरफ्तार

फरीदाबाद, । नाबालिग लड़की से जबरन देह-व्यापार कराने वाली महिला को पुलिस थाना डबुआ की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि डबुआ कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस थाना डबुआ में दी शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 17 अप्रैल से बिना बताये कहीं चली गई, काफी तलाश किया गया परंतु नही मिली। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना डबुआ में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना डबुआ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 23 अप्रैल को लड़की को तलाश किया गया, जिसने पूछताछ में बताया कि उसकी सहेली उसे एक महिला के पास ले गई और उस महिला ने नाबालिग लड़की से जबरन देह-व्यापार करवाया। पुलिस थाना डबुआ की टीम ने मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी ममता निवासी सेक्टर 29 फरीदाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। जिसको पूछताछ के बाद आज अदालत में पेश कर, जेल भेजा गया।

# फरीदाबाद : लिफ्ट ठीक करते मैकेनिक की मौत, एक घायल

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। बुधवार को लिफ्ट की मरम्मत के दौरान दो मैकेनिक लिफ्ट से गिरकर उसके नीचे दब गए, जिसमें एक की मौत और दूसरा घायल है। घटना सरूरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सतनाम स्टील कंपनी की है। हादसे में जवाहर कॉलोनी के 46 वर्षीय राजकुमार उर्फ राजू की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे मैकेनिक श्याम को गंभीर हालत में फरीदाबाद के ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर कुलदीप के अनुसार, दोनों मैकेनिक को गली नंबर 3 स्थित कंपनी में लिफ्ट की मरम्मत के लिए बुलाया गया था। घायलों को पहले सोहना रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें बीके अस्पताल रेफर किया गया। बीके अस्पताल में राजकुमार को मृत घोषित कर दिया गया। श्याम को दिल्ली रेफर करने की बात कही गई। बाद में उसे ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक राजकुमार के बेटे हरिओम ने कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कंपनी के कर्मचारी उनके पिता को सीधे किसी बड़े अस्पताल नहीं ले गए। छोटे अस्पतालों में समय गंवाने के कारण उनके पिता की जान चली गई। परिवार को घटना की सूचना भी समय पर नहीं दी गई। किसी अच्छे अस्पताल में दिखाते तो शायद उनके पिता की जान बच सकती थी। वही हरिओम ने कहा कि कंपनी के मालिक को बार-बार फोन किया जा रहा है और भी अस्पताल में बुलाया जा रहा है। लेकिन कंपनी के मालिक ने अस्पताल में आने से मना कर दिया है इसलिए वह चाहते हैं कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और जांच में उसका भी दोष पाया जाए तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं इस मामले में संजय कॉलोनी चौकी इंचार्ज विजेंद्र ने बताया कि फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है जांच मे यदि दोष पाया गया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से 84 लाख की ठगी में बैंक का कर्मचारी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता




नोएडा,। डिजिटल अरेस्ट कर वारदात की थी, आरोपी के तीन साथी पहले ही पकड़े जा चुके नोएडा,वरिष्ठ संवाददाता। डिजिटल अरेस्ट कर महिला के साथ 84 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने निजी बैंक के कर्मचारी को बुधवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से मोबाइल और दस्तावेज बरामद हुए। उसके तीन साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि बीते साल एक महिला ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि ठगों ने उसे 23 जून से 25 जून 2024 तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान पार्सल में ड्रग्स होने का डर दिखाया। जांच के नाम पर पूरी जमा पूंजी विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा ली। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने केस दर्ज किया और ठग गिरोह तक पहुंचने के लिए एक टीम गठित की। इसी साल ठगी में शामिल राम सिंह, नरेंद्र और अक्षय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में निजी बैंक के कर्मचारी सीतापुर निवासी सोनू पाल की भी संलिप्तता सामने आई। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस बीते कई दिनों से संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आखिर बुधवार को टीम ने सोनू पाल को दबोच लिया। जिस निजी बैंक का वह कर्मचारी है, वहां के प्रबंधन को भी सोनू की ठगी में संलिप्तता की जानकारी दे दी गई है। सोनू ने ही राम सिंह का खाता खुलवाया था और किट अपने पास रख ली थी। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में ठगी के 69 लाख रुपये कई बार में ट्रांसफर हुए थे। कमीशन के तौर पर सोनू ने कई लाख रुपये अपने पास रख लिए थे। सोनू का मुख्य काम ठगी के लिए ठगों को बैंक खाते मुहैया कराने का था। वह पूर्व में हुई साइबर ठगी में भी ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करा चुका है। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में अबतक करोड़ों रुपये आ चुके हैं। पूछताछ में सामने आया कि सोनू भोले भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने समेत अन्य लुभावने ऑफर देता था। किसी के घर में अगर कोई बीमार हो और उसे तुरंत लोन की आवश्यकता हो तो सोनू उसे मदद के नाम पर झांसे में लेता था और खाते खुलवा लेता था। बैंक किट सोनू अपने पास ही रख लेता था। कुछ समय बाद बैंक खाते और उससे संबंधित पूरी जानकारी ठग गिरोह के पास पहुंच जाती थी। इसके एवज में सोनू ठग गिरोह से मोटी रकम लेता था। जब खातों में ठगी की रकम आती थी, तब भी सोनू को कमीशन मिलता था। बीते एक साल से वह इस प्रकार का काम कर रहा है। करीब 22 साल पहले वह सीतापुर से चंडीगढ़ गया था। वर्तमान में वह वहां फेज दो में रह रहा था।

# फरीदाबाद : युवती के फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाए, मामला दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता




फरीदाबाद,। युवती के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर आरोपी द्वारा अश्लील वीडियो-फोटो पोस्ट करने और कॉल करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी ने युवती के फोटो को भी अपनी आईडी प्रोफाइल पर लगाया हुआ है। पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फरीदाबाद में सेक्टर- 45 की रहने वाली एक युवती ने साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि , किसी अज्ञात ने उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया है। इस अकाउंट पर उसका फोटो भी लगाया गया है। इस पर अश्लील पोस्ट की जा रही है और स्टोरी लगाई जा रही हैं। इस अकाउंट से आरोपी युवती को वीडियो कॉल कर अश्लील हरकत करता है। आरोप है कि युवती की ही फोटो का प्रयोग कर अन्य युवतियों के नाम से भी आरोपी ने फर्जी अकाउंट बनाए हैं। आरोपी इन अकाउंट से अश्लील स्टोरी पोस्ट करता है। ऐसे तीन फर्जी अकाउंट की डिटेल युवती ने शिकायत में दी है। इन अकाउंट से लड़कियों को अश्लील कॉल की जा रही हैं। मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# फरीदाबाद : पुलिस वाहन को टक्कर मारने पर पांच गिरफ्तार



फरीदाबाद,। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस वाहन में टक्कर मारने व हाथापाई करने के मामले में क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर गाड़ी को बरामद कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि 28 अप्रैल को पुलिस थाना सैंट्रल क्षेत्र में ई.आर.वी. टीम पेबल टाउन मॉल चौक सैक्टर-12 फरीदाबाद के पास वाहन चैक कर रही थी, तभी एल्डिको मॉल की तरफ से आने वाली एक गाड़ी जिसमें करीब पांच लड़के सवार थे, ने पुलिस वाहन में टक्कर मार दी तथा धर्मा ढाबा की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करके धर्मा ढाबा के नजदीक गाड़ी को रोका गया तो उसमें सवार लड़कों ने मौके पर मौजुद पुलिस कर्मियों की वर्दी को पकड़ कर खींचा गया तथा हाथापाई की गई, जिसमें पुलिसकर्मियो को चोटें आईं। इस संबंध मे थाना सेंन्ट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राईम ब्रांच की टीम ने पांचों आरोपियों अक्षय(19), आर्यन(22), मंदीप(22), अनुप(21) निवासी गांव पृथला व अजय(20) निवासी गांव चांदहट पलवल को सेक्टर 8 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस से मारपीट के आरोपी पांच युवक जेल भेजे

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। सेक्टर-12 में जांच के लिए रोकने पर पुलिस टीम के साथ हाथापाई करने वाले कार सवार पांचों आरोपियों को बुधवार दोपहर क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपियों की पहचान गांव पृथला निवासी 19 वर्षीय अक्षय, 22 वर्षीय आर्यन, 22 वर्षीय मंदीप, 21 वर्षीय अनुप और पलवल के चांदहट निवासी 20 वर्षीय अजय के रूप में हुई है। सभी को सेक्टर-आठ से गिरफ्तार किया गया है और उनसे वारदात के दौरान प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि पांचों आरोपी एक निजी कॉलेज में बीए के छात्र हैं। इनमें से एक डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी भी करता है। सोमवार को वारदात के दौरान सभी फिल्म देखने एक मॉल में स्थित सिनेमा हॉल जा रहे थे। इस दौरान सेक्टर-12 पेबल टाउन मॉल के पास इन्हें जांच करने के लिए रोका गया। लेकिन इन्होंने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने खदेड़कर जब इनकी कार को धर्मा ढाबा के पास रोका तो सभी पुलिस की टीम के साथ हाथापाई करने लगे। इसमें एक पुलिसकर्मी को चोट आई। पुलिस ने आरोपियों की पहचान उनकी कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# फरीदाबाद : नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी को धमकी, सुरक्षा मांगी

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में नूंह हिंसा के आरोपी और गोरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी ऊर्फ राजकुमार पंचाल को कॉल करके जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसके बाद उन्होंने बुधवार को पुलिस में शिकायत देकर अपने लिए सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संजय एन्क्लेव निवासी राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी ने कहा कि, 21 अप्रैल की सुबह वो अपने घर से किसी काम के लिए जा रहे थे। उनके पास एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल पर बात करने वाले ने उनको गाली देकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि तू मेवात आ जा, तुझे गोली मारकर खत्म कर दूंगा। अपनी शिकायत में बिट्टू बजरंगी ने कहा है कि पिछले कई सालों से मुस्लिम समुदाय के लोग मुझसे नाराज हैं। इससे पहले भी उनको जान से मारने की धमकियां मिल चुकी है। बिट्टू बजरंगी ने कहा कि उनको जान का खतरा बना हुआ है। इसलिए वह सुरक्षा की मांग कर रहे है। सारण थाना पुलिस ने बताया कि गौरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी ने अपनी शिकायत में बताया है , कि 21 अप्रैल को व्हाट्सएप कॉल पर एक कॉल आया, इस दौरान कॉलर ने उसे गालियां दीं और जान से मार डालने की धमकी भी दी। उसने अपनी शिकायत में कहा, फोन करने वाले ने मुझे धमकाया अगर मैं मेवात आया तो वह मुझे गोली मार देगा। सारण थाना पुलिस ने इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा भडकाने के आरोप में आरोप में बिट्टू बजरंगी को 15 अगस्त 2023 को गिरफ्तार किया गया था। बिट्टू बजरंगी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उस पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर स्ट्रीम किए गए लाइव वीडियो में भडकाऊ टिप्पणियां कीं, जिसे इंटरनेट पर शेयर किया गया। हालांकि बाद में उसे 30 अगस्त 2023 को जमानत मिल गई। बिट्टू बजरंगी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में फरीदाबाद-एनआईटी सीट से चुनावी किस्मत आजमाई। उन्होंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया लेकिन चुनाव नही लडकर बीजेपी के उम्मीदवार को समर्थन दिया ।

# फरीदाबाद : छात्र पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद,। पल्ला क्षेत्र में 12वीं कक्षा के छात्र पर चाकू से हमला करने वाले तीन और आरोपियों को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार निखलेश शर्मा निवासी शिव कालोनी फरीदाबाद ने पुलिस थाना पल्ला में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि कुछ लडकों ने मिलकर उसके बेटे लक्ष्य के साथ मारपीट की तथा चाकुओं से वार कर चोट पहुंचाई। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना पल्ला में मारपीट व हत्या के प्रयास की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपी पियुष(19), आरीफ(19) व सारीक(19) को किया गिरफ्तार। पूछताछ में सामने आया कि कुछ दिन पहले मुख्य आरोपी सोहेल व पीड़ित का स्विमिंग पुल में नहाते समय आपस में झगड़ा हो गया और पीड़ित ने आरोपी को पीट दिया था। जिस बारे में सोहेल ने आरोपियों को बताया और मौका पाकर आरोपियों के साथ मिलकर लक्ष्य पर चाकू व डंडो से हमला कर चोट पहुंचाई। हमले मे तीनों आरोपी मौके पर मौजुद थे। पियुष व सारिक ने डंडो तथा आरिफ ने लात घुसों से लक्ष्य पर हमला किया था। आरोपियों को पुछताछ के बाद न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया। चाकू मारने वाले मुख्य आरोपी सोहेल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है ।

# फरीदाबाद : कचरे से तैयार होगा एफिल टावर और स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी

फरीदाबाद,। अरावली में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पहाड़ों के बीच औद्योगिक और अन्य प्रकार के कचरे से वेस्ट टू पार्क की योजना नगर निगम फरीदाबाद के द्वारा बनाई जा रही है। इस पार्क को सूरजकुंड-अनखीर रोड पर बनाया जाएगा। अरावली में 20 एकड़ के क्षेत्र में इस पार्क को विकसित किया जाएगा। इस पार्क में स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी, एफिल टावर जैसी कलाकृतियों को कचरे से बनाकर प्रदर्शित किया जाएगा। नगर निगम ने पार्क को बनाने के लिए वन विभाग में एनओसी के लिए आवेदन कर दिया है, जिसके बाद यहां पार्क का काम शुरू हो जाएगा। कचरे की समस्या को प्रदर्शित करने के लिए निगम इस पार्क को बना रहा है। यहां औद्योगिक और अन्य प्रकार के कचरे से यह कलाकृतियां बनाई जाएंगी। इससे स्टूडेंट्स को सीख मिलेगी कि वेस्ट से भी वह कितनी बेहतर चीजें बना सकते हैं। इससे कचरे की समस्या का निदान होगा। साथ ही पर्यटन भी बढ़ेगा। नगर निगम की ओर से इस पार्क को चंडीगढ़ और दिल्ली के वेस्ट टू वंडर पार्क की तर्ज पर बनाया जाएगा। दिल्ली के निजामुद्दीन में वेस्ट टू वंडर पार्क में विश्व के सात अजूबों की कलाकृतियों को बनाया गया है। वहीं, फरीदाबाद के वेस्ट टू आर्ट विश्व द्वीप पार्क में सात महाद्वीपों को प्रदर्शित करने वाली कलाकृतियां होंगी। इनमें भारत के भी सभी राज्यों को प्रदर्शित करने वाली कलाकृतियों को बनाया जाएगा। नगर निगम फरीदाबाद के अतिरिक्त आयुक्त गौरव आंतिल ने बुधवार को बताया कि निगम के इंजीनियर इस पार्क का प्रारूप तैयार कर रहे हैं। इसका अभी बजट तैयार नहीं हुआ है। अनुमान है कि 28 से 30 करोड़ रुपए तक इस पार्क को बनाने में लागत आ सकती है। इसमें सात महाद्वीपों की पहचान मानी जाने वाली कलाकृतियों को वेस्ट से बनाकर प्रदर्शित करने की योजना है।

# डेबिट कार्ड बदलकर खाते से निकाले 85 हजार रुपये

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा,। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में एटीएम से रुपये निकालने गए एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर बैंक खाते से 85 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने बूथ में मदद के बहाने घुसकर न केवल कार्ड बदला, बल्कि उसका पासवर्ड भी चोरी से प्राप्त कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर करीब एक माह बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोटपुर कॉलोनी निवासी दुर्गा नंद झा ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उनका खाता एक्सिस बैंक में है। 23 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे वह सेक्टर-63 स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। मशीन में कुछ खराबी के चलते रुपये नहीं निकल रहे थे। तभी उनके पीछे दो युवक आ गए। उन्होंने परेशानी को समझते हुए मदद का आश्वासन दिया। एक युवक ने उनसे डेबिट कार्ड लेकर रुपये निकालने में मदद का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दोनों ने मशीन खराब बताकर किसी और एटीएम से रुपये निकालने की बात कहकर वहां से टरका दिया। वह डेबिट कार्ड लेकर वहां से चले गए। पीड़ित ने बताया कि कुछ देर बाद जब वह घर पहुंचे तो मोबाइल फोन पर बैंक का मैसेज प्राप्त हुआ। पता चला कि खाते से 85 हजार रुपये निकल गए थे। जेब में रखे डेबिट कार्ड को देखा तो वह उनका नहीं था। एटीएम पर जाकर देखा तो दोनों युवक गायब थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# निवेश के नाम पर सवा सात लाख ठगे

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। सोशल मीडिया पर महिला मित्र बनकर साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक व्यक्ति से करीब सवा सात लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी की पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित मेवला महराजपुर में परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि बीते दिन फेसबुक पर उसकी एक महिला से मुलाकात हुई। महिला ने अपना नाम अदिति शेट्टी बताया। दोनों में मोबाइल फोन के नंबर का भी आदान-प्रदान हुआ और बातें होने ली। पीड़ित के अनुसार महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे शेयर बाजार में निवेश का झांसा दिया और अलग-अलग बैंक खाते में करीब सवा सात लाख रुपये जमा करा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करके शिकायत दी। पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# परिषदीय स्कूलों में स्पोर्ट्स क्लब बनेंगे

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा, । परिषदीय स्कूलों में शासन ने स्पोर्ट्स क्लब गठन करने के निर्देश जारी किए है। इसमें छात्र-छात्राएं केवल शैक्षणिक ही नहीं, खेलकूद गतिविधियों में भी निपुण बनेंगे। जिले के कुल 511 परिषदीय स्कूलों में छात्रों को पारंपरिक खेलों के साथ-साथ एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम खेलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। स्पोर्ट्स ग्रांट से प्राप्त धनराशि से स्कूलों में खेल सामग्री की खरीद की जाएगी। बीएसए राहुल पवार ने बताया कि बच्चों को प्रतिदिन उनकी रुचि के अनुसार खेलों में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। हमारा प्रयास है कि छात्र शिक्षा के साथ खेलों में भी पूर्ण रूप से दक्ष बनें। बता दे कि शासन के निर्देश पर सभी उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्पोर्ट्स क्लब बनाए जाएंगे। इन क्लबों के माध्यम से खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ब्लाइंड क्रिकेट और दिव्यांगजन के लिए विशेष खेल गतिविधियां भी कराई जाएंगी।

# मुनाफे का लालच देकर युवती को ठगा

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक युवती से करीब 63 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल की पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता अपने परिवार के साथ सेक्टर-91 में रहती है। वह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि बीते दिन उनके मोबाइल फोन में शेयर बाजार में निवेश करने पर दोगुने आमदनी होने से संबंधित एक संदेश आया। उन्होंने संदेश पर अंकित लिंक पर क्लिक किया तो एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ लिया। इसके बाद झांसा देकर आरोपियों ने विभिन्न बैंक खाता भेजकर निवेश के नाम पर करीब 63 हजार रुपये ऐंठ लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करके शिकायत दी। पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# नोएडा : दंपति से मारपीट का आरोपी सिपाही निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा,। गौतमबुद्ध नगर जिले में तैनात सिपाही द्वारा दंपति से कथित तौर पर मारपीट करने का वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया गया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीटा दो थाना क्षेत्र में तैनात पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) को ऐच्छर चौकी क्षेत्र में कार द्वारा बाइक को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पीआरवी मदद के लिए मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचा और वहां मौजूद एक व्यक्ति से उनकी कहासुनी हो गई। इससे नाराज सिपाही ने गुस्से में आकर व्यक्ति को थप्पड़ जड़ दिया। बीचबचाव में आई महिला के साथ भी मारपीट की। प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो का पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही भूपेंद्र मलिक को निलंबित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रकरण की जांच जारी है।

# वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद,। नवीन नगर चौकी पुलिस ने वाहन चोरी के तीन मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। दोनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बरसातनिवासी बदरपुर बॉर्डर दिल्ली, और सफी रहमान निवासी मीठापुर बदरपुर दिल्ली शामिल हैं। बरसात ने पूछताछ में बताया कि वह पशु पालने का काम करता है और दो मोटरसाइकिलें ईस्माईलपुर व अगवानपुर से चोरी की थीं। सफी रहमान ने नशे की लत पूरी करने के लिए अगवानपुर से बाइक चोरी की थी। बरसात पर पहले से चोरी, स्नेचिंग और डकैती के सात केस दर्ज हैं।

# फरीदाबाद : वाहन चोरी के दो आरोपी बाइक समेत काबू

फरीदाबाद,। वाहन चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन बाइक भी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने अपने गुप्त सुत्रों से प्राप्त सुचना पर आरोपी बरसात(26) निवासी बदरपुर बॉर्डर दिल्ली को बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से व सफी रहमान(29) निवासी मीठापुर बदरपुर दिल्ली को कच्चा चुंगी रोड इस्माईलपुर फरीदाबाद से बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बरसात(26) से पुछताछ में सामने आया की वह सुअर पालने का काम करता है तथा पहली बाइक उसने ईस्माईलपुर चौक से चोरी की थी। आरोपी से अधिक पूछताछ करने पर पता चला की उसने एक और बाइक अगवानपुर चौक से चोरी की थी, जिसको जैतपुर दिल्ली से आरोपी ने बरामद करवाया है। वहीं आरोपी सफी रहमान(29) ने पूछताछ में बताया कि वह नशा करने का आदी है तथा नशे की पूर्ति के लिए उसने यह बाइक अगवानपुर चौक फरीदाबाद से चोरी की थी,

सम्पादकीय

# पाकिस्तान को जाने वाला पानी - भारत के नागरिकों को मिलेगा - आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ेगा भारत

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पानी सिर्फ एक प्राकृतिक संसाधन नहीं है, बल्कि यह जीवन, विकास और रणनीति का भी मूल आधार है। हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार और जल संसाधन मंत्रालय ने जो रुख अपनाया है, वह न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि जल संसाधन प्रबंधन में भी एक बड़ी क्रांतिकारी पहल होगी। अब वह पानी, जो हरिके बैराज से होकर पाकिस्तान की ओर जाया करता था, अगले वर्ष से राजस्थान को मिलने लगेगा। यह परिवर्तन न सिर्फ एक तकनीकी उपलब्धि होगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद के केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान पर कड़ा रुख अपनाया है। जल संसाधन विभाग ने अपनी अधूरी परियोजनाओं को गति देने का निर्णय लिया है, जिसमें राजस्थान फीडर और इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। पंजाब के हरिके बैराज से निकलने वाला अतिरिक्त पानी अब पाकिस्तान की बजाय राजस्थान की धरती को जीवनदायिनी ऊर्जा देगा। कुल 6500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी राजस्थान को मिलने की योजना है। इसे दो चरणों में इसे लागू किया जाएगा। पहला चरण जुलाई 2026 से शुरू होगा और 3500 क्यूसेक पानी इंदिरा गांधी नहर में प्रवाहित किया जाएगा। वहीं दूसरा चरण इसके दो वर्षों के अंदर बाकी के 3000 क्यूसेक पानी की आपूर्ति पूरी की जाएगी। राजस्थान फीडर और नहर सुदृढ़ीकरण कार्य की स्थिति वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है, नहर प्रणाली की मरम्मत और पुनरुद्धार कार्य अब तेज गति से हो रही है। राजस्थान फीडर (पंजाब हिस्से में) कुल 150 किलोमीटर में से पहले फेज में 97 किलोमीटर को सुधारा जा चुका है। अब केवल 15.37 किलोमीटर का कार्य शेष है ।बाकी 53 किलोमीटर के लिए डीपीआर बन रही है और 5 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। हरियाणा में राजस्थान फीडर के 18 किलोमीटर हिस्से का कार्य पूरा हो चुका है। इंदिरा गांधी नहर 179.53 किलोमीटर में से केवल 2.62 किमी का कार्य शेष है। इसे 20 मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 2498 किलोमीटर लंबी इस प्रणाली में अब केवल 1.22 किमी का सुदृढ़ीकरण कार्य बाकी है। इंदिरा गांधी नहर पर बने 8 ब्रिजों के पुनरुद्धार का कार्य 55 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट के तहत कुल 5040 पंप लगाए जाने हैं, जिसमें से 1000 पंप लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। शेष पर भी शीघ्र कार्य शुरू होगा। पानी रिसाव की समस्या का समाधान के लिए रिसाव रोकने के लिए 8 बड़े कार्यों में से 5 कार्यों की शुरूआत हो चुकी है। इस पर कुल 114 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इंदिरा गांधी नहर की कुल क्षमता 18500 क्यूसेक है, लेकिन वर्तमान में केवल 12,000 क्यूसेक पानी ही राजस्थान तक पहुँच पाता है। कारण है फीडरों की जर्जर स्थिति और रिसाव। अब जब नहरों और फीडरों का सुदृढ़ीकरण लगभग पूरा हो चुका है, तब वह पानी जो पाकिस्तान जा रहा था, अब भारत के अपने भूभाग में उपयोग हो सकेगा। राजस्थान के 13 जिलों को जोधपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बाड़मेर, सीकर, चुरू, झुंझुनूं, नागौर, डीडवाना-कुचामन, बालोतरा और पाली (संभावित विस्तार) इन जिलों में लाखों लोगों को पेयजल मिलेगा और हजारों हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई संभव हो सकेगी। अतिरिक्त पानी की उपलब्धता से राजस्थान की कृषि को एक नई ऊर्जा मिलेगी। अब तक जो क्षेत्र बारानी खेती पर निर्भर थे, वहां सिंचाई का विस्तार होगा। इससे न केवल पैदावार बढ़ेगी, बल्कि किसान आत्मनिर्भर और सशक्त होंगे। जल संसाधन का यह पुनर्वितरण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगा। भारत-पाक जल संधि के अंतर्गत भारत को अपने हिस्से के जल का प्रयोग करने का पूरा अधिकार है। यदि भारत अपनी नहर प्रणाली को मजबूत करके अधिक से अधिक पानी अपने उपभोग में लाता है, तो यह कूटनीतिक दृष्टि से भी एक मजबूत संकेत है। राजस्थान फीडर और इंदिरा गांधी कैनाल के सुदृढ़ीकरण का कार्य पिछले 6-7 वर्षों से जारी था, लेकिन अब जो तेजी आई है वह अभूतपूर्व है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक तत्परता का अद्भुत उदाहरण है यह परियोजना। जो कार्य दशकों से लंबित थे, अब वे महीनों में पूरे हो रहे हैं।

# यह कैसा मजदूर दिवस ?

ब्रह्मानन्द ठाकुर



आज 1 मई है। अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस। 8 घंटे काम का समय निर्धारित करने की मांग को लेकर 1886में शिकागो शहर के हे मार्केट में मजदूरों ने हड़ताल किया था। इस दौरान बम हमले में 7 मजदूर शहीद हो गये थे। इसके बाद ,1889 में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया। मजदूरों के 8 घंटे काम की मांग पूरी हुई। अब अपने देश में 8 घंटे काम की जगह 12 घंटे करने की बात हो रही है। इसे लेकर मजदूर संगठनों में आक्रोश है। मजदूरों ने बड़ी कुर्बानियों के बाद जो अधिकार हासिल किए थे, उन्हें छीना जा रहा है। नौकरी की कोई गारंटी नहीं है। पूँजीपतियों के इसी बेलगाम शोषण-अत्याचार और केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एआईयूटीयूसी सहित 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने 20 मई को आम हड़ताल का आह्वान किया है। श्रमिक संगठनों के नेताओं का कहना है कि मालिकों का शोषण और अत्याचार आज बेलगाम होकर दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। जब जन जीवन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी सहित विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है, तब केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें मेहनतकश जनता पर एक के बाद एक हमले कर रही हैं। आम लोगों के पास जो भी लोकतांत्रिक अधिकार थे, उन्हें भी छीना जा रहा है। रोजगार की स्थिति गंभीर है। बेरोजगार युवाओं के लिए नई नौकरियाँ मिलना तो दूर की बात, उल्टे हर दिन कामकाजी लोग अपनी नौकरियाँ खो रहे हैं और बेरोजगारों की फौज में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में केंद्र की भाजपा सरकार ने मौजूदा 29 श्रम कानूनों को रद्द करने और 4 श्रम कोड लागू करने की घोषणा की है। श्रमिकों के औद्योगिक विवादों को निपटाने के संबंध में जो भी कानूनी सुविधाएं प्राप्त हैं, उन्हें भी छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ये श्रम संहिताएँ औद्योगिक क्षेत्र में मालिकों के बेलगाम आतंक को कायम करने का एक खाका है। 8 घंटे की जगह 12 घंटे का कार्य दिवस लागू की बात की जा रही है। एलएंडटी के मालिक ने सुझाव दिया है कि सप्ताह में काम के घंटे 48 की बजाय 90 होने चाहिएं। सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पेंशन छीनकर शुरू की गई "नई पेंशन योजना" के खिलाफ चल रहे आंदोलन से दबाव में आकर केंद्र सरकार कर्मचारियों को गुमराह करने के लिए मजदूर विरोधी "एकीकृत पेंशन योजना" लेकर आई है। लेकिन सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं कर रही है। विभिन्न राज्य सरकारें शिक्षकों और कर्मचारियों की केंद्रीय दर पर बकाया डीए समेत कई जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर रही हैं। केंद्र हो या राज्य सभी में सरकारी नौकरियाँ देने में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। लाखों कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। स्टील, कोयला समेत संगठित उद्योगों की हालत भी खस्ता है। 45वें श्रम सम्मेलन के फैसले के बावजूद आशा, नगर स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी, मिड डे मील समेत अन्य योजना कर्मियों को श्रमिक के रूप में मान्यता नहीं दी गयी है। सरकारी कर्मचारियों की मांगों को अभी भी नजरअंदाज किया जाता है। निर्माण उद्योग से लेकर बीड़ी, दर्जी, होजरी, फेरीवाला, मछुआरे, मुटिया-मजदूर, बस-लॉरी सहित परिवहन श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और संरक्षा की घोर उपेक्षा की जाती है। असंगठित श्रमिक आज भी जीवन निर्वाह मजदूरी और सामाजिक संरक्षण एवं सुरक्षा से वंचित हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नियोक्ताओं द्वारा और सरकारी स्तर पर भी समारोह आयोजित करने, मजदूरों के हित में बड़ी -बडी बातें कहने का क्या औचित्य रह जाता है?

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी

**लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरू कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरू कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पदार्पाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया।**





ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरू कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरू कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पदार्पाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है। निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूंबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है। दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसल्ले वाले महानायक है। पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है। पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। मोदी सरकार के लिए यह दिखाना जरूरी हो गया है कि वो इस मामले को लेकर वाकई गंभीर है। जैसे-जैसे पर्यटकों के शव उनके परिवारों तक पहुंच रहे हैं और उनके अंतिम संस्कार के भावुक एवं मार्मिक दृश्य प्रसारित हो रहे हैं- सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा खासतौर पर इस तथ्य से और बढ़ गया है कि आतंकवादियों ने पहले पुरुषों का धर्म जानना चाहा और उन्हें उनके परिवार के सामने गोली मार दी।

# हिंदी साहित्य की आँख में किरकिरी: स्वतंत्र स्त्रियाँ

**उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाजता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है। वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफसोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है..हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती।**



प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार



हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती। उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाजता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है। वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफसोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है..हिंदी साहित्य जगत को असल स्वतंत्र चेता प्रबुद्ध स्त्रियां अभी भी हजम नहीं होती। उन्हें वैसी ही स्त्री लेखिका चाहिए जैसा वह चाहते हैं। वह सॉफ्ट मुद्दों पर लिखे, परिवार, समाज, कुछ मनोविज्ञान, स्त्री-पुरुष संबंध। आधुनिकता का या आधुनिक स्त्री का पर्याय उनके लिए वह है कि बोल्ड लेखन कर सके, अश्लीलता को बोल्ड लेखन के नाम पर यह समाज स्त्री लेखिकाओं को खूब चढ़ाता है और उन्हें खूब बड़े-बड़े शब्दों से नवाजता है। यह सब वे स्त्री स्वतंत्रता के नाम पर करता है। वे भ्रमित स्त्रियां भी घर परिवार का विरोध, संस्कृति का विरोध, विकृत यौनिकता के समर्थन को ही बोल्ड और आधुनिक मान उनके हाथ के कठपुतली बनी हुई इठलाती रहती हैं। अफसोस कि उन्हें पता ही नहीं होता कि वे कठपुतली हैं, उनसे जैसा चाहे वैसा लिखवाया जाता है और वह भी उन्हें आधुनिक, साहसी, बोल्ड, स्वतंत्र चेता, प्रबुद्ध शब्दों की चाशनी में लपेटकर। लिजलिजे साहित्य की रचना, विध्वंस, नकारात्मकता लिखना ही उन्हें बोल्ड और प्रबुद्ध कहलवाता है। हिंदी साहित्य जगत के लिए आज भी स्वतंत्र चेतना वाली प्रबुद्ध स्त्रियाँ एक असहज कर देने वाला सच हैं। वे स्त्रियाँ जो अपनी स्वतंत्र बुद्धि की मालिक हैं, जो सोचती हैं, सवाल उठाती हैं, और झुकी हुई लेखिकाओं के पुराने सांचे में नहीं ढलतीं- वे साहित्यिक जमात को अब भी पचती नहीं हैं। आज भी उन्हें वैसी ही लेखिकाएँ चाहिए जो उनके निर्धारित खांचे में फिट बैठें: जो "सॉफ्ट" मुद्दों पर लिखें- परिवार, समाज, थोड़ी सी मनोविज्ञान की बात, कुछ हल्के-फुल्के स्त्री-पुरुष संबंध। जब हिंदी साहित्य के मंचों पर "आधुनिकता" का जिक्र होता है, तो उसका भी एक निर्धारित ढांचा होता है। "आधुनिक" स्त्री लेखिका का मतलब उनके लिए वह है जो "बोल्ड" हो-यानी अश्लीलता को "बोल्ड लेखन" का नाम देकर परोसे। जिसे "यौनिक स्वतंत्रता" के नाम पर उकसाया जाए-परिवार के विरोध, संस्कृति के उपहास और संबंधों की विकृति को ही आधुनिकता का पर्याय बताया जाए। और इस पूरी चालाकी को इतनी मिठास से लपेटा जाता है कि भ्रमित लेखिकाएँ स्वयं भी इस झूठ को सच मान बैठती हैं। वे गर्व से फूली नहीं समातीं कि वे कितनी "बोल्ड", "स्वतंत्र" और "आधुनिक" बन गई हैं-जबकि वे महज उन साहित्यिक ठेकेदारों के हाथों की कठपुतली बन चुकी होती हैं, जो उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार नचाते हैं। अफसोस, उन्हें कभी यह सवाल उठाने की फुर्सत नहीं होती-कि जिस स्वतंत्रता का पाठ उन्हें पढ़ाया जा रहा है, क्या वही पाठ उन पुरुष लेखकों ने अपनी घर की स्त्रियों को भी पढ़ाया है?साहित्यिक समाज की मानसिकता यह है कि स्त्री लेखन सीमित रहे-कोमल भावनाओं, सौंदर्य, प्रेम, विरह, या सॉफ़्ट पोर्न के एक छुपे हुए दायरे में। यदि कोई स्त्री जियोपॉलिटिक्स, धर्म, दर्शन, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, समाजशास्त्र, राजनीति, शिक्षा, अर्थशास्त्र या नीतियों पर गंभीरता से लिखने का साहस करती है, तो वह असहज कर देती है। उनके मन में यह असहनीय बात घर कर जाती है कि "यह क्षेत्र तो पुरुषों के हैं।" स्त्रियों को बस शब्दों का श्रृंगार करना चाहिए-गहरे सवाल नहीं उठाने चाहिए। विचारों की गहराई, विश्लेषण की धार और बौद्धिक निर्भीकता-ये सब अभी भी हिंदी साहित्यिक परिदृश्य में "पुरुषों का गढ़" माने जाते हैं। जो स्त्री न किसी पुरस्कार की आकांक्षा में झुकती है, न किसी मंच के लालच में अपने विचारों से समझौता करती है, न किसी प्रसिद्ध आलोचक की कृपा-दृष्टि की भूखी होती है, जो स्त्री अपने विचारों, मूल्यों और चरित्र के प्रति सजग और अडिग है- वह हिंदी साहित्य जगत के लिए अब भी एक खतरनाक उपस्थिति है। ऐसी स्त्री का अपने खुद के विवेक की स्वामिनी होना, उसका स्वतंत्र होना-उन्हें डराता है, चिढ़ाता है, असहज कर देता है। वे उसे "अहंकारी", "असंवेदनशील", "कट्टर" और "अति-बुद्धिजीवी" जैसे तमगों से नवाजने लगते हैं, ताकि उसे हाशिए पर धकेला जा सके। लेकिन उनका सारा उपहास, सारी आलोचना उस स्त्री के लिए एक तुच्छ शोर मात्र है, जो जानती है कि उसका युद्ध बाहर के नहीं, बल्कि भीतर के अंधकार के विरुद्ध है। यह विरोधाभास देखिए- जिन्होंने स्त्रियों को यौनिकता के नाम पर "आधुनिकता" का पाठ पढ़ाया, वही अपने घर की स्त्रियों के लिए अब भी वही "पवित्रता", "मयार्दा", और "परंपरा" की कसौटी लगाते हैं। उनके लिए "बोल्डनेस" केवल बाहर की दुनिया की स्त्रियों के लिए है। घर की औरतें अब भी पर्दे में रहनी चाहिए, चुप रहनी चाहिए, विनम्र रहनी चाहिए। जो स्त्रियाँ अपनी स्वतंत्रता को अश्लीलता में, अपनी आधुनिकता को आत्मवंचना में, और अपनी साहसिकता को पितृसत्तात्मक छद्म समर्थन में बेच आती हैं-वह असल में किसी क्रांति का हिस्सा नहीं बनतीं, बल्कि उस पितृसत्तात्मक साहित्यिक व्यवस्था की नई चेरी बन जाती हैं। कठोर सत्य यह है कि-"स्त्री की मुक्ति" भी आज एक ब्रांड बन चुकी है। जिसका सौदा होता है, मंचों पर प्रदर्शन होता है, पुरस्कारों में बाँटा जाता है।

# नफरत की ये आग कब बुझेगी

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छः सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गयी जिसमें 27 लोगों की जानें चली गयीं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गये हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख़्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिये। निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मकसद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गयी उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्खियों में रहा वह था पहलगाम के नजाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नजाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नजाकत अली उर्फ नजाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नजाकत अली के साथ अपनी फोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ करते हुये लिखा कि -"आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नजाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि "जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था"। इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसायी नजाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नजाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नजाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। गौरतलब है कि कश्मीर के नजाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नजाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की जिम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नजाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई। बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाये गये पर्यटकों की जान बचाने के मकसद से एक हमलावर की बंदूक के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गये। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौके पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाकों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी जरूरी चीजें मुफ़्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफी हद तक पुनः पटरी पर आ सका।

## संक्षिप्त खबरें

### राम जन्मभूमि के श्रीगणेश मन्दिर पर शिखर कलश और ध्वज दंड स्थापित

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। बुधवार अक्षय तृतीया तिथि पर श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित श्रीगणेश मन्दिर पर पूजा अर्चना के साथ शिखर कलश और ध्वज दंड स्थापित किया गया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय ने पूजन किया। इस अवसर पर ट्रस्टी डा. अनिल मिश्र, व्यवस्था प्रबंधक गोपाल राव सहित निर्माण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अमेठी में राहुल गांधी ने हृदय रोग इकाई का किया उद्घाटन

अमेठी। कांग्रेस से रायबरेली सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे और संजय गांधी अस्पताल में के हृदय रोग इकाई का उद्घाटन कर आम लोगों के लिए सौंपा। वही मुंशीगंज स्थित गन फैक्ट्री का निरीक्षण भी किया। श्री गांधी का अमेठी पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकताओं एवं नेताओं ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेता ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने इंडो-रसियन रायफल प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उनका काफिला सीधे मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल पहुंचा जहां श्री गांधी ने संजय गांधी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी यूनिट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक एंबुलेंस का उद्घाटन कर आम जनमानस के लिए सौंपा। श्री गांधी ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उनका काफिला एयर पोर्ट के लिए रवाना हो गया। श्री गांधी के आगमन के पूर्व अमेठी में आपत्ति जनक पोस्टर लगे दिखायी दिये। उनके अमेठी पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज के समीप भाजपा कार्यकताओं ने श्री गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

### प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीघा में जगन्नाथ मंदिर की स्थापना उत्सव में लिया भाग

दीघा (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समुद्र तटीय शहर दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर की स्थापना उत्सव में भाग लिया। बनर्जी ने तीन वर्षों में इस मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों और इंजीनियर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ह्यमैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जो इस कार्यक्रम के लिए यहां आए हैं। सभी धर्मों के लोग यहां आए हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि आने वाले वर्षों में यह मंदिर एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित होगा।

### कुकी-जो छात्र संगठनों ने लोगों से तीन मई को मणिपुर में बंद का आह्वान किया

इंफाल/चुराचांदपुर। मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के दो साल पूरे होने के मौके पर दो छात्र संगठनों (कुकी-जोमी) ने लोगों से तीन मई को राज्य में सभी शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया है। जोमी छात्र संघ (जेडएसएफ) और कुकी छात्र संगठन (केएसओ) ने कहा कि तीन मई 2025 को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के दो साल पूरे हो जाएंगे और सभी से आग्रह है कि ह्यहमसभी शैक्षणिक संस्थानों और सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद कर मौन रहकर इस दिन को मनाएं। मणिपुर में मई 2023 से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केंद्र ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। यहां विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है, जिसे निलंबित कर दिया गया है। छात्र संगठनों ने सभी से आवासों पर काले झंडे फहराने का भी आह्वान किया।

### मिजोरम के पूर्व सांसद रोनाल्ड सापा तलाऊ का निधन

आइजोल। पूर्व राज्यसभा सदस्य और मिजोरम कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता रोनाल्ड सापा तलाऊ का बुधवार सुबह आठ बजे नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि तलाऊ की सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में ह्यओपन हार्ट सर्जरीह्न हुई थी। सूत्रों ने बताया कि सर्जरी के बाद उन्हें कई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं हुईं जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। बयान में कहा गया है कि उनका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को आइजोल स्थित उनके घर लाया जाएगा और अगले दिन यहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सेरछिप जिले के हुआल्टू गांव में चार फरवरी 1954 को जन्मे तलाऊ 2014 में उस समय राज्यसभा के लिए चुने गए थे, जब पूर्व मुख्यमंत्री लल थनहवला नीत कांग्रेस राज्य में सत्ता में थी। वह अब तक मिजोरम प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के उपाध्यक्ष रहे। तलाऊ ने 2003 से महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर पार्टी की सेवा की है।

# श्रीबांकेबिहारी मंदिर : अक्षय तृतीया पर उमड़ा भक्ति और आस्था का जनसैलाब

प्रात : किरण/एजेंसी

मथुरा। वृंदावन में अक्षय तृतीया पर भक्ति और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डगमगाई नहीं। ठाकुर बांकेबिहारी जी के वर्ष में एक बार होने वाले दुर्लभ चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन की झलक पाने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे और इस अक्षय पुण्य को पाकर हर श्रद्धालु भक्ति से आल्हादित हो गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात नजर आए, वहीं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और पुलिस कप्तान श्लोक कुमार स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। प्राचीन सप्त देवालयों सहित सभी प्रमुख मंदिरों में ठाकुर जी को गर्मी से राहत देने के लिए चंदन का लेपन किया गया।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में विशेष अवसर पर ठाकुर जी को केसरयुक्त मलयागिरि के चंदन का लड्डू अर्पित किया। साथ ही सत्तू, बेसन के लड्डू और शीतल पेय पदार्थों का भोग लगाया गया। ठाकुर जी को पीत वस्त्रों से सजाया गया और रायबेल, कुंद, मोगरा तथा गुलाब की सुगंधित मालाओं के साथ स्वणार्भूषण, सोने की बांसुरी और पाजेब पहनाई गई। सुबह ठाकुर बांकेबिहारी ने सुनहरे श्रृंगार और केसरिया पोशाक में भक्तों को चरणदर्शन दिए तो



जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। आराध्य के दिव्य दर्शन की एक झलक पाने को लालायित भक्तों के इंतजार के पल जैसे ही खत्म हुए तो मंदिर बांकेबिहारी में भक्तों की भीड़ फूट पड़ी। मंदिर में अंदर पहुंचे भक्त आराध्य के चरणों की झलक पाकर सुधबुध खो बैठे और पीछे से आ रहे भक्तों का रेला का एहसास जब दर्शन में मग्न श्रद्धालु को हुआ तो आगे बढ़ने का मन बनाया। अक्षय तृतीया पर आराध्य बांकेबिहारी के चरण दर्शन को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी तो आराध्य ने भी तय समय से करीब एक घंटा 45 मिनट पहले ही दर्शन दिए। सुबह छह बजे मंदिर के पट जल्द खुले तो भक्तों का भी सहूलियत मिली। मंदिर खुलने के समय तक हजारों भक्त दर्शन करके मंदिर से निकल चुके थे। भक्तों की भीड़ से खचाखच भरे परिसर में जितनी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, उससे कई गुना अधिक श्रद्धालु मंदिर के बाहर आराध्य की दिव्य झांकी के दर्शन को उतावले हो रहे थे। प्रशासनिक व्यवस्था भी पूरी तरह मजबूत नजर आई। विद्यापीठ और जुगलघाट से कतारबद्ध होकर श्रद्धालु रेलिंग के अंदर से ही मंदिर तक पहुंच रहे थे। गर्मी के दिनों में गर्म धरती पर नंगे पैर चलने में श्रद्धालुओं की दिक्कत को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर आने वाले रास्तों पर कारपेट बिछाकर जगह जगह पंखा, कूलर लगाए हैं। ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वाला कोई भी व्यक्ति गलत है, यह देशद्रोह के बराबर: सिद्धरमैया

प्रात : किरण/एजेंसी



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति पाकिस्तान के पक्ष में बोलता है, तो वह गलत है और ऐसा करना देशद्रोह के बराबर है। सिद्धरमैया ने कहा कि मंगलुरु में कथित तौर पर ह्यपाकिस्तान जिंदाबादह्न का नारा लगाने वाले एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा हत्या किए जाने के संबंध में जांच जारी है।

सिद्धरमैया ने मंगलुरु में कथित तौर पर ह्यपाकिस्तान जिंदाबादह्न का नारा लगाने पर एक व्यक्ति की हत्या पर संवाददाताओं के सवाल का जवाब देते हुए कहा, ह्यअगर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया तो यह गलत है, चाहे वह कोई भी हो। जांच अभी जारी है, मामला दर्ज कर लिया गया है, रिपोर्ट आने दीजिए। यह स्पष्ट हो जाएगा कि किसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जानी चाहिए।ह्न उन्होंने कहा, अगर कोई पाकिस्तान के पक्ष में बोलता है तो यह गलत है, यह देशद्रोह है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि मंगलुरु में एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा हत्या कर दी गई और इस घटना के संबंध में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने यह दावा किया कि मृतक ने ह्यपाकिस्तान जिंदाबादह्न का नारा लगाया था। उन्होंने कहा, ह्यइस मामले की जांच की जा रही हैङ्घ अब तक करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।ह्न उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक कौन था, कहां से आया था और उसका क्या इतिहास था। इस संदर्भ में, क्रिकेट मैच खेलने गए लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, क्योंकि वे घटना के समय आसपास थे। जब गृह मंत्री परमेश्वर से पूछा गया कि क्या मृतक व्यक्ति केरल के वायनाड का था, तो उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी है, लेकिन इसकी पुष्टि करने की आवश्यकता है। इसके लिए मृतक की पहचान स्थापित की जाएगी और उसके परिवार से संपर्क किया जाएगा। जब उनसे यह सवाल पूछा गया कि क्या पुलिस की तरफ से कोई चूक हुई है, क्योंकि कुछ खबरों में यह दावा किया गया था कि पहले इसे आत्महत्या के रूप में पेश करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कहा, ह्यहमें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा कुछ है, तो वह जांच से सामने आएगा। अगर पुलिस की कोई चूक पाई जाती है, तो उचित कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने आश्वस्त किया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और इस बारे में कोई भी संशय नहीं होना चाहिए कि इसे हल्के में लिया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अशरफ के रूप में हुई है, जो केरल के वायनाड जिले के सुलतान बैथेरी तालुक के पुलपल्ली गांव का निवासी था। पुलिस ने बताया कि यह घटना 27 अप्रैल को मंगलुरु के बाहरी इलाके कुडुपु गांव में भात्रा कल्लुर्ती मंदिर के पास एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी। पुलिस ने बताया कि अशरफ पर कथित तौर पर लाठियों से हमला किया गया, जिससे उसे चोटें आईं और आंतरिक रक्तस्राव हुआ। उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था।

# कोलकाता : होटल में आग से 14 मरे; प्रधानमंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषणा की, मुख्यमंत्री का जांच का आदेश

प्रात : किरण/एजेंसी

कोलकाता। मध्य कोलकाता स्थित बड़ बाजार के मछुआपट्टी इलाके में एक होटल में भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में मारे गए अधिकतर लोगों की जान दम घुटने के कारण गई और आग लगने की घटना में 13 अन्य घायल हो गए।

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा और राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने शुरू में कहा था कि मंगलवार शाम को ऋतुराज होटल में लगी आग में 15 लोग मारे गए थे। बाद में अस्पतालों और बचाव दल के रिकॉर्ड की जांच के बाद वर्मा ने मृतकों की संख्या को संशोधित कर इसे 14 कर दिया। वर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, शुरूआती रिपोर्ट में 15 लोगों के मरने की सूचना थी। कुछ भ्रम था। लेकिन सत्यापन के बाद संख्या को सही करके 14 कर दिया गया है। फिलहाल हमारे पास यही पुष्ट आंकड़ा है। किफायती ऋतुराज होटल में आग लगने की खबर सबसे पहले मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे मिली और देखते ही देखते चार मंजिला इमारत भट्टी में तब्दील हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना में मारे गए 14 लोगों में 11 पुरुष थे। एक अधिकारी ने बताा कि अब तक आठ मृतकों की पहचान हुई है। मरने वालों में एक महिला और दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) शामिल हैं।

ज्यादातर मामलों में मौत का कारण दम घुटना बताया जा रहा है, जबकि कुछ लोग घबराहट में होटल की ऊपरी मंजिलों से कूदने के कारण मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने भयावह दृश्य के बारे में बयां करते हुए कहा कि आग की लपटें खिड़कियों से बाहर निकल रही थीं और घने काले धुएं से गली भर गई थी। होटल में फंसे हुए लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, जबकि कुछ लोग आग से बचने के लिए खिड़कियों से कूद गए। सीढ़ियों और रस्सियों की मदद से दमकलकर्मियों ने झुलसे हुए लोगों को बाहर निकाला, जबकि आग में घिरे हुए ढांचे से चीख-पुकार की आवाजें आ रही थीं। राज्य अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने बताया कि दमकल की 10 गाड़ियों को



मौके पर भेजा गया और करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना के समय ऋतुराज होटल में 42 कमरों में 88 मेहमान ठहरे हुए थे। अधिकारी ने बताया, घटना में मारे गए अधिकतर लोग अंदर फंसे हुए थे और घने धुएं के कारण बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने कहा, ह्यह्यएक फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच करेगी। घटनास्थल की घेराबंदी की गई है। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने भी शुरू में कहा था कि आग में 15 लोगों की मौत हुई है, लेकिन बाद में उन्होंने मृतक संख्या 14 बताई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी को उद्धृत करते हुए ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, ह्यह्यकोलकाता में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत निधि (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।\ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मृतकों की संख्या 14 होने की पुष्टि की और कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया, बड़ बाजार इलाके में एक निजी होटल (ऋतुराज) में आग लगने की घटना के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदना है। मैंने रात भर बचाव और अग्निशमन कार्यों की निगरानी की और इलाके में अधिकतम दमकल सेवाओं को भेजने का निर्देश दिया। कुल 14 लोगों की मौत हो गई, क्योंकि अंदर ज्वलनशील पदार्थ जमा थे। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और सभी प्रभावितों के प्रति एकजुटता प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक मृतक के परिवार को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और प्रत्येक घायल को 50-50 हजार रुपये देगी। उन्होंने ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्यह्यबड़ बाजार क्षेत्र में एक निजी होटल (ऋतुराज) में दुर्भाग्यपूर्ण आग लगने की घटना के बाद की स्थिति पर नजर रख रही हूं और सबसे अधिक प्रतिकूल परिस्थिति होने के बावजूद लगभग 99 लोगों को बचाने में अग्निशमन सेवा एवं पुलिस के प्रयासों की सराहना करती हूं। बचाव कार्यों में सहयोग और मदद के लिए स्थानीय लोगों का भी आभार। मुझे शुरू में बताया गया कि अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने/कूदने आदि के कारण हुई। आगे की जांच जारी है।

घटना के बाद कोलकाता पुलिस ने मामले में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो आग लगने के कारण और सुरक्षा में चूक का पता लगाएगी। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की राजधानी में एक अप्रिय घटना हुई, लेकिन उस दौरान भी वह पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में जगन्नाथ धाम के एक दिवसीय उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा ले रही थीं।

मजूमदार ने कड़े शब्दों में कहा, कल, बड़बाजार के मछुआ इलाके में लगी भीषण आग ने 14 से अधिक निर्दोष लोगों की जान ले ली। कई और लोग जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फिर भी, मुख्यमंत्री ने चुप रहना चुना और दीघा में अपने धार्मिक कार्यक्रम को जारी रखा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, यह उनकी सहानुभूति की कमी और उनके प्रशासन की विफलता को उजागर करता है। जब असहाय आम नागरिक आग की लपटों में फंसे हुए थे और दर्द में मर रहे थे, तब मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दोहन करने में व्यस्त थीं। उनका पूरे साल का तुष्टिकरण और चुनाव के समय धार्मिक दिखावा एक बार फिर शासन पर हावी हो गया है। मजूमदार ने राज्य भर के भाजपा कार्यकर्ताओं से तुरंत राहत कार्य शुरू करने और पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं व्यक्तिगत रूप से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहूंगा और बचाव एवं राहत कार्यों में हमारी पार्टी की भागीदारी की निगरानी करूंगा। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। राज्य प्रशासन, विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर प्रभावित लोगों की सहायता करने और प्रभावी राहत एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इस कठिन घड़ी में हम प्रभावित सभी लोगों के प्रति अटूट एकजुटता जताते हैं और उनके साथ खड़े हैं।

# भगवंत मान अब पानी का मुद्दा उठाकर पंजाब, हरियाणा को बांटने की कोशिश कर रहे : बिट्टू

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बुधवार को कहा कि जब देश पहलगाम जैसे आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट है तब ऐसे समय में भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान हरियाणा के साथ जल मुद्दे को उठाकर दोनों राज्यों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता का यह बयान मान द्वारा हरियाणा को और अधिक पानी देने से इनकार करने के एक दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि पड़ोसी राज्य पहले ही अपने आवंटित हिस्से का 103 प्रतिशत उपयोग कर चुका है। मान ने भाजपा पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से हरियाणा की मांग पूरी करने के लिए पंजाब सरकार पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। मान ने कहा कि हरियाणा ने मार्च में अपने हिस्से का पानी खत्म कर दिया है, जिसके बाद अब अप्रैल और मई के लिए वह अतिरिक्त पानी की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब को आगामी धान की बुआई के मौसम के लिए पानी की जरूरत है और उसके पास एक बूंद भी अतिरिक्त पानी नहीं है।

केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की निर्मम हत्या के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। बिट्टू ने जल मुद्दे पर मान के बयान का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यइस समय जब हर कोई पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए एकजुट है तो आप (मान) विभाजन पैदा करने की बात क्यों कर रहे हैं। बिट्टू ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ह्यआप (मान) ने इस समय दो भाइयों (पंजाब और हरियाणा) को विभाजित करने की कोशिश की है और उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बाद में बिट्टू ने एक बयान में कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा की और सभी चाहते हैं कि इस हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। बिट्टू ने कहा, इस समय देश की प्राथमिकता एकजुटता दिखाना और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। दुर्भाग्य से भगवंत मान ने राज्यों को बांटने और राष्ट्रीय हितों की जगह तुच्छ राजनीति करने के लिए यह समय चुना।

# नगरीय निकायों का मनमाने तरीके से पुनर्गठन कर रही भाजपा सरकार: गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर आरोप लगाया है कि वह राज्य में पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के पुनर्गठन का काम मनमाने तरीके से कर रही है। गहलोत ने एक्स पर लिखा, राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं। गहलोत के अनुसार, जिलाधिकारियों ने जनता की आपत्तियां दर्ज करके आगे की कार्रवाई करने की बजाय हाथ खड़े कर दिए हैं और जिलाधिकारी कह रहे हैं कि हम कुछ नहीं कर पाएंगे, सारा काम राज्य सरकार के स्तर से हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मिलकर येन-केन प्रकारेण पंचायती राज और नगर निकाय के चुनावों में जीत चाहते हैं। इसके लिए भरतपुर के जिला प्रमुख पद समेत कई जगह उपचुनाव तक नहीं करवाए गए। फिर ह्यएक देश-एक चुनावह्य के नाम पर कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव नहीं करवाए और अब ये वोट बैंक को साधकर जीतने के लिए नियमों एवं जनता की सहूलियत को भी अनदेखा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि न तो न्यूनतम एवं अधिकतम जनसंख्या के पैमाने को माना जा रहा है और न ही मुख्यालय से उचित दूरी का ध्यान रखा जा रहा है। कहीं शहर से 10-10 किलोमीटर दूर के गांवों को नगरीय निकायों में मिलाया जा रहा है तो कहीं गांवों को इस तरह पंचायतों से जोड़ा जा रहा है कि पंचायत मुख्यालय पांच से 10 किलोमीटर तक दूर हो गया है।

# अखिलेश यादव मांगे माफी, सपा करती है दलितों का अपमान

प्रात : किरण/एजेंसी

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के एक होर्डिंग में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर हटाकर उस स्थान पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाए जाने को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के फोटो के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की फोटो लगाए जाने से नाराज भाजपा के कार्यकताओं ने बुधवार को हाथों में काली पट्टी बांधकर उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में अंबेडकर मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

बाबा साहेब अंबेडकर की आधी तस्वीर के साथ अपना चेहरा लगाकर अखिलेश यादव ने दलित समाज का अपमान किया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस कृत्य के लिए माफी मांगे। अंबेडकर पार्क में जुटे लोगों ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया। भाजपा कार्यकताओं के हाथों में ह्यबाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान लिखी तख्तियां थीं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने फोटो (तस्वीर) को जोड़कर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। उनके चेहरे को हटाकर अपना चेहरा लगाया, इससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यह दलित जाति का अपमान है। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव माफी मांगें। आखिर दलित समाज कब तक अपमान सहता रहेगा। समाजवादी पार्टी ने मायावती का अपमान किया था, अब अंबेडकर का अपमान कर रही है। जबकि भाजपा दलितों को अपने सिर पर बैठाकर विकास के मार्ग पर चल रही है। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रहा है, वह बाबा साहेब का अपमान करती आई है। सपा ने मायावती का अपमान किया और अब अंबेडकर की जगह अपना चेहरा जोड़कर दलित समाज का घोर अपमान किया है। दलित समाज इसे कभी माफ नहीं करेगा। वह दलित हितैषी बनना चाहते हैं, लेकिन सपा का इतिहास दलित विरोधी रहा है।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर खोले गए यमुनोत्री धाम के कपाट

प्रात : किरण/एजेंसी

उत्तरकाशी। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार को यमुनोत्री धाम के कपाट खोल दिए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बुधवार को 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। पौराणिक परंपरा के अनुसार, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां यमुना के कपाट भक्तों के लिए खोले गए। मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली में अक्षय तृतीया के दिन यमुना मंदिर में पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद यमुना मां की डोली सोमेश्वर देवता के प्रांगण से यमुनोत्री धाम के लिए रवाना की गई। खरसाली से शनिदेव की डोली की अगुवाई में मां यमुना की डोली यमुनोत्री धाम पहुंची, जहां यमुनोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों ने विधिवत हवन किया और पूजा-अर्चना की। शुभ मुहूर्त पर दोपहर 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट छह माह तक यानी ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए। देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्री ग्रीष्मकाल में मां यमुना के दर्शन यमुनोत्री धाम में कर सकेंगे। तीर्थ पुरोहित विपिन उनियाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि आज यमुनोत्री धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। इसी के साथ ही उत्तराखंड में आज से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। मैं सभी से अपील करूंगा कि हर्षोल्लास के साथ चारधाम यात्रा में हिस्सा लें। अक्षय तृतीया के दिन यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुल जाते हैं। हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का विशेष महत्व है। चार धाम यात्रा का क्रम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ है। यमुनोत्री और गंगोत्री के बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यमुनोत्री से यात्रा शुरू करने पर चारधाम यात्रा में किसी भी प्रकार की रुकावट भक्तों को नहीं आती है। यमुनोत्री, यमुना नदी का उद्गम स्थल है। यमुना जी यमराज की बहन हैं और उन्हें वरदान प्राप्त है कि वह अपने जल के माध्यम से सभी का दुख दूर करेंगी। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यमुनोत्री में स्नान करता है, उसे मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। इसी वजह से भक्त चारधाम यात्रा की शुरूआत यमुनोत्री से करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

# पटना में पुलिस से मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

प्रात : किरण/एजेंसी

पटना। बिहार के पटना जिले के पंडारक थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कई हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है और इनके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि पंडारक के दियारा क्षेत्र में कुछ अपराधी इकट्ठा हुए हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम संबंधित इलाके में छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बेगूसराय के अर्जुन राय और मोकामा के मेकरा के उमेश राय के रूप में की गई है। बताया गया कि ये दोनों अपराधी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे और इनके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास को और खंगाल रही है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से फिलहाल पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने के प्रयास में है कि इन दोनों का किसी आपराधिक गिरोह से कनेक्शन है या नहीं। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों के अन्य साथियों की तलाश में भी है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से दो देसी राइफल, एक देसी कट्टा और दर्जनों राउंड कारतूस जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि बिहार में पुलिस मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ी हैं। गोपालगंज जिले में भी मंगलवार को दो अलग-अलग पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ की घटनाओं में चार बदमाशों को गोली लगी थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 01 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### मायावती ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राजनीतिक एकजुटता का आह्वान किया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को राजनीतिक एकजुटता का आह्वान किया और सभी राजनीतिक दलों से बयानबाजी करने के बजाय सरकार की कार्रवाई का समर्थन करने का आग्रह किया। मायावती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी कर घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए क्योंकि लोगों में भ्रम पैदा हो रहा है जोकि देशहित में ठीक नहीं है। बसपा प्रमुख ने एक अन्य पोस्ट में इस मुद्दे में डॉक्टर बीआर आंबेडकर का नाम घसीटे जाने के खिलाफ पार्टियों को चेताया। उन्होंने लिखा, ह्यह्यइस प्रकरण में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कतई ना किया जाए। खासकर सपा एवं कांग्रेस को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए अन्यथा बसपा इनके विरुद्ध सड़कों पर भी उतर सकती है।

### पुलिस ने 29 गोवंश ले जा रहे ट्रक को पकड़ा, चालक फरार

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पुलिस ने बुधवार तड़के 29 गोवंश ले जा रहे एक ट्रक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की हालांकि वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जयसिंहपुर कोतवाली के निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर सेह्यपूर्वांचल एक्सप्रेस-वेह्ल पर संदिग्ध ट्रक की सूचना मिलने के बाद ह्यडायल 112ह्ल की दो पुलिस टीमों ने ट्रक का पीछा किया और रायबरेली-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेमरी लहोटा मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया गया। उन्होंने बताया कि ट्रक से 29 गोवंश बरामद किये गये लेकिन वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। अधिकारी ने बताया कि बरामद गोवंशों को गौशाला भेजने की व्यवस्था की गई है और मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है।

### उप्र : आम के पेड़ पर फांसी लगाकर दंपति ने खुदकुशी की

फरुर्खाबाद (उप्र)। लीलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आम के बाग में एक दंपति ने पेड़ पर साड़ी और दुपट्टे से कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। थानाध्यक्ष मोनू शाक्य ने बताया कि दोनों पति पत्नी मंगलवार को डाक्टर से पास जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र लीलापुर निवासी 24 वर्षीय शशांक गाजियाबाद में नौकरी करता था और पिछले दिनों उसके ताऊ सुनील की मौत हो गयी थी और दो दिन पूर्व ही वह घर आया था। उनके अनुसार, मंगलवार को शशांक अपनी पत्नी 22 वर्षीय अंशु को लेकर दवा लेने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन उसने ग्राम हरिहरपुर के निकट अनुराग पुत्र रामौतार के बाग में पेड़ से फंदा लगा कर फांसी लगा ली। शाक्य ने बताया कि शशांक ने काले दुपट्टे से और उसकी पत्नी अंशु ने अपनी साड़ी से ही फंदा लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली। शशांक का दो साल पूर्व ही विवाह हुआ था।

### ईंट भट्टे की दीवार ढहने से दो मजदूरों की दबकर मौत, दो घायल

मुजफ्फरनगर (उप्र)। चर्थवाल थाना अंतर्गत धदेरू गांव में बुधवार को एक ईंट भट्ठा की दीवार ढहने से मलबे में दबकर दो श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चर्थवाल थाना के एसएचओ जसवीर सिंह ने बताया कि ईंट भट्टे की दीवार ढहने से दो श्रमिकों- रोहित (22) और ईश्वर (35) की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य श्रमिक पिंकू और किरनपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान ये श्रमिक ईंट भट्टे में काम कर रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, घटना को लेकर आक्रोशित परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम निकिता शर्मा और क्षेत्राधिकारी देवव्रत बाजपेयी ने घटनास्थल पर पहुंचकर विरोध कर रहे लोगों को शांत कराया।

### अंसल ग्रुप के सात स्थानों पर ईडी की छापेमारी, फंड डायवर्जन मामले में जांच

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने बुधवार को एक बार फिर से अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (अंसल ग्रुप) के कार्यालयों पर छापेमारी की। सुबह दस बजे के बाद ईडी की टीमों ने लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा एवं नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापा मारकर फंड डायवर्जन मामले में आवश्यक दस्तावेजों को जब्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खरीददारों (बायर्स) को लूटने वाले अंसल ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद से ईडी के अधिकारियों ने तीसरी बार छापेमारी करते हुए फंड डायवर्जन की जांच पड़ताल की है।

## हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन ने नागा साधुओं की शाही यात्रा के साथ सरयू स्नान के लिए किया प्रस्थान, राम जन्मभूमि का करेंगे दर्शन

प्रात: किरण/एजेंसी

अयोध्या। राम नगरी की प्रतिष्ठित हनुमंत लला की पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन (मुख्य पुजारी) महंत प्रेम दास बुधवार को अक्षय तृतीया तिथि पर अपने नागा साधुओं के साथ गाजे बाजे और निशान के साथ शाही यात्रा में सरयू स्नान के लिए प्रस्थान किया। इसके बाद वह श्रीराम जन्मभूमि में श्रीराम लला का दर्शन पूजन करेंगे। हनुमानगढ़ी की सदियों पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए वह पहली बार राम मंदिर की यात्रा पर निकलें हैं। इस शाही यात्रा पर जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ आरती भी उतारी जा रही है। शाही यात्रा में मुख्य पुजारी रथ पर सवार हैं और हाथी, घोड़े, ऊंट के अलावा चांदी की छड़ियों के साथ हजारों अनुयायी उनके साथ चल रहे हैं। सरयू स्नान के बाद शाही यात्रा राम जन्म भूमि परिसर में गेट नंबर-तीन से प्रवेश करेगी। उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ी के नियम में था कि गद्दीनशीन ( मुख्य पुजारी) हनुमानगढ़ी मंदिर के परिसर से बाहर नहीं जा सकते। हनुमान गढ़ी का अपना लगभग 200 साल पुराना संविधान है, जिसे बाबा अभय दास महाराज के समय से निभाया जा रहा है। इसी नियम के अनुसार गद्दीनशीन केवल



52 बीघा भूमि (0.13 वर्ग किलोमीटर) मंदिर परिसर तक ही सीमित रहते थे। जिसे अब तक कड़ाई से पालन किया जा रहा था। अभी तक हाल के दशकों में सिर्फ एक बार किसी गद्दीनशीन ने अस्पताल में भर्ती होने के कारण मंदिर छोड़ा था।

अयोध्या में पुरानी मान्यता के अनुसार माना जाता है कि जब प्रभु रामचंद्र जी इस पृथ्वी से विदा हुए तो उन्होंने अपना राज्य हनुमान महाराज को सौंपा था और हनुमान जी ने हनुमान गढ़ी से रामजन्मभूमि की देखरेख की थी। इसी वजह से अयोध्या में हनुमान जी को राजा और गढ़ी के गद्दीनशीन को उनका प्रतिनिधि माना जाता है। गद्दीनशीन के प्रमुख शिष्य और हनुमंत संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य सन्त डॉ. महेश दास ने बताया कि जब कभी हनुमान जी को किसी धार्मिक समारोह में आमंत्रित किया जाता है तो उनके प्रतीक के रूप में एक झंडा, निशान भेजा जाता है। झंडे पर चांदी और सुनहरे धागों से बनी हनुमान जी की तस्वीर होती है। गद्दीनशीन महाराज जी स्वयं नहीं जाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सपनों में स्वयं हनुमान जी ने राम मंदिर आने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए पूर्व में निवार्णी अखाड़ा की विशेष बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। बैठक में लगभग 400 पंचों की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि चूंकि महंत को भगवान का आदेश मिला है, इसलिए वे राम मंदिर की यात्रा कर रहे हैं।

## योगी सरकार की पहल, प्रदेश के सभी मंडलों में फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब होगी स्थापित

**सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर फूड एंड ड्रग टेस्टिंग की उच्च तकनीकी क्षमता युक्त लैब स्थापित की जा रही हैं। इस पहल के तहत एक ओर तो प्रदेश में पहले से स्थापित टेस्टिंग लैबों को हाई टेकनोलॉजी युक्त बनाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर 12 मंडलों में नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टेस्टिंग मशीनों के इंस्टालेशन के साथ ही संभवत: जुलाई माह से इन लैबों में सैंपल टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।**

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और दवा गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष पहल की है। इसके तहत, प्रदेश के सभी 18 मंडलों में फूड एंड ड्रग लैब स्थापित की जा रही हैं, जिसमें से 12 मंडलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां जुलाई माह तक टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।

इन लैबों में उच्च तकनीक क्षमता युक्त टेस्टिंग मशीनें लगाई जा रही हैं, जो प्रदेश की फूड और ड्रग सैंपल की टेस्टिंग की गुणवत्ता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि लाएंगी। सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर फूड एंड ड्रग टेस्टिंग की उच्च तकनीकी क्षमता युक्त लैब स्थापित की जा रही हैं। इस पहल के तहत एक ओर तो प्रदेश में पहले से



स्थापित टेस्टिंग लैबों को हाई टेकनोलॉजी युक्त बनाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर 12 मंडलों में नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टेस्टिंग मशीनों के इंस्टालेशन के साथ ही संभवतः जुलाई माह से इन लैबों में सैंपल टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे स्थानीय स्तर पर ही फूड एंड ड्रग सैंपलों की उच्च गुणवत्तायुक्त जांच संभव हो सकेगी। वर्तमान में प्रदेश के लखनऊ, आगरा, मेरठ, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की सैंपल टेस्टिंग लैब पहले से ही कार्य कर रही हैं। जबकि, अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, बरेली, मीरजापुर, मुरादाबाद, और सहारनपुर मंडल मुख्यालय में नई लैब बनाई जा रही हैं। इसके साथ ही राजधानी लखनऊ में विभाग की नई बिल्डिंग का निर्माण हुआ है, जिससे अब लखनऊ में खाद्य पदार्थ और ड्रग एनालिसिस अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर संभव हो सकेगा।

नई टेस्टिंग लैबों के लिए लैब टेक्नीशियन और लैब असिस्टेंट के लगभग 1,200 नए पदों का सृजन हुआ है, जिनकी भर्ती कर्मिक विभाग जल्द ही सुनिश्चित करेगा। यूपी के सभी संभागों में फूड एंड ड्रग सैंपल टेस्टिंग लैब की स्थापना प्रदेश की दवा और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच क्षमता में कई गुना की वृद्धि लाएगी। खाद्य पदार्थों की सैंपल टेस्टिंग की क्षमता लगभग 300 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2016-17 में 36,000 की तुलना में 1,08,000 प्रतिवर्ष हो जाएगी। इसके साथ ही दवाओं की सैंपल टेस्टिंग क्षमता में भी 450 प्रतिशत वृद्धि होगी, जो 12,000 से बढ़कर 54,500 टेस्टिंग प्रति वर्ष हो जाएगी। नई लैबों की स्थापना से जहां एक ओर प्रदेश की टेस्टिंग क्षमता बढ़ेगी। साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर खाद्य पदार्थों और दवाओं का तेज और सटीक विश्लेषण भी संभव हो सकेगा। जिससे मिलावट और नकली उत्पादों पर नियंत्रण बढ़ेगा, जो न केवल जन स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके साथ ही यह कदम प्रदेश की आर्थिक तरक्की में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

## उप्र पुलिस ने जेसीबी से उखाड़ी बाबा साहेब की प्रतिमा, भड़के लोगों ने किया विरोध

प्रात: किरण/एजेंसी

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने रातों रात जेसीबी से बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा उखाड़ी और चंपत हो गई। जिले के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम चितायन नगरिया में आंबेडकर पार्क में यह प्रतिमा लगाई गई थी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और तहसील कर्मियों ने पार्क में लगी जेसीबी से प्रतिमा उखाड़ी और अपने साथ ले गए। सुबह इसकी जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। पहले ग्रामीणों ने घटनास्थल पर प्रदर्शन किया और फिर ग्रामीण डीएम कार्यालय में प्रदर्शन करने पहुंच गए। विधायक और सपा नेताओं ने भी डीएम से वार्ता कर कार्रवाई की मांग की। सांसद डिंपल यादव ने भी घटना की निंदा कर ट्वीट किया है। आंबेडकर पार्क में 11 अप्रैल को ग्रामीणों ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की थी।

14 अप्रैल को यहां जयंती के मौके पर आयोजन भी किया गया। इसकी शिकायत एसडीएम किशनी गोपाल शर्मा से की गई। चूंकि अनुमति नहीं ली गई थी इसलिए एसडीएम ने पुलिस बल के साथ इस प्रतिमा को हटवा दिया। मौके पर जो चबूतरा बना था वह भी तोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रात में बिजली कटवाकर जबरन प्रतिमा हटाई गई। जो स्थल है वहां 1995 में आंबेडकर पार्क के नाम जमीन आवंटित की गई थी। उसी स्थल पर आंबेडकर प्रतिमा लगाई गई थी। पिछले दिनों राजस्व कर्मियों ने जमीन की पैमाइश भी की थी और पार्क की जमीन चिह्नित की थी। मंगलवार की सुबह प्रतिमा तोड़े जाने की सूचना फैली तो महिला, पुरुषों की भीड़ मौके पर आकर नारेबाजी करने लगी। लोगों में जबरदस्त गुस्सा था। यहां के निवासी वीरपाल प्रजापति, जितेंद्र जाटव, जयवीर जाटव, राजू, अरविंद, विजय सिंह, आलोक, दुर्विजय, सचिन, गेंदालाल, अशोक, बलवीर, श्यामकरन, मातादीन यादव, राजीव, प्रमोद पाल, अंशुल कश्यप, अनिल जाटव आदि का कहना है कि प्रतिमा फिर से स्थापित की जाए। मामले की जानकारी पाकर किशनी विधायक ब्रजेश कठेरिया गांव पहुंच गए। लोगों में गुस्सा अधिक था इसलिए विधायक ग्रामीणों को लेकर डीएम कार्यालय आ गए।

## उप्र: मामा की हत्या के आरोप में भांजा गिरफ्तार, मामी संग मिलकर बनाई थी हत्याकांड की योजना

प्रात: किरण/एजेंसी

बिजनौर, 30 अप्रैल (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के एक जंगल से सोमवार को बरामद किये गये फारुख (35) नाम के एक व्यक्ति के गोली लगे शव के मामले के संबंध में मृतक की पत्नी और उसके भांजे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फारुख का शव किरतपुर थानाक्षेत्र के रामपुर आशा गांव के जंगलों से बरामद किया गया और मामले की जांच में सामने आया कि फारुख की हत्या कथित तौर पर उसके भांजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेयी ने बताया कि फारुख की पत्नी के अपने भांजे के साथ अवैध संबंध थे और उसकी हत्या की साजिश मामी-भांजे ने मिलकर रची थी। बाजपेयी ने बताया कि दो लोग फारुख को मोटरसाइकिल पर बैठाकर जंगल लाए थे और उसकी हत्या करने के बाद वहां से भाग गये थे। उन्होंने बताया कि फारुख का शव 28 अप्रैल को बरामद किया गया था। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई नईम ने भांजे मेहरबान और उसके साथी उमर के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात पुलिस ने अमन कालोनी के पास मोटरसाइकिल सवार मेहरबान और उमर को रुकने का इशारा किया लेकिन दोनों ने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में मेहरबान के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो तमंचे और मृतक की मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक, मेहरबान ने पुलिस को बताया कि पिछले पांच वर्ष से मामी अमरीन से उसके संबंध थे। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका मामा फारुख इसी बात को लेकर अमरीन से मारपीट कर रहा था और इसलिए उन्होंने इस हत्याकांड की योजना बनाई थी।

## राहुल गांधी की अमेठी यात्रा से पहले विवादित पोस्टर सामने आया

प्रात: किरण/एजेंसी

अमेठी (उप्र)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को अमेठी दौरे से पहले कांग्रेस कार्यालय और स्थानीय बस स्टैंड सहित समूचे अमेठी में कई स्थानों पर विवादित पोस्टर लगाए गए हैं जिसमें ह्यह्यआतंक का साथी राहुल गांधी लिखा गया है। अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए एहतियातन बड़ी संख्या में पुलिस तैनात किए जाने के बावजूद विवादित पोस्टर सामने आने से राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है।

कांग्रेस नेता के अमेठी पहुंचने से पहले अमेठी कांग्रेस कार्यालय, बस अड्डा सहित कई स्थानों पर उनके खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें आतंक का साथी राहुल गांधी लिखा है। पोस्टर किसने लगाया, फिलहाल इसका उल्लेख नहीं है। जानकर सूत्रों के मुताबिक पुलिस की कड़ी चौकसी के बावजूद राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लगाए गए गए। अधिकारी के अनुसार, पुलिस ऐसी सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए




सतर्क थी, फिर भी इस तरह के विवादित पोस्टर देखने को मिले हैं। गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। बुधवार को वह अपने पूर्व लोकसभा क्षेत्र अमेठी में होंगे जहां से वह तीन बार सांसद चुने गए। अमेठी दौरे के बाद वह कानपुर जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि गांधी का आधिकारिक कार्यक्रम सुबह 8.15 बजे रायबरेली के भोएमऊ गेस्ट हाउस में एक प्रतिनिधिमंडल बैठक के साथ शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी बुधवार दोपहर 12:30 बजे अमेठी के मुंशीगंज पहुंचेंगे, जहां वह आयुध कारखाने और ह्यइंडो एशियन रायफल्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि गांधी का संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज में हार्ट सर्जरी यूनिट और एक एंबुलेंस का भी उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। साथ ही, वह इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग का निरीक्षण करेंगे तथा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ चर्चा करेंगे। सिंघल ने बताया कि राहुल गांधी के दौरे से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वह रायबरेली के ह्यभोएमऊ गेस्ट हाउसह्न से सड़क मार्ग से अमेठी पहुंचेंगे। इस दौरान रास्ते में कार्यकताओं और आम जनमानस द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद वह करीब एक बजे कानपुर के लिए रवाना होंगे और वहां शुभम द्विवेदी के परिवार से मिलेंगे। शुभम द्विवेदी 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे।

## संभल में दो पक्षों के बीच मारपीट, गोलीबारी में एक व्यक्ति की मृत्यु, तीन घायल

प्रात: किरण/एजेंसी

संभल (उप्र)। जिले के कुढ़ फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर में बुधवार की सुबह चकरोड को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट और गोलीबारी में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घायलों में से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्रीशचंद्र ने बताया कि बुधवार की सुबह थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीकनपुर में सुभाष यादव और साहब सिंह यादव (50) के बीच चकरोड को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद दोनों पक्षों



में मारपीट और गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि इस घटना में गोली लगने से घायल साहब सिंह यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बताया कि जल्द ही तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र को पाकिस्तानी ध्वज पर पेशाब करने के लिए मजबूर करने का वीडियो वायरल

प्रात: किरण/एजेंसी

अलीगढ़ (उप्र)। अलीगढ़ शहर में लोगों की भीड़ द्वारा कथित तौर पर एक स्कूली छात्र को सड़क पर पड़े पाकिस्तानी ध्वज पर पेशाब करने के लिए मजबूर करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने इस मामले में जांच शुरू की है।

वीडियो में भीड़ स्कूली छात्र को सड़क किनारे पड़े एक पाकिस्तानी झंडे पर पेशाब करने के लिए बाध्य करती नजर आती है। वीडियो के संज्ञान में आते ही पुलिस ने सोमवार रात भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों के अनुसार, घटना तब हुई जब राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र सोमवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ स्कूल से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने रासलगंज के पास जमीन पर पाकिस्तानी झंडा देखा और उसे उठा लिया। इसके कुछ ही देर बाद लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई जिन्होंने बच्चे से उसका नाम पूछा और उसे गाली दी। वीडियो में लड़का यह कहते हुए दिखता है कि उसने कौतूहलवश झंडे को उठा लिया था। लड़के के परिजनों की शिकायत पर सोमवार रात बन्ना देवी थाने में तीन लोगों- राजू, नितिन और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मनोज यादव ने कहा कि हाल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर कुछ लोग सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, यह वीडियो काफी परेशान करने वाला है। यह कोई अलग मामला नहीं है। हमें शहर के अन्य हिस्सों से भी उत्पीड़न की इसी तरह की घटनाओं की सूचना मिली है। प्रशासन को शांति भंग करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठाना चाहिए। एक अलग घटना में, पुलिस ने कहा कि कुवारसी थाना अंतर्गत सुवर्ण जयंती नगर में जूस की दुकान चलाने वाले उमर हुसैन की दुकान में कथित तौर पर तोड़फोड़ करने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने कहा, हमने दोनों ही घटनाओं का संज्ञान लिया है। जांच चल रही है। हम लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील करते हैं।

## यूपी में 60 वर्ष से अधिक के आयु के ट्रांसजेंडर को वृद्धाश्रम की मिलेगी सुविधा

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब राज्य में 60 वर्ष से अधिक आयु के ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को वृद्धाश्रम की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें न केवल आश्रय मिलेगा, बल्कि एक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर भी मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, भोजन और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग जैसी आवश्यक सेवाएं भी दी जाएंगी। ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सुविधा एक संवेदनशील और दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जो समाज के ऐसे वर्ग के लिए है, जिसे दशकों तक उपेक्षा और भेदभाव का सामना करना पड़ा। योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अधिकार, गरिमा और अवसर मिलें। प्रदेश में ट्रांसजेंडरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए उनका पंजीकरण भी किया जा रहा है। ट्रांसजेंडर समुदाय की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रदेश सरकार ने हर जनपद में ट्रांसजेंडर सुरक्षा सेल की स्थापना की है। जिलाधिकारी की देखरेख में इस सेल का संचालन किया जा रहा है, जिससे इनकी कार्यप्रणाली प्रभावी और उत्तरदायी बनी रहे। इसके अतिरिक्त, राज्य स्तर पर भी ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल का गठन किया गया है, जो समग्र निगरानी और नीति-निर्माण में सहयोग करता है। सुरक्षा सेल के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को पुलिस संरक्षण, कानूनी सहायता, उत्पीड़न के मामलों में कार्रवाई और सामाजिक पुनर्वास जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों में भयमुक्त वातावरण का संचार हुआ है। योगी सरकार द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों में ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यवस्थित और संवेदनशील देखभाल व्यवस्था की गई है। इनमें पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय देखरेख और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं शामिल हैं। इन वृद्धाश्रमों में सामुदायिक गतिविधियों, पुस्तकालय, योग एवं ध्यान सत्र जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें सक्रिय और सकारात्मक जीवन जीने के अवसर मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मासिक पेंशन और आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए केवल वृद्धाश्रम की सुविधा ही नहीं, बल्कि योगी सरकार ने व्यापक स्तर पर योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समर्पित कल्याण नीति लागू की गई। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन किया गया, जो योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालता है। गोरखपुर में पहला गरिमा गृह स्थापित किया गया है, जो ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में कार्य कर रहा है। इस गृह में रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से संबंधित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 1,067 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 01 मई, 2025






# बजरंगी भाईजान 2 को सलमान ने दिखाई हरी झंडी?

कई दिनों से चर्चा थी कि सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम करने के बारे में विचार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म के लेखक ने इस पर नया अपडेट दिया है। मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म बजरंगी भाईजान के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह बाहुबली और आरआरआर जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।

## सलमान को पसंद आया कांसेप्ट

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है। फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।

## कई बार सीक्वल पर चर्चा कर चुके हैं सलमान

इस मामले से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि सलमान खान और विजयेंद्र प्रसाद कई बार मिल चुके हैं और कथित तौर पर एक मजबूत पटकथा तैयार कर ली है, जो सीक्वल का आधार बन सकती है। इससे पहले पिंकविला ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में पहुंच गई है। सलमान खान ने हाल ही में लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और दोनों ने एक संभावित विचार पर चर्चा की। जो बहुप्रतीक्षित सीक्वल का रूप ले सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, वी. विजयेंद्र प्रसाद और निर्देशक कबीर खान के बीच संभावित सहयोग के बारे में बातचीत चल रही है, जिससे पता चलता है कि तीनों इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ सकते हैं।

हालांकि, अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित हर्षाली मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। यह छह वर्षीय मूक पाकिस्तानी लड़की शाहिदा की कहानी है, जो दिल्ली से पाकिस्तान लौटते समय अपनी मां से बिछड़ जाती है।



# परिणीति चोपड़ा ने नेटफ्लिक्स सीरीज की शूटिंग की पूरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपनी अपकमिंग नेटफ्लिक्स सीरीज की शूटिंग पूरी कर ली है। इस शूट के लिए वह दो महीने पहाड़ों में रहीं, जहां शांत और सुकून भरा माहौल था। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शूटिंग का अनुभव साझा किया और बताया कि यह शूटिंग उनके लिए जैसे छुट्टी और एक्टिंग सीखने की क्लास दोनों की तरह थी। उन्होंने अपने डायरेक्टर और टीम का शुक्रिया अदा किया। इंस्टाग्राम पर परिणीति ने बीटीएस (बिहाइंड द सीन) फोटोज और वीडियो शेयर कर अपने दो महीने के सफर की झलक दिखाई। उन्होंने अपने को-स्टार्स ताहिर राज भसीन, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, चैतन्य चौधरी, सुमीत व्यास और अनूप सोनी को टैग किया और उन पर भी प्यार जताया। उन्होंने बताया कि सीरीज में इतने ज्यादा एक्शन, ड्रामा और जोरदार सीन थे कि हम सब मिलकर जैसे चिल्लाते रहते थे। एक्ट्रेस ने लिखा, मैं इन पागलपन भरे सीन को करने के लिए किसी और को नहीं चुनूंगी।

उन्होंने कैप्शन के लिए लिखा, दो महीने पहाड़ों में बिताए, जहां शांति, सुकून और एकदम चुप्पी थी... बस एक ही आवाज होती थी, जब हम शूट करते हुए ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहे होते थे! शुक्रिया नेटफ्लिक्स और टीम... यह मेरे लिए लवली वेकेशन और एक्टिंग वर्कशॉप दोनों था। मेरे प्रोड्यूसर्स सिद्धार्थ मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा को प्यार भरी झप्पी... आप जानते हैं कि मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। ठीक है अब मैं वापस अपने कंबल में जा रही हूं। इस शो के बाद आराम की जरूरत है। नेटफ्लिक्स की इस सीरीज का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन रेंसिल डी सिल्वा कर रहे हैं। रेंसिल रंग दे बसंती और उंगली जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जो परिणीति ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया। इस वीडियो में आईपीएल मैच देख रहे ऑडियंस उनके पति राघव चड्ढा को जीजू-जीजू कहते सुनाई दिए। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राघव चड्ढा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच हुए मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच, जब दर्शकों की नजर उन पर पड़ी, तो वे मैच को छोड़कर उन्हें देखने लगे और जोर-जोर से जीजू-जीजू चिल्लाने लगे। इस दौरान कई दर्शक उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर करते दिखाई दिए। इस वीडियो को परिणीति ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, तुम सभी बहुत स्वीट हो।

उल्लेखनीय है कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा 2023 में उदयपुर में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की मुलाकात लंदन के एक फंक्शन में हुई थी। परिणीति के भाई शिवांग ने उन दोनों को मिलवाया और उसके बाद दोनों की मुलाकात पंजाब में हुई, जब वह इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला की शूटिंग कर रही थीं। शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकातों का सिलसिला बढ़ने लगा और दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदलने लगी, जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया।



# हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनेस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है

कृष्णा श्रॉफ वास्तव में एक सच्ची फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति उनकी लगन बेमिसाल है। कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ द्वारा स्थापित स्ॠमैट्रिक्स, भारत में फिटनेस के प्रति नजरिए को बदल रहा है। यह ब्रांड देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस सेंटर्स की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत मुंबई में एक प्रमुख जिम से हुई थी और अब यह पूरे देश में चौदह फ्रेंचाइज़ी तक फैल चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग उनकी विशिष्ट ट्रेनिंग और वेलनेस शैली को कितना पसंद करते हैं। मैट्रिक्स का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन उपकरण और ऐसी प्लेस प्रदान करना है जहाँ लोग वास्तव में प्रेरित होकर व्यायाम कर सकें, और यह भारत में सही दिशा में विस्तार कर रहा है।

## हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है

कृष्णा ने बताया, हम एमएमए मैट्रिक्स के साथ कुछ खास बनाना चाहते थे, एक ऐसी जगह जो आम जिम के अनुभव से कहीं बढ़कर हो। हमारा लक्ष्य है कि भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं को लाना है, साथ ही व्यक्तिगत स्पर्श भी बनाए रखना है। जब आप हमारे स्पेस में प्रवेश करते हैं, तो आपको तुरंत ही अंतर महसूस होता है। यह सहायक, समावेशी वातावरण है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोग भी शामिल हैं। एमएमए मैट्रिक्स की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी सोच है। इसके कार्यक्रम और सुविधाएँ इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि विभिन्न बैकग्राउंड और ज़रूरतों वाले लोग जुड़ सकें। इसके प्रशिक्षक पुनर्वास-केंद्रित ट्रेनिंग में भी निपुण हैं, जिससे वे उन लोगों की मदद कर पाते हैं जो सामान्य जिम के अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। व्यक्तिगत सहायता के साथ श्रेष्ठ-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को जोड़कर, एमएमए मैट्रिक्स भारत में हर किसी के लिए फिटनेस को सुलभ और सार्थक बनाने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, कई व्यावसायिक जिमों के विपरीत, हमने ऐसा माहौल बनाया है जो व्यवसाय से ज़्यादा समुदाय जैसा लगता है। शुरू से ही हमारा लक्ष्य यही था- अपने लोगों को उच्चतम गुणवत्ता वाला फिटनेस वातावरण प्रदान करना जहाँ वे प्रेरित, समर्थित और सम्मानित महसूस करें। यह सिर्फ़ उपकरणों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जहाँ हर कोई अपनी फिटनेस यात्रा में आगे बढ़ सके। संस्थापकों ने समझा कि बढ़िया उपकरण ही काफ़ी नहीं हैं – स्थायी फिटनेस आदतों के लिए सही भावनात्मक और मानसिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



# संदीपा धर ने अपनी प्रेरणा माधुरी दीक्षित को किया सलाम




इंटरनेशनल डांस डे के अवसर पर अभिनेत्री संदीपा धर ने डांस के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभिनेत्री माधुरी दीक्षित उनकी प्रेरणा हैं और उन्होंने ही डांस के मैजिक से उन्हें सबसे पहली बार रूबरू कराया। संदीपा डांस की दिवानी हैं और उनका मानना है कि डांस खुशी पाने का एक सरल सा साधन है। संदीपा ने बताया, नृत्य में एक ऐसी सच्चाई होती है, जिसे शब्द कभी पूरी तरह बयां नहीं कर सकते। नृत्य मेरे लिए दशकों से सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक साधना की तरह रहा है, यह दुनिया की खूबसूरती को महसूस करने का एक जरिया है। बचपन में संदीपा, माधुरी दीक्षित की खूबसूरती और उनकी भावनाओं से भरी प्रस्तुति को देखकर आकर्षित हुईं और उन्हें डांस की खूबसूरती और ताकत का अहसास हुआ। अपनी भावना व्यक्त करते हुए संदीपा ने कहा, माधुरी मैम को डांस करते देखना किसी जीवंत कविता को देखने जैसा है। वह सिर्फ स्टेप्स नहीं करतीं, बल्कि कहानियां सुनाती थीं, दिलों को छूती थीं। उन्होंने मुझे सिखाया कि डांस सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि सच्चाई, आत्मा और ईमानदारी से जुड़ा होता है। संदीपा के लिए डांस आज भी जीवन के हर पड़ाव में खुद से जुड़ने का सबसे सच्चा माध्यम है। उन्होंने आगे कहा, डांस हर दिखावे को हटा देता है। यह आपको उस पल में ले जाता है, जहां आप खुलकर सांस लेते हैं। माधुरी मैम से मैंने सीखा है कि सच्चे और खुशी से भरे पलों में ही असली ताकत होती है। अपनी बात खत्म करते हुए संदीपा ने कहा, आज मैं सिर्फ डांस का नहीं, बल्कि उन लोगों के जज्बे का भी जश्न मना रही हूं, जिन्होंने हमें डांस की असली खूबसूरती दिखाई। धन्यवाद माधुरी मैम, आपने मुझे दिल से डांस करना सिखाया। भरतनाट्यम, जैज और कंटेम्परारी डांस में प्रशिक्षित संदीपा धर ने फिल्मों, वेब शोज और मंच पर अपने डांस के टैलेंट से कई बार दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

# प्रियंका चोपड़ा ने किया इरफान खान को याद

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पांचवीं पुण्यतिथि पर सभी सितारे उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इस कड़ी में प्रियंका चोपड़ा ने भी उन्हें याद करते हुए भावुक संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी फिल्म 7 खून माफ की एक झलक के साथ दिवंगत अभिनेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इंस्टाग्राम पर फिल्म की एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- आपके और आपके टैलेंट के बारे में सोच रही हूं। न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर से पीड़ित होने के दो साल बाद अप्रैल 2020 में 53 साल की उम्र में इरफान का निधन हो गया था। उनके निधन के समय भी प्रियंका ने अभिनेता के जीवन और विरासत का सम्मान करते हुए एक भावनात्मक संदेश भी साझा किया था।





# मेरे एक्टिंग करियर में सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी सुखद बदलाव वाली फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे। अभिनेता ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में काम करना शानदार और उनके करियर में बदलाव लाने वाला साबित हुआ। फाइटर और किसको था पता जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले अक्षय ने बताया कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी उनके करियर में एक सुखद बदलाव लेकर आया।


अक्षय ने बताया, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव से भरा रहा। पिछले कुछ सालों में मैंने कई तरह के गंभीर, कई तरह के किरदार निभाए हैं। ऐसे रोल, जो डार्क और चुनौतियों से भरे रहे। ऐसे में इस फिल्म ने मुझे एक अलग तरह की एनर्जी से रूबरू कराया है। उन्होंने कहा, फिल्म में मेरा किरदार खास है, जिसे निभाना भी खास रहा। यह एक सुखद बदलाव है, लेकिन इसमें एक ट्विस्ट भी है, जिसे मैं सभी के लिए सरप्राइज रखने जा रहा हूं, दर्शकों को अपने किरदार से मिलाने के लिए उत्साहित हूं।

अभिनेता इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। अभिनेता ने आगे कहा, ऐसे शानदार एक्टर्स के साथ काम करना फिल्म को और भी खास बना देता है। सेट पर कमाल की एनर्जी रहती है। वरुण, जान्हवी, सान्या और रोहित के साथ काम करना आनंद से भरा है। इससे पहले अभिनेता ने बताया था कि करण जौहर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म उनके लिए बेहद खास है और इसमें काम करना उनके करियर की एक बड़ी सफलता है। अपने अभिनय सफर के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने बताया था, धर्मा प्रोडक्शंस जैसे पावरहाउस का ध्यान आकर्षित करने में मुझे 14 साल लग गए और मेरे लिए, यह एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि है।

उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री में करण जौहर की फिल्में न सिर्फ अपनी कहानी कहने, बल्कि दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए भी जानी जाती हैं। धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म का हिस्सा बनना एक विरासत में शामिल होने जैसा है। यह किसी भी अभिनेता के लिए एक सपना है क्योंकि इसके साथ बहुत अधिक एक्सपोजर, पहुंच और सम्मान आता है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस प्रोजेक्ट में अक्षय ओबेरॉय के साथ सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अभिनव शर्मा, मनीष पॉल और मानिनी चड्ढा भी अहम भूमिकाओं में हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 12 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

# शाहरुख की किंग में दीपिका बनेगी हीरोइन

शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग के बारे में अपडेट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब इस फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है, जो फिल्म की हीरोइन के बारे में है। शाहरुख की फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में होंगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर की शूटिंग 18 मई से मुंबई में शुरू होगी। इसमें अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अभय वर्मा, अरशद वारसी और जयदीप अहलावत भी हैं। शुरुआत में दीपिका अपनी नवजात बेटी के साथ समय बिताने के कारण शूटिंग में शामिल नहीं होने वाली थीं। हालांकि, फिल्म की शूटिंग में देरी होने के कारण अब वह शूटिंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। दीपिका के लिए इसमें 10 से 12 दिनों की शूटिंग है, जिससे यह एक विस्तारित कैमियो बन गया है।






# भारत काफी अच्छी स्थिति में

## खुदरा निवेशकों को लंबे समय तक निवेश में बने रहना चाहिए, बोले सेबी अध्यक्ष




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत काफी अच्छी स्थिति में है और खुदरा निवेशकों को बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबे समय तक इसमें निवेश बनाए रखना चाहिए। बाजार नियामक सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने मंगलवार को यह बात कही।

**सेबी अध्यक्ष बोले- टैरिफ की चिंताओं के बावजूद भारतीय बाजार में लचीलापन-** पांडे ने पीटीआई के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि टैरिफ युद्ध के कारण दुनिया भर के बाजारों पर प्रभाव पड़ने के बाद से भारत ने काफी लचीलापन दिखाया है। बाजार नियामक ने देश की आर्थिक मजबूती पर प्रकाश डालते हुए कहा, मैं कहूंगा कि... वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत काफी अच्छी स्थिति में है। पांडे ने कहा कि इनमें सतत आर्थिक वृद्धि, कम राजकोषीय घाटा, उचित बाह्य ऋण, दोहरी बैलेंस शीट की समस्या का न होना तथा प्रबंधनीय चालू खाता घाटा आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश विभिन्न द्विपक्षीय व्यापार सौदों पर भी बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भू-आर्थिक विखंडन के साथ-साथ विशेष रूप से अमेरिका की ओर से किए गए एलानों के कारण वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां बनीं। खुदरा निवेशकों पर चल रही अस्थिरता के प्रभाव के बारे में पांडे ने माना कि कई निवेशक हाल ही में बाजार से जुड़े हैं और उन्होंने कोई मंदी नहीं देखी है।

**वर्तमान हालात खुदरा निवेशकों के लिए सीखने का अवसर-** पांडे ने कहा कि यह खुदरा निवेशकों के लिए सीखने का अवसर साबित होगा। उन्होंने निवेशकों को लंबी अवधि तक के लिए निवेश बनाए रखने की सलाह दी है। इस वर्ष मार्च में सेबी के अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले नौकरशाह से नियामक बने तुहिन कांत पांडे ने कहा, यदि वे (निवेशक) यही रणनीति अपनाते हैं, तो वे अल्पावधि में घबराने के बजाय निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि खुदरा निवेशकों को बेहतर जागरूकता लाने और उचित जानकारी के साथ दांव लगाने की भी जरूरत है। वायदा एवं विकल्प कारोबार का उदाहरण देते हुए, जहां खुदरा निवेशकों ने सट्टे जैसा दांव लगाया और 90 प्रतिशत से अधिक कारोबार में पैसा गंवाया, सेबी अध्यक्ष ने कहा कि किसी को कैसीनो में होने जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। पांडे ने कहा कि इस मोर्चे पर सेबी के उपाय कुछ हद तक प्रभावी रहे हैं। साल दर साल कारोबार में गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले की तुलना में अभी भी गतिविधि अधिक है। सेबी अध्यक्ष से जब व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) प्रवाह में नरमी और खुदरा निवेशकों की निराशा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमें यह समझना चाहिए कि निवेशक अपने निर्णय स्वयं ले रहे हैं ।

### डीसीबी बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के वार्षिक परिणामों की घोषणा की

मुंबई , एजेंसी। डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल 2025 को मुंबई में आयोजित बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया। इन परिणामों के साथ वैधानिक लेखापरीक्षकों 'वर्मा एंड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' तथा 'बीएसआर एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' की ऑडिट रिपोर्ट भी सम्मिलित है।

वित्त वर्ष 2025 के परिणामों पर बोलते हुए डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री प्रवीण कुट्टी ने कहा- ऋण वितरण और जमा दोनों में ही विकास गति मजबूत बनी हुई है। नेट इंटरेस्ट मार्जिन (ह्ढ्ढरू) स्थिर हो रहा है और शुल्क आय निरंतर बढ़ रही है। उत्पादकता में हुई वृद्धि लागत दक्षता में सुधार को दर्शाती है। हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पोर्टफोलियो गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखकर प्रसन्न हैं। हमें विश्वास है कि हमने जो कदम उठाए हैं, वे आने वाले समय में इन रुझानों को और बेहतर बनाएंगे।

## सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू साज-सज्जा (होम डेकोर ) और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई- 539519) को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, फंड का उपयोग व्यवसाय विस्तार और विविधीकरण के लिए नई सहायक या सहयोगी कंपनियों को बनाने या अधिग्रहण करने या उच्च




विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इस डेवलपमेंट पर सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करना वास्तव में हमारे लिए एक माइलस्टोन है। हम अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना जारी रखेंगे और बर्नर मैन्युफैक्चरिंग में नवाचार को बढ़ावा देंगे। इस इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग रणनीतिक रूप से हमारी कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा और संभावित सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा। हमारे प्रीमियम सुगंध और घरेलू सजावट उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, यह पूंजी निवेश हमें परिचालन बढ़ाने, उत्पाद नवाचार बढ़ाने और बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा।

## अर्बन कंपनी लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 1900 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई, एजेंसी।** विभिन्न होम और ब्यूटी श्रेणियों में गुणवत्ता आधारित सेवाओं और समाधानों के लिए एक टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाज़ार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1900 करोड़ (19000 मिलियन) जुटाना है, जिसमें 1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी।

इस ऑफर में 4290 मिलियन (429 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू (फ्रेश इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 14710 मिलियन (1471 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

कंपनी के प्रमोटर अभिराज सिंह भाल (चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर), राघव चंद्रा (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ टेक्नालजी ऑफिसर और प्रॉडक्ट ऑफिसर) और वरुण खेतान (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं।

रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों में, अर्बन कंपनी शुद्ध लेनदेन मूल्य के आधार पर भारत में अग्रणी ऑनलाइन फुल-स्टैक होम और ब्यूटी सर्विसेज प्लेटफॉर्म थी। कंपनी की उपस्थिति 31 दिसंबर 2024 तक भारत, संयुक्त अरब अमीरात , सिंगापुर और सऊदी अरब के 59 शहरों में है, जिनमें से 48 शहर भारत में हैं। कंपनी के प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ता विभिन्न सेवाएं जैसे कि सफाई, कीट नियंत्रण, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग, बढ़ईगिरी, उपकरण सेवा और मरम्मत, पेंटिंग, स्किनकेयर, हेयर ग्रूमिंग और मसाज थेरेपी की बुकिंग कर सकते हैं।

## टायर बनाने वाली कंपनी का घट गया प्रॉफिट

### बावजूद हर शेयर पर 30 डिविडेंड देने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टायर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी सिएट ने आज मंगलवार को अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। मार्च तिमाही में टायर कंपनी का नेट प्रॉफिट 3 प्रतिशत घटकर 99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का नेट प्रॉफिट वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 102 करोड़ रुपये रहा था। इसके अलावा, कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड मेंबर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये (300 प्रतिशत) का डिविडेंड देने की सिफारिश की है।



### क्या है डिटेल

सिएट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय बढ़कर 3,421 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,992 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 471 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 635 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में परिचालन आय बढ़कर 13,218 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 11,943 करोड़ रुपये थी।

**शेयरों के हाल-** सिएट के शेयर आज मंगलवार को मामूली तेजी के साथ 3,066 रुपये पर बंद हुए। इस साल अब तक यह शेयर 5 प्रतिशत तक टूट गए। महीनेभर में यह शेयर 6 प्रतिशत और छह महीने में 11 प्रतिशत तक चढ़ गए। सालभर में यह शेयर 22 प्रतिशत तक चढ़ गए। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 3,581.45 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 2,211 रुपये है। इसका मार्केट कैप 12,383.39 करोड़ रुपये है।

## भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में जोरदार बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने के बीच विदेशी निवेशकों के नए प्रवाह से मार्च के मध्य में शुरू हुई बाजार में तेज तेजी के बाद भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश




अंबानी की संपत्ति एक बार फिर 100 अरब डॉलर को पार कर गई है. ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान अंबानी सबसे बड़े लाभार्थी के रूप में उभरे उनकी कुल संपत्ति मार्च के निम्नतम स्तर 81 बिलियन डॉलर से लगभग 20 बिलियन डॉलर बढ़कर 100 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई. इस उछाल ने उन्हें दुनिया भर के शीर्ष 16 सबसे धनी लोगों में शामिल कर दिया है.

### जापान कभी था आर्थिक महाशक्ति, कैलिफार्निया से पिछड़ा ही

# भारत से भी पिछड़ने वाला है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह बात सन 2004 की है। उस समय दुनिया की आर्थिक महाशक्ति जापान के मुकाबले अमेरिकी स्टेट कैलिफोर्निया की जीडीपी दुनिया महज एक तिहाई थी। दो दशक बाद, अब स्थिति यह है कि कैलिफ़ोर्निया ने जापान को पछाड़ दिया। अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। यह तो सिर्फ झांकी है। जापान को असली झटका तो इस साल के अंत में मिलेगा, जबकि भारत भी जापान से आगे बढ़ जाएगा। ऐसा अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जताया है।



### जापान को पछाड़ा कैलिफोर्निया ने

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और यू.एस. ब्यूरो ऑफ़ इकोनॉमिक एनालिसिस के आंकड़ों से पता चला है कि कैलिफ़ोर्निया का नॉमिनल जीडीपी 4.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। गार्डियन के अनुसार, इसने जापान के 4.02 ट्रिलियन डॉलर के नॉमिनल जीडीपी को पीछे छोड़ दिया है। अब यह राज्य एसए (29.18 ट्रिलियन डॉलर), चीन (18.74 ट्रिलियन डॉलर) और जर्मनी (4.65 ट्रिलियन डॉलर) के बाद चौथे स्थान पर है।

### क्यों आगे बढ़ा कैलिफोर्निया

अमेरिकी स्टेट कैलिफ़ोर्निया वहां के मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट का मुख्य केंद्र है। गार्डियन के अनुसार, यह देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक भी है। रिपोर्ट के अनुसार, यह राज्य अमेरिका का टेक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का कैपिटल भी है। कुल मिला कर कहें कि कैलिफ़ोर्निया अमेरिका के आर्थिक विकास में बड़ा योगदान देता है। न्यूज़ॉम के कार्यालय से गार्डियन को दिए गए एक बयान के अनुसार, यह संघीय सरकार को जितना पैसा भेजता है, उससे 83 बिलियन डॉलर अधिक प्राप्त करता है।

### अमेरिका, चीन, जर्मनी से भी ज्यादा है विकास दर


कैलिफ़ोर्निया की जीपीडी यों ही नहीं बढ़ रही है। वहां की अर्थव्यवस्था दुनिया के कुछ सबसे बड़े खिलाड़ियों से आगे निकल गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में इसकी विकास दर 6 प्रतिशत रही, जो अमेरिका की 5.3 प्रतिशत, चीन की 2.6 प्रतिशत और जर्मनी की 2.9 प्रतिशत से काफी आगे है। इस शानदार उछाल ने अब कैलिफ़ोर्निया को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। यह राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने सिर्फ छह साल पहले यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल किया था।

## रिजल्ट से पहले अडानी का यह शेयर लाल, लेकिन 806 तक पहुंच सकता है भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी पावर का शेयर बुधवार को चौथी तिमाही के रिजल्ट से पहले करीब 2 प्रतिशत गिर गया। अडानी ग्रुप के इस शेयर ने बड़ी गिरावट के साथ 541.50 रुपये प्रति शेयर का इंट्राडे लो बनाया। कंपनी 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) को त्त4 और वित्तीय वर्ष 2024-25 के नतीजे घोषित करेगी। बोर्ड की बैठक के बाद 1 मई 2025 को निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल भी होगी।

एनालिस्ट्स मान रहे हैं कि बिजली की बढ़ती मांग और बेहतर मार्जिन के चलते अडानी पावर के त्त4 नतीजे मजबूत रहेंगे। जनवरी-मार्च 2025 में भारत की बिजली मांग 416 क्क रही, जो पिछले साल के 400 क्क से अधिक है। अडानी पावर के पास गुजरात सहित कई राज्यों में 17,550 का थर्मल पावर प्लांट और 40 का सोलर प्रोजेक्ट है।

तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 7.4 प्रतिशत बढ़कर 2,940.07 करोड़ रुपये रहा, जबकि राजस्व 11 प्रतिशत




बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हुआ। बिजली बिक्री 23.3 क्करही, जो पिछले साल के 21.5 क्क्से अधिक है।

**क्यों खरीदें यह शेयर-** वेंचुरा सिक्योरिटीज ने अडानी पावर शेयर पर खरीदें की सलाह दी है, जिसका टारगेट प्राइस 806 रुपये रखा गया है। पिछले 2 साल में यह शेयर 145 प्रतिशत और 5 साल में 1,619 प्रतिशत चढ़ा है। तकनीकी विश्लेषण के मुताबिक, शेयर 102 दिनों के राउंडिंग बॉटम पैटर्न में है। अगर यह 598 रुपये के स्तर से ऊपर टिकता है, तो 752.9 रुपये तक का उछाल संभव है।

**निवेशकों के लिए सलाह-** एनालिस्ट्स का मानना है कि अच्छे नतीजे शेयर में तेजी ला सकते हैं, लेकिन बाजार के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सतर्क निवेश की सलाह दी जाती है।

### 115 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा, 10 प्रतिशत उछलकर 118 रुपये के पार पहुंचे रिटेल कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। सुपरमार्केट चेन विशाल मेगा मार्ट के शेयर बुधवार को बीएसइ में करीब 10 प्रतिशत के उछाल के साथ 118.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल शानदार तिमाही नतीजों के बाद आया है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में विशाल मेगा मार्ट का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 88 पर्सेंट बढ़कर 115.1 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 126.85 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.05 रुपये है।

**2547 करोड़ रुपये रहा है कंपनी का रेवेन्यू-** विशाल मेगा मार्ट का रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में सालाना आधार पर 23.2 पर्सेंट बढ़कर 2547.9 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 2068.9 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में रिटेल कंपनी के ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस में भी सुधार देखने को मिला है। कंपनी का इबिट्डा सालाना आधार पर 42.6 पर्सेंट उछलकर 357 करोड़ रुपये पहुंच




गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 250.5 करोड़ रुपये था। मार्च 2025 तिमाही में कंपनी का इबिट्डा मार्जिन बढ़कर 14 पर्सेंट जा पहुंचा है।

**पूरे साल में कंपनी को 632 करोड़ रुपये का मुनाफा-** पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 36.8 पर्सेंट बढ़कर 631.97 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वहीं, कंपनी का रेवेन्यू 20.2 पर्सेंट बढ़कर 10,716.35 करोड़ रुपये जा पहुंचा है। 31 दिसंबर 2024 तक के डेटा के मुताबिक, विशाल मेगा मार्ट अलग-अलग शहरों में 668 स्टोर्स ऑपरेट कर रहा है।

**78 रुपये पर आया था कंपनी का आईपीओ-** विशाल मेगा मार्ट के आईपीओ में शेयर का दाम 78 रुपये था। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 11 दिसंबर 2024 को खुला था और यह 13 दिसंबर 2024 तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर 18 दिसंबर 2024 को 110 रुपये पर लिस्ट हुए थे।

## सरकार की नई स्कीम:

# वाहन जितनी दूरी चलेगा, उसी का टोल भरना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सप्रेसवे और हाईवे पर टोल प्लाजा के जाम से जल्द छुटकारा मिल सकता है। सरकार एक नई टोल नीति ला रही है, जहां आपको सिर्फ उतना ही टोल देना होगा, जितनी दूरी आपने तय की है। लेकिन, यहां सावधानी बरतने वाली बात ये है कि अगर आपने टोल का पेमेंट समय पर नहीं किया, तो न सिर्फ भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि आपका स्कोर भी गिरेगा। इससे आगे चलकर लोन या क्रेडिट कार्ड लेने में दिक्कत हो सकती है। सरकार, और बैंक इस नई व्यवस्था पर फाइनल डिस्कशन में जुटे हैं। जल्द ही इसे लागू किया जा सकता है। तो अगर आप हाईवे पर अक्सर चलते हैं।

सड़क एवं परिवहन मंत्रालय दूरी के आधार पर टोल वसूली की व्यवस्था को लाने की दिशा में काम कर रहा है। ऐसी में जीपीएस मैपिंग के आधार पर टोल का निर्धारण किया जाएगा। नई व्यवस्था में वाहन जितनी दूरी तक नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर चलेगा, उसी का टोल भरना होगा। यह व्यवस्था उन लोगों के लिए फायदेमंद होगी, जो कम दूरी (40-50 किलोमीटर) की यात्रा करते हैं लेकिन बीच में टोल पड़ने के कारण उन्हें अभी तक 150-200 रुपये का टोल भरना पड़ता है। टोल की वसूली को लेकर लाई जा रही नई व्यवस्था पर गहनता से चर्चा चल रही है। फास्टैग के ब्लैकलिस्ट होने संबंधी रिकॉर्ड को व्यक्ति के सिबिल स्कोर से जोड़ने के लिए एनपीसीआई और आरबीआई के साथ चर्चा चल रही है। सूत्रों का कहना है कि सिबिल स्कोर से जोड़ने को लेकर लगभग सहमति है। क्योंकि फास्टैग का सारा रिकॉर्ड भारतीय भुगतान निगम लिमिटेड और बैंकों के पास उपलब्ध है। लिखित सहमति बनने के बाद उसे आसानी से व्यक्ति के सिबिल स्कोर के साथ अपडेट किया जा सकेगा।

**कैसे काम करेगी नई व्यवस्था-** अब टोल की गणना आपके वाहन द्वारा हाईवे/एक्सप्रेसवे पर चलाई गई किलोमीटर के हिसाब से होगी। जैसे, अगर आपने 40 किमी सफर किया, तो लगभग 2.75 प्रति किमी के हिसाब से 110 टोल देंगे। पहले आपको फिक्स्ड 150-200 देना पड़ता था, चाहे 10 किमी ही क्यों न चलें।



**आईपीएल 2025:**

# फील्डिंग के दौरान अजिंक्य रहाणे और अक्षर पटेल चोटिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गये मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद कहा, 'मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा, 'यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा। केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कोलकाता होना है।

# 30 मंजिला इमारत से बदली इस खिलाड़ी की किस्मत

## अब आईपीएल में कमा रहा है करोड़ों



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल ने कई युवा खिलाड़ियों को पहचान दिलाई है. अंगकृष रघुवंशी भी उनमें से एक हैं. उन्होंने पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से डेब्यू किया था. इस बार भी केकेआर ने ही उन्हें मेगा ऑक्शन में 3 करोड़ में खरीदा था. अब रघुवंशी उन पर लगाए पैसों को अपने प्रदर्शन वसूल करा रहे हैं. मिडिल ऑर्डर में वो लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने 29 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 44 रनों की शानदार पारी खेली थी. साथ ही टीम के लड़खड़ाने पर रिंकू सिंह के साथ 61 रनों की अहम साझेदारी से स्कोर को 204 तक पहुंचाया. उनकी पारी की वजह से केकेआर इस मैच को जीतने में कामयाब रही. लेकिन क्या आपको पता है कि उनकी सफलता के पीछे किसका हाथ है?

**30 मंजिला इमारत ने बदली किस्मत** – अंगकृष रघुवंशी ने पिछले साल आईपीएल डेब्यू के बाद खुलासा किया था कि सफलता के पीछे टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर हैं. वो उन्हें बचपन से ही उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं. हालांकि, आज आईपीएल में अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाने वाले रघुवंशी की किस्मत एक 30 मंजिले की इमारत ने बदली. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जब रघुवंशी युवा थे, तो उनके कोच अभिषेक नायर फिटनेस सुधारने के लिए उन्हें सीढ़ियों से 30 मंजिल ऊपर चढ़ाते थे.

**आईपीएल 2025:**

# मुंबई का विजय अभियान रोकने की कोशिश करेगा राजस्थान

**जयपुर, एजेंसी।** पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं। राजस्थान के निचले मध्य क्रम में शिमरोन हेटमायर पर दबाव होगा जो इस सत्र में अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर ने सफलता जरूर दिलाई है लेकिन उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं। संदीप शर्मा भी थोड़े महंगे साबित हुए हैं। असल में राजस्थान के किसी भी प्रमुख गेंदबाज का इकोनॉमी रेट नौ से कम नहीं है। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है। मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पांड्या ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, 'यह प्रतियोगिता बहुत कठिन है। हमें अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है। हमें हमेशा अगले मैच के लिए तैयारी करनी होगी और लय बरकरार रखनी होगी। पिछले मैच में मुंबई के लिए सकारात्मक पहलू कॉर्बिन बॉश का प्रदर्शन था जिन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं जो विपक्षी टीमों के लिए एक अशुभ संकेत है।



**टीमें:**

**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर।

**मुंबई इंडियंस:** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

**समय:** शाम 7.30 बजे।

# बांग्लादेश पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा, PCB ने जारी किया पूरा शेड्यूल



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि बांग्लादेश मई में पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। यह सीरीज 25 मई से 3 जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जाएगी। शुरुआत में फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) के तहत तीन वनडे और तीन टी20 सीरीज के रूप में निर्धारित इस दौरे को संशोधित कर पांच टी20 मैच शामिल किए गए हैं।

पीसीबी ने एक बयान में कहा, यह सीरीज, जो फ्यूचर टूर प्रोग्राम का हिस्सा है, में मूल रूप से तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल थे। हालांकि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के साथ, दोनों बोर्ड ने वनडे की जगह दो अतिरिक्त टी20 मैच कराने पर आपसी सहमति जताई है। इकबाल स्टेडियम, जिसने 1978 से 2008 के बीच 24 टेस्ट और 16 वनडे मैचों की मेजबानी की है, 17 साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का स्वागत करेगा। इस ऐतिहासिक स्थल पर आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2008 में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच वनडे मैच था। पिछले साल सितंबर में चैंपियंस वन-डे कप और पिछले महीने नेशनल टी20 कप की सफलतापूर्वक मेजबानी करने वाले इस स्टेडियम में क्रमशः 25 और 27 मई को होने वाले सीरीज के पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे।

**पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश सीरीज का कार्यक्रम :**

- 25 मई – पहला टी20 – इकबाल स्टेडियम, फैसलाबाद
- 27 मई – दूसरा टी20 – इकबाल स्टेडियम, फैसलाबाद
- 30 मई – तीसरा टी20 – गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
- एक जून – चौथा टी20 – गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
- 3 जून – पांचवां टी20 – गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर

# श्रेयस अय्यर बाहर, रोहित करेंगे इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी

## साई सुदर्शन को मिल सकता है मौका, सरफराज की भी छुट्टी-रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के सेलेक्टर्स ने 35 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया है जो अगले इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया और इंडिया ए टीम का हिस्सा हो सकते हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है और इसके जरिए टीम इंडिया अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप के साइकल की शुरुआत करेगी। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इंडिया ए के साथ इंग्लैंड दौरे पर जा सकते हैं।



**इंग्लैंड दौरे पर रोहित करेंगे भारत की कप्तानी** – माना जा रहा है कि बीसीसीआई और नेशनल सेलेक्टर्स को लगता है कि इंग्लैंड का दौरा आसान नहीं होगा और इस दौरे के लिए टीम को एक मजबूत और अनुभवी कप्तान की जरूरत है और इसकी वजह से ही रोहित का टीम में बने रहना लगभग तय है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने खुलासा किया कि रोहित के दौरे पर जाने की सबसे अधिक संभावना है क्योंकि बोर्ड को लगता है कि इस सीरीज के दौरान एक मजबूत कप्तान की जरूरत है जिसके ऑस्ट्रेलिया दौरे की तरह ही बेहद चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है। इस बीच राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को कथित तौर पर सरफराज खान पर ज्यादा भरोसा नहीं है।

**श्रेयस को लेकर कोई फैसला नहीं, सरफराज खान की हो सकती है छुट्टी** – भारतीय चयनकर्ता इंडिया ए टीम में सरफराज खान की जगह रजत पाटीदार और करुण नायर को मौका दे सकते हैं। सूत्र ने कहा कि मध्यक्रम में टीम प्रबंधन ने सरफराज खान की क्षमता पर काफी कम भरोसा दिखाया है। करुण और रजत को लाल गेंद से खेलने का काफी अनुभव है और वो अच्छी फॉर्म में हैं ऐसे में संभावना है कि उनमें से कम से कम एक भारत ए टीम में होगा। वहीं बीसीसीआई ने अभी तक श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में वापसी पर फैसला नहीं लिया है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला था और बाद में मुंबई की टीम के साथ घरेलू मैचों की अनदेखी करने के कारण उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट और टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। सूत्र ने कहा कि जहां तक अय्यर का सवाल है, तो उन्हें पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में खराब प्रदर्शन के आधार पर टीम से बाहर कर दिया गया था। अंतिम फैसला अभी लिया जाना बाकी है। गौरतलब है कि भारत आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन चार दिवसीय रेड-बॉल मैच खेलेगा, जो हाई-प्रोफाइल टेस्ट सीरीज की तैयारी का हिस्सा होगा। इसके अलावा भारतीय टीम में साई सुदर्शन को बैकअप ओपनर के रूप में मौका दिया जा सकता है।

# कितने करोड़ के मालिक हैं वैभव सूर्यवंशी, जानिए उनकी टोटल नेट वर्थ और फैमिली के बारे में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल इतिहास के सबसे छोटे प्लेयर वैभव सूर्यवंशी अपनी उम्र के साथ अब अपने रिकॉर्ड की वजह से पहचाने जानें लगे हैं. राजस्थान रॉयल्स में शामिल वैभव का नाम अब हर क्रिकेट प्रेमी की जुबां पर है, उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर सभी को अपना दीवाना बना दिया है. वह अब टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं. यहां हम आपको वैभव की नेटवर्थ और उनके परिवार के बारे में बता रहे हैं.



**वैभव सूर्यवंशी के बारे में** – उनका जन्म 27 मार्च 2011 को भारत के बिहार के समस्तीपुर जिले के मोतीपुर गांव में हुआ था. उन्होंने 9 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और 9 साल की उम्र में क्रिकेट एकेडमी में ज्वाइन हुए. शुरुआत में उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने उन्हें कोचिंग दी थी.

**आईपीएल में आते ही बने करोड़पति** – राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी को ऑक्शन में 1.1 करोड़ रूपये में ख़रीदा था, तब उनकी उम्र सिर्फ 13 साल थी. उन्होंने पिछले महीने ही राजस्थान टीम के साथ अपना 14वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू करने का मौका मिला. करोड़ से ऊपर में बिके वैभव का बेस प्राइस 30 लाख रूपये था, राजस्थान के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनपर बोली लगाई थी. रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल के सबसे छोटे प्लेयर को अब ब्रांड एंडोर्समेंट के ऑफर आने लगे हैं ।

# मांजरेकर ने उड़ाया विराट कोहली का मजाक तो खून खौल गया उनके भाई का, दे दिया करारा जबाव और कर दी बोलती बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय मांजरेकर अपनी बेबाक राय देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार उनका दांव शायद गलत लग गया। आईपीएल 2025 में आरसीबी और मुंबई के बीच मैच के दौरान मांजरेकर ने विराट कोहली की बल्लेबाजी पर सवाल उठाए थे। इसके बाद विराट के भाई विकास कोहली ने मांजरेकर की क्लास लगाते हुए उन्हें सोशल मीडिया पर लताड़ दिया।




**विकास कोहली ने मांजरेकर को दिया जबाव** – विकास कोहली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म थ्रेड्स पर लिखा, मिस्टर संजय मांजरेकर, वनडे करियर स्ट्राइक रेटज्64.31, 200 प्लस स्ट्राइक रेट की बात करना आसान है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले मांजरेकर ने कहा था कि कोहली अब अपने चरम पर नहीं हैं। उन्हें बेस्ट बनाम बेस्ट में शामिल नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एक पोस्ट में टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट से भी कोहली को बाहर रखा था जबकि कोहली इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर हैं।

कुछ दिनों पहले मुंबई और बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले से पहले मांजरेकर ने कोहली पर सवाल खड़े किए थे। जब मांजरेकर से कोहली और बुमराह के बीच बेस्ट चुनने को कहा गया तो उन्होंने इसे मानने से इंकार कर दिया कि दोनों के बीच कोई टक्कर है। मांजरेकर ने कहा कि विराट अब पहले जैसे प्लेयर नहीं रहे। वहीं मांजरेकर ने जब कोहली की आलोचना की तो यह विराट के फैंस को पसंद नहीं आया और सोशल मीडिया पर एक फैन ने कहा कि विराट कोहली की वजह से कमाई हो रही है और फिर भी एजेंडा। आईपीएल 2025 में कोहली के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक इस सीजन में 10 मैचों में 443 रन बनाए हैं जिसमें उनका औसतक 63.28 का है जबकि स्ट्राइक रेट 138.87 का रहा है। कोहली ने पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ भी मुश्किल पिच पर 47 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली थी जो उनका छठा अर्धशतक इस सीजन का था। कोहली की पारी के दम पर आरसीबी ने दिल्ली को 6 विकेट से हराया था। आईपीएल इतिहास में विराट कोहली एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 400 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 11 बार आईपीएल में यह कमाल किया है।

# 38 साल के हुए भारतीय कप्तान रोहित, भारत को दिए कई गौरव के पल; हिटमैन के नाम एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के लिए रोहित शर्मा ने जो कुछ किया है उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा और कमाल की बात ये है कि 38 साल के हो चुके हिटमैन का सफर अब भी जारी है और पूरे देश को उनसे काफी उम्मीदें हैं। रोहित ने ना सिर्फ अपनी बैटिंग के दम पर बल्कि बतौर कप्तान देश को कई गौरव के पल दिए जिस पर पूरा देश गर्व करता है।



**वनडे प्रारूप में सबसे बड़ा स्कोर रोहित के नाम** – रोहित इस वक्त टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में चैंपियन बनाने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वहीं रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी भारत को विजेता बनाया था। बतौर कप्तान रोहित शर्मा ने अब तक दो आईसीसी खिताब जीते हैं तो वहीं वनडे प्रारूप में सबसे बड़ा स्कोर (264 रन) आज भी हिटमैन के नाम पर ही दर्ज है। वो वनडे में तीन दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के एक मात्र बैटर हैं जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के (637) उनके नाम पर है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए रोहित के नाम पर सबसे कम गेंदों पर शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

**वनडे वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा शतक रोहित के नाम** – रोहित शर्मा वनडे वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा शतक (5) लगाने वाले दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं साथ ही वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा (7) शतक लगाने का रिकॉर्ड भी हिटमैन के नाम पर दर्ज है। आईपीएल में भी रोहित शर्मा सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं और उन्होंने मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में 5 बार चैंपियन बनाया था। खबर लिखे जाने तक रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक खेले 499 मैचों में 19,700 रन बनाए हैं और उनका औसत 42.18 का है। रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक 49 शतक लगाए हैं जबकि उन्होंने 1901 चौके और 637 चौके भी जड़े हैं।

**जयपुर में रोहित ने मनाया 38वां जन्मदिन** – रोहित शर्मा अभी आईपीएल 2025 के अगले मैच के लिए (राजस्थान के खिलाफ) जयपुर में हैं और उन्होंने अपना 38वां जन्मदिन वहीं टीम के साथ होटल में मनाया। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो केक काट रहे हैं और उनकी पत्नी रितिका भी वहीं हैं और उन्होंने रोहित को गले लगाकर विश किया। रोहित को बीसीसीआई, आरसीबी और सीएसके फ्रेंचाइजी ने भी जन्मदिन की बधाई दी।

**युवराज सिंह ने दी बधाई** –रोहित शर्मा को उनके जन्मदिन की बधाई युवराज सिंह ने एक खास वीडियो शेयर करते हुए दी और इसका कैप्शन दिया टू बेस्ट फ्रेंड। इस वीडियो में युवराज ने रोहित के बेस्ट मोमेंट को शेयर किया है जो काफी शानदार है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़; चारधाम यात्रा का हुआ श्रीगणेश



**उत्तर काशी, एजेंसी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाटोद्घघाटन के मौके पर पूरा क्षेत्र हर-हर-गंगे की जयकारों से गूंज उठा। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। विश्वा प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब निरंतर छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई। कपाटोद्घघाटन के मौके पर समूचा गंगोत्री धाम मां गंगे के जयकारो से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा के दर्शन किए। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलते ही उत्तराखंड में चार धाम यात्रा श्री गणेश हो गया है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर आतंकवाद निरोधक दस्ता, अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों की नजर रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 10 कंपनी पैरामिलिट्री, 17 कंपनी पीएसी के साथ ही 10 स्थानों पर आतंकवाद निरोधक दस्ता तैनात रहेगा। 65 स्थानों पर एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से 10 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स उपलब्ध कराई जा रही है जो जल्द ही मिल जाएंगी। वहीं पीएसी की 17 कंपनी और छह हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चारधाम यात्रा में लगाई गई है। पूरे यात्रा रूट को ड्रोन से कवर किया जाएगा। 2000 सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यात्रा रूट पर सुरक्षा और यातायात की निगरानी की जाएगी। अलग-अलग क्षेत्रों से कंट्रोल रूम में फीड आ रहा है।

### महिला संबंधी विषयों पर अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर महिलाओं एवं छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन 10 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित छात्रा संसद में देशभर से आए 300 से अधिक छात्रा प्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत की गई विस्तृत चर्चा एवून संवाद के आधार पर तैयार किया गया है। इस संसद में शिक्षाए सुरक्षाए स्वास्थ्यए स्वच्छताए आत्मरक्षाए आर्थिक सहायताए लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। उसी चर्चा के निष्कर्षस्वरूप यह ज्ञापन तैयार कर भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया हैए ताकि महिलाओं और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नीतिगत स्तर पर प्रभावी पहल की जा सके। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉण् वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहाए ष्देश की छात्राएं और महिलाएं न केवल वर्तमान भारत की रीढ़ हैंए बल्कि भविष्य के भारत की दिशा भी निर्धारित करती हैं। शिक्षा परिसरों से लेकर समाज के हर क्षेत्र में उनकी सुरक्षाए सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह 13 सूत्रीय ज्ञापन केवल मांगों की सूची नहींए बल्कि छात्राओं की ज़मीनी चुनौतियों का प्रतिबिंब और उनके समाधान का ठोस खाका है। हम अपेक्षा करते हैं कि केंद्र सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र अति शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगी।

# सैनिकों ने हर बार पाकिस्तान सेना को दिया कड़ा जवाब



**गुवाहाटी, एजेंसी।** एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रही गोलीबारी पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की सीएम ने सराहना की।उन्होंने एक्स पर लिखा कि जब भी पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, हमारे सैनिकों ने साहस के साथ उस अवसर पर खड़े होकर दुश्मन को निर्णायक रूप से पराजित किया और भारत के गौरव को कायम रखा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भारतीय सेना के साहस और जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब-जब पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, तब-तब भारतीय सैनिकों ने साहस के साथ दुश्मन को हराया और देश का गौरव बरकरार रखा। इसके अलावा उन्होंने बेबुनियाद आरोप लगाने पर कांग्रेस को भी घेरा। एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से लगातार हो रही गोलीबारी पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की सीएम ने सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत-पाकिस्तान युद्धः भारतीय वीरता और विजय की विरासत। स्वतंत्रता के बाद से भारत की बहादुर सशस्त्र सेनाएं बार-बार पाकिस्तानी आक्रमण के खिलाफ हमारे देश की संप्रभुता की रक्षा करते हुए डटकर खड़ी रही हैं। जब भी पाकिस्तान ने भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने का दुस्साहस किया, हमारे सैनिकों ने साहस के साथ उस अवसर पर खड़े होकर दुश्मन को निर्णायक रूप से पराजित किया और भारत के गौरव को कायम रखा। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच लड़े गए चार युद्ध 1947-49 का भारत-पाक युद्ध, 1965 का युद्ध, 1971 का युद्ध और 1999 के कारगिल युद्ध की जानकारी दी। सरमा ने कहा कि प्रत्येक भारत-पाक संघर्ष एक स्थायी सत्य को रेखांकित करता है। जब भी भारत को आक्रमण का सामना करना पड़ा, तब हमारे सैनिक निडर, अपराजित और अपने संकल्प में अडिग रहे। साहस और बलिदान की यह विरासत प्रत्येक भारतीय नागरिक को प्रेरित करती रहेगी। सरमा ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल सतर्क हैं और सभी परिस्थितियों में भारत की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जय हिंद। 1947-1949 के भारत-पाक युद्ध (प्रथम कश्मीर युद्ध) को लेकर उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने स्वतंत्रता के तुरंत बाद जम्मू और कश्मीर पर विश्वासघातपूर्वक आक्रमण किया, तो भारत ने त्वरित और वीरतापूर्वक जवाब दिया। हमारे सैनिकों ने श्रीनगर में ऐतिहासिक एयरलिफ्ट ऑपरेशन को अंजाम दिया, घाटी की सुरक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बना रहे। क्षेत्रों की सफलतापूर्वक रक्षा करने और नियंत्रण रेखा (एलओसी) स्थापित करने के साथ हुआ। 1965 के भारत-पाक में पाकिस्तान ने धोखे से कश्मीर में घुसपैठ करते हुए ऑपरेशन जिब्राल्टर शुरू किया और बाद में पूर्ण पैमाने पर युद्ध में तब्दील हो गया।

## बांद्रा मॉल में लगी आग का तांडव, फायर ब्रिगेड ने 22 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के उपनगरीय बांद्रा इलाके में मंगलवार की सुबह इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम वाली इमारत में भीषण आग लग गई, जिसके बाद आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ को भी बुलाना पड़ा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग में किसी के घायल होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। आग का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक मॉल में लगी भीषण आग पर 22 घंटे से अधिक समय की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बांद्रा पश्चिम में लिंकिंग रोड पर लिंक स्क्वायर मॉल के बेसमेंट में मंगलवार सुबह करीब 4.10 बजे आग लगी थी। बुधवार को दमकल कर्मियों और अन्य आपातकालीन सेवाओं की मशक्कत के बाद देर रात 1.41 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। शुरू में आग इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम तक ही सीमित थी, लेकिन जल्द ही आग ने तीन मंजिला मॉल की ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें 200 से अधिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और दुकानें हैं। मॉल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसके बाद राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) भी अभियान में शामिल हो गया। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि करीब 13 घंटे बाद दमकल विभाग ने 13 दमकल गाड़ियों और अन्य अग्निशमन वाहनों और उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। इसके बाद इसे पूरी तरह से बुझाने के प्रयास किए गए। मुंबई दमकल विभाग के प्रमुख रवींद्र अंबुलगेकर ने पहले ही घटना की जांच का एलान कर दिया है। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल सका है कि आग की वजह से लगी। उन्होंने मंगलवार को पीटीआई से कहा था कि मॉल में ज्वलनशील पदार्थ भरे हुए थे और वहां पहुंचना आसान नहीं था। अंबुलगेकर ने कहा था कि बाउंड्री की वजह से आग बुझाने में दिक्कतें आ रही थीं। जालीदार शटर की वजह से आग और धुआं एक दुकान से दूसरी दुकान में फैल रहा था।

## दुश्मन का समर्थन देशद्रोह, पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी के आरोपी की हत्या पर सिद्धारमैया का बयान

**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक के मंगलुरु में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले के प्रकाश में आते ही राज्यभर में चर्चा तेज हो गई, जिसको लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन में बोलना देशद्रोह है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पाकिस्तान के पक्ष में बोलता है या पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाता है, तो यह पूरी तरह से गलत है और इसे देशद्रोह माना जाना चाहिए। यह बयान उन्होंने मंगलूरू में एक युवक की हत्या को लेकर दिया, जिस पर कथित रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने का आरोप था। जहां सिद्धारमैया ने कहा कि मामले की जांच जारी है और अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ होगा कि किसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि युवक की भीड़ द्वारा हत्या की गई है और गिरफ्तार लोगों का दावा है कि मृतक ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। उन्होंने बताया कि अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सभी से पूछताछ की जा रही है। परमेश्वर ने कहा कि मृतक की पहचान केरल के वायनाड जिले के पुलपल्ली गांव निवासी अशरफ के रूप में हुई है। पुलिस उसके मूल और परिवार से भी संपर्क कर रही है।

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि जांच बहुत गंभीरता से की जा रही है और अगर पुलिस की ओर से कोई चूक हुई हो तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले को हल्के में नहीं ले रही है। मामला संवेदनशील होने के कारण राज्य सरकार और पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गाजियाबाद के 2,420 एकड़ में बसेगी सन सिटी, आवास-कॉम्प्लेक्स बनेंगे; डीपीआर को मिली मंजूरी

**गाजियाबाद एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सोमवार को हुई बैठक में उच्चस्तरीय समिति (हाई पावर कमेटी) ने सन सिटी की संशोधित डीपीआर को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत 2,420 एकड़ में आवास और कॉम्प्लेक्स बन सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार संशोधित डीपीआर पर आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे। फिर इसका प्रस्ताव जीडीए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने पर आगे का काम होगा। हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत सोमवार को लखनऊ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें मैसर्स सन सिटी हाईटेक इंफ्रास्ट्रेक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड की संशोधित डीपीआर पर मंथन किया गया। जीडीए अधिकारी ने बताया कि सन सिटी द्वारा प्रस्तुत संशोधित डीपीआर 2,420 एकड़ में दी गई। प्रस्ताव पर उच्च स्तरीय समिति ने सनसिटी की हाईटेक टाउनशिप परियोजना के पुनर्निर्धारित क्षेत्रफल 2420.11 एकड़ पर मंजूरी दे दी। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि उच्च स्तरीय समिति की मंजूरी के बाद अब इस संशोधित डीपीआर पर आपत्ति व सुझाव मांगे जाएंगे। जिनका निस्तारण करने के बाद यह संशोधित डीपीआर जीडीए बोर्ड बैठक में रखी जाएगी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस योजना पर आगे काम हो सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया में दो से तीन महीने तक लग सकते हैं। संशोधित डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद बिल्डर क्षेत्र में विकास कार्य शुरू कर सकेगा। इसके बाद वहां आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं आ सकेंगी। जानकार बताते हैं कि यदि संशोधित डीपीआर पर काम आगे बढ़ेगा तो कई लोगों को अपना घर मिल सकेगा। यहां भूखंड समेत ग्रुप हाउसिंग बनेंगी। साथ ही कॉमर्शियल सेंटर भी विकसित होंगे। इससे लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। हाईटेक सिटी नीति के तहत सनसिटी बसाने के लिए 4312 एकड़ जमीन पर डीपीआर स्वीकृत की गई थी, लेकिन बिल्डर किसानों से जमीन नहीं खरीद पाया। इसके बाद साल 2021 में 4312 एकड़ के बजाए 828 एकड़ जमीन पर संशोधित डीपीआर का प्रस्ताव पेश किया गया। इस जमीन में 372 एकड़ जमीन वह है, जो जीडीए द्वारा बिल्डर को अधिग्रहण और पुर्नग्रहण के जरिये मुहैया कराई गई है। इस तरह संशोधित डीपीआर के क्षेत्रफल में 46 प्रतिशत वह जमीन शामिल थी जो पुर्नग्रहण और अधिग्रहण के जरिये मिली। इसीलिए कई माह पूर्व जीडीए बोर्ड ने संशोधित डीपीआर को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। सनसिटी को मिली 372 एकड़ जमीन को कुल डीपीआर के क्षेत्रफल के अनुपात में 25 प्रतिशत लाने के लिए डीपीआर का क्षेत्रफल बढ़ाने की शर्त लगाई गई।



# कनाडा चुनाव 2025: मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी चौथी बार सत्ता मेंए बहुमत से कुछ कदम दूर



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में हुए संघीय चुनावों में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी ने लगातार चौथी बार सरकार बनाने की दिशा में सफलता प्राप्त की है। हालांकिए पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हैए फिर भी यह परिणाम उनके लिए एक महत्वपूर्ण वापसी को दर्शाता हैए विशेषकर तब जब कुछ समय पहले तक वे विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी से काफी पीछे चल रहे थे।

लिबरल पार्टी ने 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में 165 सीटों पर जीत दर्ज की हैए जबकि 4 सीटों पर आगे चल रही है। जो बहुमत के लिए आवश्यक 172 सीटों से थोड़ा कम है। इसके बावजूदए यह परिणाम पार्टी के लिए उत्साहजनक हैए क्योंकि उन्होंने ओंटारियो और क्यूबेक जैसे प्रमुख प्रांतों में मजबूत प्रदर्शन किया।

वहींए चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी हैए जिसने लगभग 140 सीटें जीती हैं और 4 सीट पर आगे चल रही है। जबकि ब्लॉक क्यूबेकॉइस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहींए न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ;एनडीपीद्ध ने छह सीट पर जीत के साथ एक पर आगे चल रही है। ग्रीन पार्टी ऑफ कनाडा को भी एक सीट पर जीत मिली है। कनाडा चुनाव में अब भी विशेष मतपत्रों की गिनती जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि पूर्ण परिणाम आज दोपहर ;स्थानीय समयानुसारद्ध तक सामने आ जाएगा। इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा विरोधी नीतियोंए जैसे कि टैरिफ और आक्रामक बयानबाजीए ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्नी ने अपने अभियान में ट्रंप की नीतियों का कड़ा विरोध किया और कनाडा की संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प लिया। ऐसे में यह चुनाव परिणाम कार्नी की मजबूत राष्ट्रवादी छवि की जीत माना जा रहा है।

## इस्राइल ने गाजा पर किया जोरदार हमला, 12 लोगों की मौत, तीन बच्चे भी शामिल

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इस्राइल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे। इस्राइली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में छापेमारी कर पत्रकार अली समौदी को गिरफ्तार किया। समौदी पहले सीएनएन और अल-जज़ीरा के लिए काम कर चुके हैं। 2022 में वे उस गोलीबारी में घायल हुए थे जिसमें पत्रकार शिरीन अबू अकलेह की मौत हुई थी। इस्राइली सेना ने आरोप लगाया कि समौदी इस्लामिक जिहाद से जुड़े हैं और उन्होंने उसके लिए पैसे भेजे, हालांकि कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया। लेबनान के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य प्रतिनिधिमंडल से इस्राइल पर दबाव डालने की अपील की है ताकि वह अब भी कब्जे में रखे गए लेबनानी कैदियों को रिहा करे और सीमा क्षेत्र से पीछे हटे। इस बैठक में अमेरिका के नए प्रतिनिधि मेजर जनरल माइकल जे. लीनी भी शामिल हुए। बता दें कि पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम खत्म होने के बाद से इस्राइल गाजा पर रोज हमले कर रहा है। मार्च की शुरुआत से ही गाजा में 20 लाख लोगों को भोजन और दवा जैसी जरूरी चीजों की आपूर्ति रोक दी गई है, ताकि हमास पर बंधकों की रिहाई को लेकर दबाव बनाया जा सके।

## छह महीने बाद धरती पर सकुशल वापस लौटे तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन में छह महीने बिताकर एक महिला सहित तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री बुधवार को सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्री कै जुझे, सोंग लिंगडोंग और वांग हाओज़े को लेकर शेनझोउ-19 चालक दल अंतरिक्ष यान का वापसी कैप्सूल उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर उतरा। जमीन पर चालक दल द्वारा एक-एक करके तीनों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया। खराब मौसम के कारण तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी वापसी में देरी होने के कारण वे मंगोलिया क्षेत्र में एक नए स्थान पर उतरे। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि मौके पर मौजूद चिकित्सा कर्मचारियों ने पुष्टि की है कि अंतरिक्ष यात्री अच्छी स्थिति में हैं। तीनों अंतरिक्ष यात्री 183 दिनों तक कक्षा में रहे। उन्होंने तीन बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की। चालक दल ने 17 दिसंबर 2024 को अपनी पहली अतिरिक्त गतिविधि के दौरान यह रिकार्ड बनाया, जो नौ घंटे तक चली। तीनों अंतरिक्ष यात्रियों को अक्टूबर में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना किया गया था। उन्होंने मंगलवार को स्टेशन का नियंत्रण नए चालक दल को सौंप दिया, जो हाल ही में उनका स्थान लेने के लिए वहां पहुंचे हैं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने नव प्रक्षेपित विध्वंसक पोत से मिसाइलों का पहला परीक्षण देखा और अपनी नौसेना की परमाणु हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रयासों में तेजी लाने का आह्वान किया।

# मेहुल चोकसी ने बेल्जियम कोर्ट में दायर की नई याचिकाए गिरफ्तारी को बताया अवैध और अन्यायपूर्ण



**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपित और भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी ने बेल्जियम की अपीलीय अदालत में एक नई याचिका दायर की हैए जिसमें उसने अपनी गिरफ्तारी को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन और प्रक्रियागत अनियमितताओं के आधार पर चुनौती दी है। अदालत ने इस मामले में फिलहाल सुनवाई स्थगित कर दी है।

चोकसी की ओर से यह याचिका उनके अधिवक्ता विजय अग्रवाल द्वारा तैयार की गई है और बेल्जियम में नियुक्त उनकी कानूनी टीम ने इसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। याचिका में दावा किया गया है कि भारतीय प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद उसकी गिरफ्तारी के दौरान बेल्जियम अधिकारियों ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया और उसे मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया। अधिवक्ता विजय अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत में कहाए श्मेरे मुवक्किल के साथ न्यायिक प्रक्रिया में न केवल लापरवाही बरती गईए बल्कि उसे उसके मौलिक अधिकारों से भी वंचित किया गया। यह गिरफ्तारी प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है।श चोकसी ने याचिका में यह भी मांग की है कि उसे तत्काल रिहा किया जाए क्योंकि उसकी गिरफ्तारी गैर.कानूनी और असंवैधानिक थी। यह नई अपील तब दायर की गई है जब कुछ ही दिन पहले बेल्जियम की एक अदालत ने 13ए500 करोड़ रुपये के पीएनबी धोखाधड़ी मामले में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उस समय अदालत ने तीन जजों की पीठ के सामने डच भाषा में दलीलें सुनी थीं। उल्लेखनीय है कि बेल्जियम में इसी माह की शुरुआत में मेहुल चोकसी को भारतीय अधिकारियों के आधिकारिक प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद गिरफ्तार किया गया था। अदालत की अगली सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129